वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2011-12

बिक्री और सेवा उत्कृष्टता से
श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन

A winning performance
through sales and service excellence



BARODA next
STATE-OF-THE-ART. STRAIGHT FROM THE HEART.
www.bankofbaroda.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

निदेशक मंडल / Board of Directors

बायें से दायें - श्री आलोक निगम, श्री विनिल कुमार सक्सेना, श्री सुरेन्द्र सिंह भंडारी, श्री सत्यदेव त्रिपाठी,
डॉ. (श्रीमती) मसर्रत शाहिद, श्री राजीव शेखर साहू, श्री आर.के. बक्षी - कार्यकारी निदेशक,
श्री एम.डी.मल्या - अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री एन.एस.श्रीनाथ - कार्यकारी निदेशक,
श्री मौलिन ए. वैष्णव, श्री अजय माथुर, श्री सुदर्शन सेन, श्री वी. बी. चव्हाण

Left to Right: Shri Alok Nigam, Shri Vinil Kumar Saxena, Shri Surendra Singh Bhandari, Shri Satya Dev Tripathi,
Dr. (Smt) Masarrat Shahid, Shri Rajib Sekhar Sahoo, Shri R.K. Bakshi - Executive Director,
Shri M.D. Mallya - Chairman & Managing Director, Shri N.S. Srinath - Executive Director,
Shri Maulin A. Vaishnav, Shri Ajay Mathur, Shri Sudarshan Sen, Shri V. B. Chavan

महाप्रबंधक / General Managers

एन. रमणी	N. RAMANI
ए. के. गुप्ता	A. K. GUPTA
आर. के. बंसल	R. K. BANSAL
सिरिल पात्रो	CYRIL PATRO
बी. बी. गर्ग	B. B. GARG
जे. रमेश	J. RAMESH
वि. एच. थत्ते	V. H. THATTE
एस. के. दास	S. K. DAS
सी. डी. कालकर	C. D. KALKAR
सुभाष सी. आहुजा	SUBHASH C. AHUJA
उल्हास पी. सांगेकर	ULHAS P. SANGEKAR
आर. एस. सेतिया	R. S. SETIA
अरुण तिवारी	ARUN TIWARI
एस. कल्याणरमण	S. KALYANRAMAN
अनिमेष चौहान	ANIMESH CHAUHAN
के. एन. मानवी	K. N. MANVI
टी. एन. अदिनाथन	T. N. ATHINATHAN
के. डी. लाम्बा	K. D. LAMBA
मोहर सिंह	MOHAR SINGH
पी. के. गुप्ता	P. K. GUPTA
के. के. शुक्ला	K. K. SHUKLA
अरुण श्रीवास्तव	ARUN SHRIVASTAVA
आर. पी. मराठे	R. P. MARATHE
राजेश महाजन	RAJESH MAHAJAN
जे. डी. परमार	J. D. PARMAR
पी. डी. सिंह	P. D. SINGH
आर. एस. अभ्यंकर	R. S. ABHYANKAR
आर. कोटीश्वरन	R. KOTEESWARAN
डी. के. गर्ग	D. K. GARG
वी. के. गुप्ता	V. K. GUPTA
आर. के. सिन्हा	R. K. SINHA
के. वेंकट रामामूर्ति	K VENKATA RAMA MOORTHY
के. पी. खरात	K. P. KHARAT
यू. के. बीजापुर	U. K. BIJAPUR
निर्मेष कुमार	NIRMESH KUMAR

मुख्य सतर्कता अधिकारी- रिक्त	CHIEF VIGILANCE OFFICER - VACANT
डॉ. (श्रीमती) रूपा नित्सुरे - मुख्य अर्थशास्त्री	DR. (SMT.) RUPA NITSURE - CHIEF ECONOMIST

लेखा परीक्षक / Auditors

कृते खिमजी कुंवरजी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Khimji Kunverji & Co
Chartered Accountants

कृते ब्रह्मय्या एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Brahmayya & Co.
Chartered Accountants

कृते रे एण्ड रे
सनदी लेखाकार

For Ray & Ray
Chartered Accountants

कृते एस के. मित्तल एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For S. K. Mittal & Co.
Chartered Accountants

कृते एन.बी.एस. एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For N. B. S. & Co.
Chartered Accountants

कृते लक्ष्मीनिवास नीथ एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Laxminiwas Neeth & Co.
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय

बड़ौदा हाऊस, माण्डवी, वड़ोदरा 390 006.

Head Office

Baroda House, Mandvi, Vadodara 390 006.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर

सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.), मुंबई 400 051.

Baroda Corporate Centre

C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग

प्रथम तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

Investor Services Department

1st Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट

मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा. लि. प्लाट नं. 17-24, विट्ठलराव नगर, इमेज अस्पताल के पास, माधापुर, हैदराबाद 500 081.

Registrars & Transfer Agent

M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd. Plot No. 17-24, Vithalrao Nagar, Nr Image Hospital, Madhapur, Hyderabad 500 081.

विषय सूची / Contents

	पृष्ठ
अध्यक्षीय वक्तव्य	01
नोटिस	12
निदेशकों की रिपोर्ट	16
कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	84
कार्पोरेट गवर्नेंस में पर्यावरण सुरक्षा	124
बासेल II पिलर 3 प्रकटीकरण	125
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	140
परिभाषाएं	142
तुलन-पत्र	144
लाभ-हानि लेखा	145
नकदी-प्रवाह विवरणी	191
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	193
समेकित वित्तीय विवरणियां	196
प्रॉक्सी फार्म / उपस्थिति पर्ची / ईसीएस	

	Page
Chairman's Statement	07
Notice	12
Directors' Report	51
Report on Corporate Governance	84
Green Initiative in Corporate Governance	124
Basel II Pillar 3 disclosures	125
Key Financial Indicators	140
Definitions	142
Balance Sheet	144
Profit & Loss Account	145
Statement of Cash Flow	191
Auditors' Report	193
Consolidated Financial Statements	196
Proxy Form / Attendance Slip / ECS	

अध्यक्षीय वक्तव्य

"चुनौतीपूर्ण दौर में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन"

एम. डी. मल्या
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

प्रिय हितधारक,

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष 2011-12 (वित्तीय वर्ष - 12) में हमने लगातार चौथे वर्ष, वैश्विक वित्तीय संकट के बावजूद रिकार्ड आय और लाभ प्राप्त किया. आपके बैंक के कार्यनिष्पादन ने आर्थिक उतार-चढ़ावों के परिप्रेक्ष्य में अपने व्यावसायिक मॉडल और कार्यनीतियों की वास्तविकता को सिद्ध किया. मुझे 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वक्तव्य आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए अपार खुशी हो रही है.

सर्वप्रथम व्यवसाय परिवेश की समीक्षा करना उचित है. इसी परिवेश में विचाराधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने कार्य किया.

आर्थिक समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2012 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण रहा. दो वर्षों में 8.4% की शानदार वृद्धि के पश्चात केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन, भारत सरकार के अनुसार भारत की जीडीपी विकास दर 6.9% होने का अनुमान है. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान जहां कृषि और सेवा क्षेत्रों ने बेहतर विकास की गति को बनाए रखा, वहीं औद्योगिक क्षेत्र में तेज गिरावट आई जिसका कारण खनन एवं विनिर्माण क्षेत्रों का संकुचित होना था. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान विभिन्न संरचना उद्योगों, विशेषकर सिमेन्ट और थर्मल पावर क्षेत्रों में क्षमता उपयोग दरों में पर्याप्त कमी आई.

मुद्रास्फीति के दबावों की प्रतिक्रिया में वर्ष के अधिकांश हिस्से में भारतीय रिज़र्व बैंक की आर्थिक सख्ती पूरे जोर-शोर से जारी रही. हैडलाइन (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति पूरे वर्ष 8.8% के आस-पास रही. धीरे-धीरे मुद्रास्फीति के उच्च स्तर ने विकास की गति को धीमा किया.

वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान पूंजी आवक में आई तेजी के पश्चात बढ़ती वैश्विक जोखिम विमुखता और कुछेक घरेलू चिन्ताओं ने पूंजी के प्रवाह को कम किया. उदाहरण के लिए पोर्टफोलियो इनफ्लो वित्तीय वर्ष 2011 के 32.2 बिलियन यूएसडालर से घटकर वित्तीय वर्ष 2012 में 18.9 बिलियन यूएसडालर रह गया. वर्ष 2011 के दौरान प्रमुख एशियाई मुद्राओं में रुपए का सर्वाधिक ह्रास हुआ. इसका आंशिक कारण भारत का व्यापक चालू खाता घाटा और मुख्य कारण कच्चे तेल के दामों में हुई भारी वृद्धि था. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सितम्बर 2011 के प्रारंभ में विद्यमान 321 बिलियन यूएसडालर के उच्च स्तर से घटकर मार्च 2012 की समाप्ति पर 295 बिलियन यूएसडालर रह गया.

जहां अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के गैर खाद्य ऋण की मांग, विशेषकर मीयादी ऋणों की, वित्तीय वर्ष 2012 के अधिकांश समय में शिथिलता बनी रही, वहीं वित्तीय वर्ष 2012 की चौथी तिमाही में जमा वृद्धि में भी गिरावट आई जिनका असर नकदी की तंगी के रूप में दिखाई दिया. नीति दरों में 375 आधार अंकों की बढ़ोतरी के पश्चात भारतीय रिज़र्व बैंक ने विकास के जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से दिसम्बर 2011 में सुधारात्मक कदम उठाए.

अस्थिर आर्थिक परिवेश, आस्ति गुणवत्ता संबंधी बढ़ते दबाव और घटती पूंजी पर्याप्तता के कारण बहुत से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने वाणिज्यिक ऋण के मुकाबले सरकारी प्रतिभूतियों को तरजीह दी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान ईंधन सब्सिडी और रोजगार सृजन योजनाओं के कारण भारत का राजकोषीय घाटा बढ़कर जीडीपी का 5.9% हो गया जो 4.6% के लक्षित स्तर से काफी अधिक है.

संक्षेप में, वित्तीय वर्ष 2012 बहुत से बाह्य एवं आन्तरिक आर्थिक मसलों के परिप्रेक्ष्य में याद रखा जाएगा जिन्होंने सामान्य रूप से स्थानीय व्यवसायियों और विशेष रूप से बैंकिंग क्षेत्र को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्तीय वर्ष 2012 में अपने ब्रान्ड को पुनः प्रमाणित किया

चुनौतीपूर्ण परिवेश के बावजूद आपका बैंक मौजूदा परिवेश में अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में सफल रहा और इसने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान अपनी गुणात्मक सर्वोच्चता बनाए रखी.

आपके बैंक ने अपने वैश्विक कारोबार में 25.9% की सुदृढ़ विकास दर दर्ज की, जो बैंकिंग उद्योग के औसत कार्यनिष्पादन से काफी अधिक है. अपनी शुद्ध ब्याज आय में 17.2% की स्वस्थ वृद्धि के बल पर बैंक ने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर प्रतिकूल दबावों के बावजूद 18.0% की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की.

आपके बैंक का औसत आस्तियों पर प्रतिफल 1.24%, पूंजी पर्याप्तता स्तर 14.67% और इक्विटी पर प्रतिफल 19.04% रहा जिसने आपके बैंक की सुदृढ़ आर्थिक स्थिति को पुनः प्रमाणित किया.

इसके अलावा, वर्ष 2012 के दौरान अपने सकल एनपीए अनुपात को 1.53% पर और शुद्ध एनपीए अनुपात को 0.54% पर नियंत्रित करके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन में अपनी मजबूती को पुनः सिद्ध किया. यह भारत में बड़े आकार वाले बैंकों में सबसे कम है.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान कार्यनीति संबंधी पहलें

अपनी व्यावसायिक आधारशिला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान कई कार्यनीति संबंधी पहलों की शुरूआत की.

डाटा सेंटर को बैंक के स्वयं के परिसर में सफलतापूर्वक स्थापित करने के पश्चात आपके बैंक ने बाधारहित बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए वर्ष के दौरान अपने आपदा राहत केंद्र का विस्तार किया. आपके बैंक ने विन्डोज सर्वर वर्चुलाइजेशन, डेस्कटॉप वर्चुलाइजेशन और बैक अप कन्सालीडेशन जैसे प्रौद्योगिकी से संबंधित नवोन्मेषी प्रयासों का शुभारंभ किया है. इन्हें ग्रीन इनिशियेटिव के रूप में एवं डाटा सेंटर की कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिए प्रारंभ किया गया है. इसके अलावा, आपके बैंक के व्यापक नेटवर्क को डिमाण्ड अपग्रेड तथा अपटाइम सुधार हेतु मल्टी प्रोटोकॉल लेवल स्विचिंग पर आधारित नयी टेक्नालॉजी में माइग्रेट किया गया है. इंटरप्राइज प्रबंधन प्रणाली को भी अपग्रेड किया गया है तथा बैंक के बढ़ते आइटी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मानीटर करने तथा प्रभावशाली ढंग से व्यवस्था करने के लिए नये मॉडयूल्स उपयोग में लाये गये हैं.

अपने ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक इंटरनेट बैंकिंग अनुभव उपलब्ध कराने के लिए, आपके बैंक ने संवर्धित गुणों से युक्त उन्नत वर्सन की कोर बैंकिंग प्रणाली में माइग्रेशन किया है. इसके अलावा, कई नये माडयूल्स जैसे अचल आस्तियों का रखरखाव, सेल्स ट्रैकर माडयूल, केन्द्रीकृत सेवा कर, बैंक रियलाइजेशन सर्टीफिकेट (इबीआरसी) माडयूल, खाता संख्या पोर्टेबिलिटी तथा नयी पेंशन योजना के लिए वर्क फ्लो आटोमेशन, स्वावलंबन, को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कार्यान्वित किया गया. आरटीजीएस एवं एनईएफटी के माध्यम से इंटर बैंक धनप्रेषण के लिए आपके बैंक की कोर बैंकिंग की सभी शाखाओं को सक्षम किया गया तथा इन्हें आपके बैंक के इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल के साथ जोड़ दिया गया.

आपके बैंक ने अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों के अंतर्गत और सुविधाएं देने के कार्य को जारी रखा. इंटरनेट बैंकिंग - बड़ौदा कनेक्ट - अब तीव्रता के साथ स्वयं, अन्य व्यक्ति को (बैंक के भीतर) और अंतर बैंक धन अंतरण की सुरक्षित सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक के इंटरनेट पोर्टल में एसएमएस अलर्ट, आरटीजीएस / एनईएफटी संव्यवहार की सुविधा भी दी गई है. प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) तथा अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) ऑनलाइन अंशदान हेतु बड़ौदा कनेक्ट में एएसबीए (ब्लाक्ड राशि के साथ आवेदन) सुविधा भी है ताकि इक्विटी शेयरों में आवेदन करने में सुविधा हो.

आपके बैंक ने मोबाइल बैंकिंग चैनल में बड़ौदा एम कनेक्ट के माध्यम से - खाता शेष की जानकारी, निजी खाता विवरण, कई खातों को एक साथ जोड़ना, निधि अंतरण, बिलों का भुगतान, टिकट बुकिंग, शॉपिंग, फीड बैक / शिकायतें आदि जैसी कई और सुविधाएं प्रदान की हैं.

31 मार्च 2012 तक आपके बैंक का एटीएम नेटवर्क 2012 तक पहुंच गया. एटीएम स्विच सात इंटरचेंजों अर्थात् नेशनल स्विच एनएफएस (एनपीसीआई), वीसा, मास्टरकार्ड, सीवीयूएई (यूएई), सीवीओमान (ओमान), लिंक (टीएनटी), पे मार्क (न्यूजीलैंड) के साथ, एटीएन के माध्यम से डिलीवरी पाइंट बढ़ाकर ग्राहकों को सुविधा देने हेतु जोड़ा गया है. केन्द्रीकृत डिपोजिटरी एप्लीकेशन के साथ, आपके बैंक की शाखाएं एनएसडीएल और सीएसडीएस दोनों की सुविधाएं देने में सक्षम हैं. आनलाइन ट्रेडिंग प्रणाली से आपका बैंक, इक्विटी, म्यूचुअल फंड, बांड और प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम में (आईपीओ) जैसे लिखतों में ट्रेडिंग के लिए अपने ग्राहकों समस्त सेवाएं ऑनलाइन देने में सक्षम है.

इसके अलावा, आपके बैंक ने आईटी से संबंधित कई नवोन्मेषी कार्य जैसे इंटरनेट पेमेंट गेटवे, डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड से संबंधित भुगतान गेटवे सेवाएं, नकदी प्रबंधन प्रणाली जिसमें प्राप्ति प्रबंधन (कलेक्शन) जैसी सुविधाएं हैं एवं इन्वाइस प्रबंधन (प्राप्य और भुगतान प्रबंधन), भुगतान संदेश सोल्यूशन (पीएमएस) (20 विदेशी टेरीटरीज और भारत की सभी प्राधिकृत शाखाओं में क्रियान्वित की गई) ग्रिड आधारित चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस), (एनसीआर, नई दिल्ली; चेन्नै, कोयम्बतूर, बैंगलोर में कार्यान्वित) और मुंबई में आटोमेटेड चेक प्रोसेसिंग सेंटर (आवक जावक) कार्यान्वित किये हैं.

आपके बैंक ने कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार करने के उद्देश्य से तथा तीव्रता से निर्णय करने, पदोन्नति और चयन प्रक्रिया तथा अन्य मानव संसाधन प्रक्रिया के लिए कर्मचारियों हेतु मानव संसाधन नेटवर्किंग सेवाएं कार्यान्वित की हैं.

इसके अलावा आपके बैंक ने लचीली और कार्योपयोगी सूचनाओं के आपसी आदान प्रदान के स्रोत, ग्राहकों के बारे में बेहतर जानकारी के लिए ग्राहक रिलेशनशिप प्रबंधन तथा सभी चैनलों में एक समान ग्राहक विचार के लिए डाटा वेयर हाउस बनाने के लिए कदम उठाये हैं.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने खुदरा बैंकिंग के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाये हैं. बैंक ने बड़ौदा फर्स्ट सेविंग बैंक और बड़ौदा फर्स्ट रेगुलर डिपोजिट जैसे दो उत्पादों को यूलिप और टर्म बीमा योजना के साथ संयुक्त करके बड़ौदा फर्स्ट हेल्थ पैक का शुभारंभ किया है.

कृषकों, स्वनियोजित व्यक्तियों एवं व्यावसायिकों के लिए विशेषरूप से बड़ौदा समृद्धि तिमाही आवर्ती जमा और बड़ौदा समृद्धि छमाही आवर्ती जमा योजनाएं तैयार की गई.

163 बड़ौदा नवनिर्माण शाखाओं (बिजनेस प्रोसेस रिइंजीनियरिंग में आपके बैंक का प्रोजेक्ट) में सेल्स आपरेटिंग माडयूल का शुभारंभ किया गया जिससे बिक्री एवं सेवा संस्कृति विकसित हो और वर्तमान / नये लाभदायक ग्राहकों के डाटा माइनिंग से तथा सेल्स कन्वर्सेशन और सेवा अनुरोध के माध्यम से बिजनेस लीड्स प्राप्त किए जा सके.

बचत बैंक जमाराशियों के संग्रहण में वृद्धि लाने हेतु बढ़ती हुई ब्याज दरों की कड़ी चुनौती के माहौल में आपके बैंक ने कई बचत बैंक अभियान चलाये. इसमें कार्यनिष्पादन करने वाले स्टाफ सदस्यों हेतु प्रोत्साहन का समावेश किया गया. इसमें अवार्ड जीतने वाली शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए सीएमडी के साथ शाम और पिकनिक विद स्टाफ कार्यक्रमों का आयोजन शामिल था.

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अपने खुदरा ऋण को बढ़ाने के लिए विशेष रूप से आवास ऋण एवं कार ऋण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कई खुदरा ऋण अभियान चलाये. आपके बैंक ने -9- सिटी सेल्स ऑफिस शुरू किये. इनमें से हल्द्वानी, रायबरेली, फैजाबाद, रायपुर, भोपाल, इंदौर, बेंगलूरु, गाजियाबाद और राजकोट शामिल हैं. इस ऋण मॉडल की सफलता को देखते हुए हल्द्वानी, देहरादून और नासिक में -3- नयी रिटेल लोन फैक्ट्रियों का शुभारंभ वित्त वर्ष 2012 में किया गया.

अल्प आय वर्ग में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने की विशिष्ट योजना बनाने हेतु कारोबार नीति को नये रूप में तैयार करने की आवश्यकता को समझते हुए और इसे कारोबार अवसर एवं कार्पोरेट सामाजिक दायित्व मानते हुए, आपके बैंक ने उपलब्ध संसाधनों जैसे टेक्नॉलॉजी, व्यवसाय कौशल आदि का उपयोग करते हुए समीक्षाधीन वर्ष में वित्तीय समावेशन के उद्देश्य का आगे बढ़ाने हेतु ठोस कदम उठाये. वित्तीय समावेशन डाटा तथा संव्यवहार को बैंक के डाटा सेंटर में सेवा प्रदाता के वित्तीय समावेशन सर्वर / गेटवे के माध्यम से सीबीएस में एकीकृत किया गया. आपके बैंक ने लिंक शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को उनके खातों को सीबीएस में अपलोड करने बाद और केवाईसी सत्यापन के बाद स्मार्ट कार्ड जारी किए.

आपके बैंक के अपने अधिकारियों के लिए वित्तीय समावेशन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संयोजन एवं आयोजन करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद के साथ व्यवस्था की है. वित्तीय समावेशन के कार्य में तेजी लाने के लिए आपके बैंक ने सीडीएमए तकनीक के माध्यम से सीबीएस कनेक्टिविटी युक्त मोबाइल बैंकिंग वैनों की शुरूआत की है. इस प्रकार की पांच वेन (1 गुजरात में, 2 उत्तरप्रदेश में, 1 बिहार में तथा 1 गोवा में) चल रही हैं जोकि 41 गांवों में सेवाएं प्रदान कर रही हैं. आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन परियोजना के अंतर्गत आबंटित शत प्रतिशत गांवों को कवर कर लिया है. इन गांवों में 7.61 लाख से अधिक वित्तीय समावेशन खाते खोले गए जबकि लक्ष्य 7.10 लाख का था.

ग्रामीण भारत की कृषि ऋण मांग तथा अन्य वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से बैंक का पर्याप्त योगदान सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने ग्रामीण एवं कृषि ऋण के अंतर्गत वर्ष के दौरान विभिन्न उत्पाद डिजाइन किए तथा व्यवसाय नीति तैयार की. बैंक ने कृषि ऋण बढ़ाने के लिए भारत भर में 450 थर्स्ट शाखाओं का चयन किया है. कृषि ऋण बढ़ाने के उद्देश्य से -22- क्षेत्र विशेष योजनाएं तैयार की गईं.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए तथा उनके लिए स्वरोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए अपेक्षित ज्ञान एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु 10 और बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान खोले. इस प्रकार बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थानों की संख्या बढ़कर 46 हो गई. इस प्रकार बैंक के प्रत्येक अग्रणी जिले में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक आर-सेटी (R-SETI) है. इसके अलावा अजमेर स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान को केवल महिला उद्यमियों के लिए विकसित किया गया है. वित्तीय वर्ष 12 के दौरान 42786 युवा लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें से 25791 ने अपना स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर लिया है. इन केंद्रों द्वारा अब तक प्रशिक्षित कुल 122228 लाभार्थियों में से 75050 ने स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर लिए हैं. आपके बैंक ने समीक्षा वर्ष के दौरान 21 नए वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी), खोले जिन्हें 'सारथी' नाम दिया है, इस प्रकार 31 मार्च 2012 को वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्रों की संख्या 39 हो गई है.

सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम (एमएसएमई) विश्व के अन्य देशों की भांति भारत में आर्थिक विकास और रोजगार का प्रमुख स्रोत हैं. आपके बैंक ने समीक्षा वर्ष के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम व्यवसाय के तहत कई नवोन्मेषी प्रयास किए हैं. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान दस नई एसएमई लोन फैक्ट्रियां तथा आठ नई विशिष्ट एसएमई शाखाएं खोलीं. इसके अलावा आपके बैंक ने स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए पांच नये ग्राहकोन्मुख क्षेत्र विशेष उत्पाद प्रारंभ किए. बैंक ने प्रयोगात्मक आधार पर एक नए आस्ति उत्पाद 'बड़ौदा चैनल फाइनांसिंग' की शुरूआत की.

आपके बैंक ने हैदराबाद, अहमदाबाद तथा जयपुर में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा उद्यमियों के लिए आयोजित "मैनेजमेंट स्किल्स टू सोर्स फाइनांसिंग एण्ड मैनेजमेंट ऑफ़ टेक्नॉलॉजी बाय एसएमई" विषय पर कार्यशाला प्रायोजित की. आपके बैंक ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों हेतु बड़ौदा उद्यमी पुरस्कार भी शुरू किये.

इसके अलावा आपके बैंक ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए क्रेडिट गारंटी फण्ड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) योजना के संदर्भ में बैंक के एसएमई उत्पादों तथा बार बार पूछे जानेवाले प्रश्न संबंधी जानकारी को शामिल करते हुए "प्रैक्टिकल गाइड टू बिकमिंग एन इन्टरप्रन्योर" नामक पुस्तिका भी जारी की है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान एसएमई खातों की रेटिंग हेतु चार अलग - अलग रेटिंग एजेन्सियों के साथ समझौता करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

वित्तीय वर्ष 12 में व्यावसायिक एवं वित्तीय उपलब्धियां

जैसा कि पूर्व में बताया गया है कि आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान कठिन आर्थिक दौर के बावजूद उत्साहवर्धक परिणाम दिए हैं. पिछले तीन वर्षों की भांति व्यवसाय की दृष्टि से आपके बैंक का कार्यनिष्पादन बैंकिंग उद्योग के औसत कार्यनिष्पादन से काफी बेहतर रहा.

आपके बैंक का वैश्विक कारोबार वित्तीय वर्ष 12 के दौरान 25.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज करते हुए 6,72,248 करोड़ रु के स्तर पर पहुंच गया. बैंक के भारतीय परिचालन में जमाओं तथा अग्रिमों

में क्रमशः 20.1% तथा 19.3% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई. आपके बैंक की घरेलू कम लागत अर्थात् कासा जमाओं में खुदरा आवधिक जमाओं की अधिक ब्याज दर के बावजूद 15.9% (वर्ष-दर-वर्ष) की दर से वृद्धि हुई तथा वित्तीय वर्ष 12 में कुल घरेलू जमाओं में इनका अंश 33.2% रहा.

आपके बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों में भी वित्तीय वर्ष 12 के दौरान 19.5% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा ये समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 43.37% रहे जो कि 40.00% के अनिवार्य लक्ष्य से भी अधिक था. आपके बैंक ने अपने एसएमई ऋणों में 26.1%, कृषि ऋणों में 18.4%, प्रत्यक्ष कृषि ऋणों में 24.9% तथा खुदरा ऋणों में 10.0% की वृद्धि दर्ज की जोकि विद्यमान प्रणाली में उपलब्ध संभावनाओं को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित वृद्धि को दर्शाती है.

वित्तीय वर्ष 12 के दौरान आपके बैंक की विदेशी शाखाओं के कुल कारोबार में 44.6% की आशातीत वृद्धि हुई. विदेशी परिचालनों में आपके बैंक की ग्राहक जमाओं में 40.4%, कुल जमाओं में 45.2% तथा अग्रिमों में 43.9% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई. सुदृढ़ तथा उद्योग की औसत वृद्धि दर से अधिक वृद्धि तथा बेहतर शुल्क आधारित आय के फलस्वरूप आपके बैंक के विदेशी परिचालनों के सकल लाभ में 48.5% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई.

उल्लेखनीय है कि बैंक के वैश्विक कारोबार में विदेशी कारोबार का अंश 28.3% रहा. सकल लाभ में इसकी हिस्सेदारी 20.7% तथा कोर शुल्क आय में हिस्सेदारी 34.0% रही. इसके अलावा बैंक के विदेशी परिचालन से बैंक की कुल आस्तियां रु 91,273 करोड़ से बढ़कर 1,28,398 करोड़ हो गई. इस प्रकार वित्तीय वर्ष 12 के दौरान इनमें 40.7% की वृद्धि दर्ज की गई.

समूचे बैंक का सकल लाभ 23.6% की उल्लेखनीय वृद्धि दर के साथ बढ़कर रु 8630.37 करोड़ हो गया. बढ़े हुए प्रावधानों के बावजूद शुद्ध ब्याज मार्जिन में सतत प्रगति, गैर ब्याज आय में अच्छी वृद्धि तथा परिचालन खर्चों में नियंत्रित वृद्धि से आपके बैंक का शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2012 में 18.0% (वर्ष दर वर्ष) बढ़कर रुपये 5,007 करोड़ हो गया, जो कि बाजार की अपेक्षाओं से अधिक था. जहां शुद्ध ब्याज आय में 17.2% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई है, वहीं अन्य आय (या गैर-ब्याज आय) में 21.8% (वर्ष-दर-वर्ष) हुई, जो मुख्य रूप से प्रभावी ट्रेजरी अर्जन एवं बट्टाकृत खातों में भारी वसूली से प्राप्त हुई.

लगातार की गिरावट की प्रवृत्ति के बावजूद आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2012 तक बैंकिंग जगत में एक उत्कृष्ट आस्ति गुणवत्ता बनाए रख सका. अपने पूर्व के रिकार्ड के अनुरूप आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2012 में अपने सकल एनपीए का 1.53 तक तथा शुद्ध एनपीए को 0.54% तक सीमित रख पाने में सफल हुआ. बैंक का ऋण हानि कवरेज अनुपात (तकनीकी बट्टाकृत सहित) भी 31 मार्च 2012 को 80.05 % के उच्च स्तर पर रहा.

शेयरधारक प्रतिफल और तरलता अनुपात के मामले में आपके बैंक ने अपने बाजार मार्गदर्शन की तुलना में अच्छा कार्य किया और औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) 1.24% रहा. प्रतिशेयर अर्जन (ईपीएस) रु 127.84 एवं प्रतिशेयर बही मूल्य (बीवीपीएस) रु 637.37 रहा. इतना ही नहीं, आपके बैंक का लागत - आय अनुपात गतवर्ष के 39.87% के स्तर से तीव्र गिरावट के साथ 37.55% रहा, जो उसके निरंतर बढ़ते हुए अर्जन-प्रोफाइल और परिचालनगत व्ययों पर विवेकपूर्ण नियंत्रण प्रतिबिंबित करता है. 31 मार्च 2012 को आपके बैंक का बासेल II के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.67% के सुदृढ़ स्तर पर रहा, जिसमें 10.83% टियर - I पूंजी अनुपात शामिल है., यह बैंकिंग जगत में सर्वाधिक है.

भावी योजनाएं

जहां वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की प्रगति अपेक्षाकृत कुछ अधिक रही, अस्थिर वैश्विक परिदृश्य एवं घरेलू नीतियों सहित विविध घटकों ने निवेशों पर दबाव डाला. मुद्रास्फीति में अनुकूल सांख्यिकीय आधार के कारण मंदी शुरू हुई जिससे उधार - दरों में हल्की सी गिरावट आयी. वित्तीय वर्ष 13 के लिए विकास दर 7% से 7.3% होने का अनुमान विविध एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है, जहां नीतिगत मोर्चे पर धीमी प्रगति का जोखिम रहेगा, उच्च एवं अस्थिर मुद्रास्फीति तथा वैश्विक स्थिति भी गिरावट की ओर प्रवृत्त रहेगी.

वित्तीय वर्ष 13 के दौरान आपके बैंक की समग्र व्यावसायिक कार्यनीति उभरते हुए माइक्रो आर्थिक परिवेश के दृष्टिगत रहेगी, आपका बैंक अपने अच्छे पूंजीकृत तुलनपत्र एवं शानदार व्यवसाय मॉडल से निःसंदेह आनेवाले वर्षों में अपने सतत कार्यनिष्पादन को बनाए रखेगा.

वित्तीय वर्ष 13 के दौरान आपका बैंक अपने भौगोलिक एवं रणनीतिक लाभों तथा पूंजी की शक्ति की बल पर अपनी जमाराशियों एवं अग्रिमों, दोनों मामलों में बाजार में अपना हिस्सा बढ़ाना जारी रखेगा. पूर्व की भांति, आपका बैंक घरेलू कासा जमाराशियों में उच्च वृद्धि को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित करेगा. आपका बैंक निम्न एनपीए अनुपात के दृष्टि से अपनी आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा. वर्ष प्रति वर्ष बेहतर प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखने की आपके बैंक की नीति किसी भी प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों का पूरी शक्ति के साथ सामना करने में सहायक होगी.

यह नोट कर लिया जाए कि ऋण संविभाग की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने व इसमें सुधार करने के लिए आपके बैंक ने प्रभावी व्यवस्था की है ताकि खातों की यथाशीघ्र समीक्षा, नियम व शर्तों का अनुपालन व उच्च मूल्य के अग्रिम खातों में ऋण की रेटिंग को बढ़ाया जा सके.

अपनी उच्च लाभप्रदता को बनाए रखते हुए, आपका बैंक आनेवाले वर्षों में भी पर्याप्त उच्च सीआरएआर व टियर - I का अनुपात बनाए रखना जारी रखेगा. चूंकि आपका बैंक सामान्य इक्विटी जिसमें 31 मार्च 2012 को लगभग 93% टियर - I पूंजी सम्मिलित है, के साथ बेहतर पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए हुए है. इसलिए इसका बेसल - III में रूपांतरित होना अत्यधिक सरल होगा.

मानव संसाधन कार्य-नीति, व्यवसाय रूपांतरण के समग्र प्रयासों में आपके बैंक का प्रमुख घटक है. आपके बैंक के पास पहले ही सक्षम एवं अत्यधिक प्रोत्साहित कर्मचारियों का आधार है, फिर भी इसने मणिपाल ग्लोबल एज्यूकेशन सर्विसेस के साथ बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ़ बैंकिंग के रूप में एक नवोन्मेषी शुरूआत की है, जिससे यह अपेक्षा है कि वह आपके बैंक को प्रशिक्षित अधिकारी उपलब्ध करा पाएगा, जिन्हें बैंक की आवश्यकतानुसार पदस्थापित किया जाएगा.

वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने वर्तमान मानव चैनल संबंधी प्रक्रियाओं, संरचना व नीतियों को प्रौद्योगिकी आधारित व्यवसाय रूपांतरण के अनुरूप नया स्वरूप प्रदान करने हेतु कुछ कदम उठाए हैं. मानव संसाधन रूपांतरण पर केंद्रित **'स्पर्श'** परियोजना इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शुरू की गई है. आपके बैंक द्वारा उठाए गए विभिन्न कदम जैसे - प्रतिभा प्रबंधन, उत्तराधिकार योजना, एक वैज्ञानिक स्टाफिंग मॉडल व श्रमशक्ति योजना का निर्माण, विकास व सक्षमता निर्माण तथा कार्यनिष्पादन प्रबंधन आपके बैंक को आगे ले जाने में तथा कड़ी व्यावसायिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने में अत्यधिक सकारात्मक परिणाम देंगे.

आज बैंकिंग सेवा प्रदाताओं में प्रमुख अंतर ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का है. आपके बैंक के विश्वभर में 45 मिलियन से अधिक ग्राहक है. आपका बैंक सभी डिलवरी चैनलों के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीक के अधिकतम उपयोग द्वारा ग्राहक संतोष को बढ़ाने हेतु निरंतर कोशिश कर रहा है. यह विभिन्न ग्राहकों को अलग अलग किस्म की आवश्यकताओं के सर्वथा अनुकूल ई उत्पादों व वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के माध्यम से सेवा प्रदान करने हेतु प्रयासरत है. ग्राहकों के विभिन्न हितों और अपेक्षा का ध्यान विभिन्न प्रक्रिया एवं कार्य-विधियों में सुधार करके भी रखा जाएगा.

बैंक के कार्पोरेट लक्ष्य एवं कार्य-नीति

आपके बैंक ने वर्ष 13 के लिए - "उच्च उत्पादकता, दक्षता और लाभप्रदता के साथ व्यवसाय विकास" अपना उद्देश्य रखा है.

आपके बैंक ने स्थापना दिवस 20 जुलाई 2011 के अवसर पर "सिग्नेचर टयून" का शुभारंभ कर सोनिक मीडियम में अपने ब्रांड की शुरूआत की. इसका मूल प्रयोजन बैंक की भावना को उत्साह के साथ एक गतिशील उर्जावान संगठन के रूप में लोगो से तालमेल रखते हुए प्रतिष्ठित करना था. बैंक, वैश्विक बाजार में इसे दृढ़तापूर्वक स्थापित करते हुए माइलेज प्राप्त करेगा.

बैंक के प्रोजेक्ट नवनिर्माण में बहुत से घटक हैं जो बिजनेस प्रोसेस रिइंजीनियरिंग तथा संगठन पुनर्निर्माण दोनों को कवर करेंगे. इसका उद्देश्य स्थाई केंद्रीयकरण के माध्यम से बैंक की शाखाओं को बिक्री एवं सेवा केंद्रों के रूप में रूपांतरित करना है. इससे ठोस बिक्री वृद्धि, श्रेष्ठ ग्राहक अनुभव तथा वैकल्पिक चैनल माइग्रेशन प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है. बैंक की निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी सभी मेट्रो व शहरी शाखाओं को बड़ौदा नेक्स्ट (अर्थात् जेन नेक्स्ट) में रूपांतरित करने की योजना है. बड़ौदा नेक्स्ट माइग्रेशन का प्रारंभिक लाभ, ग्राहक संतुष्टि तथा कासा बढ़ोतरी दोनों के रूप में मिल रहा है. बड़े पैमाने पर स्वचालित तथा लीन बैक आफिस जैसे सिटी बैक आफिस तथा रीजनल बैक आफिस निश्चित रूप से बैंक के मानव संसाधन की दक्षता तथा उत्पादकता में सुधार करेंगे. बैंक ने पहले ही दो संपर्क केंद्र (अर्थात् कॉल सेंटर) लखनऊ तथा बड़ौदा में स्थापित कर लिए हैं.

सतत बिक्री वृद्धि के लिए बैंक ने कतिपय शाखाओं में नए सेल्स ऑपरेटिंग मॉडल तैयार किए हैं.

बैंक ने मिड कार्पोरेट शाखाएं खोलना चालू कर दिया है ताकि होलसेल व्यवसाय के विशिष्ट घटक के रूप में ऋण वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जा सके. आगामी प्रयोग के तौर पर केन्द्रीयकृत पहलें शीघ्र ही शुरू की जा रही हैं ताकि ये शाखाएं "सेल्स-कम-सर्विस आउटलेट" शाखाएं बन सकें.

बैंक ने सभी व्यवसाय व वित्तीय पैरामीटरों में सतत एवं स्थाई वृद्धि की है और वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान श्रेष्ठ नेतृत्व ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अनुमोदन से इसे प्राप्त किया है.

बैंक को मिले बहुत से पुरस्कारों में सीएनबीसी - टीवी 18 व एससीएक्स द्वारा दिया गया बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक का पुरस्कार, लंदन में इंस्टीटयूट ऑफ़ डायरेक्टर्स एन्ड वर्ल्ड फॉरम फोर कार्पोरेट गवर्नेंस द्वारा दिया गया गोल्डन पीकॉक अवार्ड फॉर कार्पोरेट गवर्नेंस, द दैनिक भास्कर इंडिया प्राइड अवार्ड फॉर 2011, द मोस्ट एफीशियन्ट बैंक इन केनिया, द बेस्ट इनीशिएटिव इन इनक्लूसिव बैंकिंग - एफआईबीसी बैंकिंग अवार्ड, द डन एन्ड ब्राडस्ट्रीटस् लीडिंग पीएसबी इन "ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट कैटगरी", एसएमई व्यवसाय के तहत नेशनल अवार्ड फॉर परफॉर्मेन्स, द अवार्ड फॉर बेस्ट यूटीलाइजेशन ऑफ़ इंटलैक्युअल रिसोर्सेज, बिजनेस वर्ल्ड पीडब्ल्यूसी द्वारा "द बेस्ट ग्रोइंग लार्ज बैंक", एनडीटीवी द्वारा "द बिजनेस लीडरशिप अवार्ड - बेस्ट पीएसबी इन 2011", पीएसबी श्रेणी में आईसीएआई द्वारा "द अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन फाइनेंशियल रिपोर्टिंग", बिजनेस वर्ल्ड - पीडब्ल्यूसी द्वारा "द फास्टेस्ट ग्रोइंग लार्ज बैंक", द यूटीवी-ब्लूमबर्ग फाइनेंशियल लीडरशिप अवार्ड तथा एफएम स्टार्स इंडस्ट्री ब्रान्ड लीडरशिप अवार्ड शामिल हैं.

द बैंकर लंदन के अनुसार - वित्तीय वर्ष 2012 के दौरा बैंक की ब्रान्ड रैंकिंग 500 टॉप बैंकिंग ब्रान्डों में 47 अंक सुधर गई.

बैंक वित्तीय वर्ष 13 के दौरान श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन को बनाए रखने तथा असाधारण कार्यनिष्पादन हेतु पुरस्कार प्राप्त करने की आशा करता है. अतः यह सुदृढ़ वित्तीय स्थिति, सेवा उत्कृष्टता, मजबूत कार्पोरेट नियंत्रण, इच्छावान नियोक्ता तथा राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने की पूरी-पूरी कोशिश करेगा.

अपने सभी कोर व्यवसायों के लिए बैंक ने रणनीतियां तैयार की हैं जो भविष्य में चुनौतियों का सामना करने, तथा अपने प्लेटफार्म को सुदृढ़ करने के लिए अवसरों का लाभ उठाएगी.

बैंक की इस रोमांचकारी यात्रा में मैं आपके सतत सहयोग तथा समर्थन का निवेदन करता हूं.

एम. डी. मल्या
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

CHAIRMAN'S STATEMENT

"Sustained Performance in Challenging Environment"

M. D. Mallya
Chairman & Managing Director

Dear Stakeholder,

I am pleased to report that the year 2011-12 (FY12) was your Bank's fourth consecutive year of record income and profits post the global financial crisis. Once again, your Bank's performance has shown its resilience to economic volatility and proved the credibility of its business model and strategies. It gives me immense happiness to present before you the Annual Report and Financial Statements of Bank of Baroda for the year ended 31st March, 2012.

It is appropriate at the outset to review the business environment within which your Bank operated during the year under consideration.

Economic Review

The year FY12 has been challenging for the Indian economy. After two years of a fairly robust growth of 8.4%, India's GDP growth is estimated at 6.9% for FY12 by the Central Statistical Organisation, Government of India. While agriculture and services sectors maintained good growth momentum during FY12, industrial sector slowed down sharply, led by the contraction in mining and manufacturing segments. Capacity utilization rates in various infrastructure industries, especially in cement and thermal power sectors declined significantly during FY12.

The Reserve Bank of India's (RBI) monetary tightening continued with full vigour for most part of the year in response to the untamed inflationary pressures. The headline (WPI) inflation averaged around 8.8% for the full year. Gradually, high levels of inflation gave way to a slowdown in the growth.

After the boom in capital inflows during FY11, rising global risk aversion and certain domestic concerns reduced the flows of capital. For instance, the portfolio inflows declined from US$ 32.2 billion in FY11 to US$ 18.9 billion in FY12. The rupee depreciated the most among major Asian currencies during calendar 2011 partly contributed by India's widened current account deficit, primarily driven by high crude oil prices. India's foreign exchange reserve position dwindled to US$ 295 billion by end-Mar, 2012 from a high of US$ 321 billion in early Sept, 2011.

While the demand for non-food credit of scheduled commercial banks (SCBs), especially term loans remained lacklustre for most part of FY12, the deposit growth too decelerated in the fourth quarter of FY12 reflecting tight liquidity conditions. After raising the policy rate by 375 basis points, the RBI took a pause in Dec, 2011 citing rising downside risks to growth.

Fragile economic environment, growing stresses on asset quality and depleting capital adequacy made several SCBs prefer government securities to commercial credit.

During FY12, India's fiscal deficit increased to 5.9% of GDP, much in excess of the targeted 4.6% due to increased fuel subsidies and employment creation schemes.

In short, the year FY12 was marked by interplay of several external and internal economic issues that impinged significantly on local businesses, in general, and the banking sector, in particular.

Bank of Baroda: Again Proved the Resilience of its Brand in FY12

Notwithstanding the challenging environment, your Bank was able to exploit the opportunities within the given environment and sustain its qualitatively superior performance during FY12.

Your Bank posted a very healthy growth of 25.9% in its global business – way above the banking industry's average performance. On the back of healthy growth of 17.2% in its Net Interest Income, the Bank recorded Net Profit growth of 18.0% despite adverse pressures on Net Interest Margins (NIMs).

Your Bank's Return on Average Assets (ROAA) at 1.24%, Capital Adequacy at 14.67% and Return on Equity at 19.04% again provided an eloquent testimony to the financial soundness of your Bank.

Moreover, your Bank again proved its strength in the asset quality management by restricting its Gross NPA ratio at 1.53% and Net NPA ratio at 0.54% during FY12 – one of the lowest in the large sized banking segment in India.

Strategic Initiatives during FY12

With the aim to strengthen its business foundations, your Bank undertook several strategic initiatives during FY12.

After successfully migrating Data Centre to a new Data Centre in the Bank's own premises, your Bank expanded its Disaster Recovery Centre during the year to ensure uninterrupted banking services. Your Bank took various technology initiatives like windows server virtualisation, desktop virtualisation and backup consolidation as green initiatives and also to improve Data Centre's operational efficiency. Besides, your Bank's wide network was migrated to new technology based on Multiprotocol Label Switching (MPLS) for improving uptime and on demand upgrade. The Enterprise Management System too was upgraded and new modules were deployed to effectively manage and monitor your Bank's growing IT infrastructure.

In order to provide superior internet banking experience to its customers, your Bank migrated the Core Banking System (CBS) to higher version with enhanced features. Additionally, various new modules like Fixed Assets Maintenance, Sales Tracker Module, Centralized Service Tax, Bank Realisation Certificate (eBRC) Module, Account Number Portability and Workflow Automation for New Pension Scheme, Swavalamban, were implemented during the year under review. All CBS branches of your Bank are enabled for interbank remittances through RTGS and NEFT which have also been interfaced with your Bank's internet banking portal.

Your Bank continued to add more facilities under its Internet Banking channels. The Internet Banking -- Baroda Connect -- now provides speedy and secured facility to transfer funds to self, third party (within the Bank) and inter-bank. The SMS Alerts, RTGS/NEFT transactions are also provided in your Bank's internet portal. The ASBA (Application Supported by Blocked Amount) functionality has been introduced in Baroda Connect for online subscription to Initial Public Offers (IPOs) and Follow-on Public Offers (FPOs) to facilitate application for equity shares.

Your Bank added more facilities to the Mobile Banking channel through Baroda M-Connect viz. Balance Enquiry, Mini Statement, Linking of Multiple Accounts, Fund Transfer, Bill Payments, Ticket Booking, Shopping, Feedback/ Complaints etc.

By 31st March 2012, your Bank's ATM network expanded to 2,012. The ATM switch is now integrated with seven interchanges viz. National Switch NFS (NPCI), Visa, MasterCard, CBUAE (UAE), CBOMAN (Oman), Link (T&T), Paymark (New Zealand) to provide convenience to customers by increasing delivery points through ATMs. With a centralized depository application, your Bank's branches are now equipped to provide depository services for both NSDL as well as CDSL. With Online Trading System, your Bank will be able to provide a complete suite of online services to customers for trading in instruments like equities, mutual funds, bonds and initial public offering (IPOs).

Additionally, your Bank took several other IT related initiatives such as Internet Payment Gateway services for debit cards/credit cards, Cash Management System covering services like Receipt Management (Collections), Payment Management and Invoice Management (Receivable and Payable Management), Payment Messaging Solution (PMS) {that was implemented in 20 overseas territories and all authorised branches in India}, a grid based Cheque Truncation System (CTS) {implemented in NCR-New Delhi, Chennai, Coimbatore and Bangalore}, and initiation of an Automated Cheque Processing Centre (Inward & Outward) in Mumbai.

Your Bank also implemented the Human Resource Networking for Employees Service with the objective of creating a central database of Bank employees for facilitating speedy decision-making, promotion and selection exercise as also for automating other HR process.

Moreover, your Bank undertook measures to create Data Warehouse for providing flexible and interactive source of strategic information, Customer Relationship Management for better customer insight and uniform customer view across channels.

During the year FY12, your Bank took some major initiatives in its Retail Banking segment. It launched the *BarodaFirst Wealth Pack*, a combo of two products namely *BarodaFirst*

Savings Bank and *BarodaFirst Regular Deposit* jointly with two Insurance Products namely ULIP & Term Insurance Plan. It also designed *Baroda Samriddhi Quarterly Recurring Deposit* and *Baroda Samriddhi Half yearly Recurring Deposit Schemes* meant especially for Agriculturists, Self Employed and Professionals.

A *Sales Operating Model* was rolled out at 163 Baroda *Navnirman Branches* {i.e. your Bank's project in Business Process Reengineering} for developing Sales & Service culture to generate business leads through transitioning service requests to sales conversation and data mining of existing/new profitable customers.

To accelerate the pace of Savings Bank Deposits accretion – a tough challenge in rising interest rate scenario - your Bank launched several Savings Bank Deposit campaigns with incentives to the performing staff, such as "Evening with CMD & Picnic with Staff" for award winning Branches and Regional Offices.

Your Bank also launched a number of Retail Loan campaigns during the year to augment its Retail Loan Book with a special focus on Home Loans and Car Loans. Your Bank opened nine City Sales Offices one each at Haldwani, Raebarely, Faizabad, Raipur, Bhopal, Indore , Bengaluru, Ghaziabad and Rajkot. Going by the solid success of this lending model, three new Retail Loan factories were opened at Haldwani, Dehradun and Nasik by your Bank in FY12.

Understanding the need to redesign business strategies to incorporate specific plans to promote financial inclusion of low income group, treating it both as business opportunity as well as corporate social responsibility, your Bank made use of available resources including technology and business expertise and took concrete steps to promote the causes of Financial Inclusion during the year under review. The Financial Inclusion (FI) data and transactions were integrated to the CBS through an FI Server/Gateway of the service provider, kept in the Data Centre of the Bank. Your Bank issued Smart Cards to customers after uploading their accounts in CBS and effecting KYC verification by the link branches.

Your Bank tied-up with National Institute of Rural Development (NIRD), Hyderabad for designing and conducting special training program for its officers on FI. For increasing the pace of FI, your Bank introduced Mobile Banking vans, having connectivity to CBS through CDMA technology. Five such Vans (1 in Gujarat, 2 in UP, 1 in Bihar and 1 in Goa) have been made operational, which are covering 41 villages. Your Bank has already covered 100.0% villages allotted to it under the FI project. More than 7.61 lakh FI accounts were opened in these villages as against the target of 7.10 lakh.

To ensure adequate contribution of the Bank in meeting farmers' demand for agricultural credit and other financial needs of rural India, your Bank designed various products and business strategies during the year under *Rural and Agriculture lending*. It identified 450 Thrust Branches across India to enhance Agriculture lending. As many as 22 area specific schemes were formulated to increase agricultural lending.

During FY12, your Bank opened ten more *Baroda Swarojgar Vikas Sansthan (BSVS)*, the institutes for training the youth and imparting knowledge and skills required for taking up self-employment ventures, taking the total number of BSVS to 46. Thus, each of the Bank's Lead Districts has now a R-SETI as per the government guidelines. Moreover, Ajmer BSVS centre has been exclusively developed for women entrepreneurs. During FY12, 42,786 youth beneficiaries were trained out of which 25,791 have established self-employment ventures. Out of the total 1,22,228 beneficiaries trained by these centers so far, 75,050 have established their self employment ventures. Your Bank opened 21 new Financial Literacy & Credit Counseling Centres (FLCC) christened as *"SARATHEE"* during the year under review, taking the total number of FLCCs to 39 as on 31st March 2012.

The Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) segment is a key source of economic growth and employment in India as in other parts of the world. Your Bank took several initiatives under *MSME Business* during the year under review. It opened ten New SME Loan Factories and eight New SME Specialized Branches during FY12. Also, your Bank introduced five new customer-centric area specific products to suit the local cluster needs. Bank introduced a new asset side product named as "Baroda Channel Financing" on a pilot basis.

Your Bank sponsored workshop on *"Management Skills to Source Financing and Management of Technology by SMEs"* for entrepreneurs arranged by All India Management Association (AIMA) at Hyderabad, Ahmedabad and Jaipur. Your Bank even introduced "Baroda Entrepreneur Awards" for Micro & Small enterprises.

Additionally, your Bank released a Booklet named as "Practical guide to Becoming An Entrepreneur", inter alia, giving information on the Bank's SME products and "Frequently Asked Questions" on Credit Guarantee Fund Trust For Micro And Small Enterprises (CGTMSE) scheme. Your Bank also signed a MoU with four different Credit Rating Agencies during FY12 for rating of SME accounts.

Business and Financial Achievements in FY12

As described earlier, your Bank delivered another cheery performance during FY12 despite difficult economic environment. As in the past three years, your Bank's performance on the business front was comfortably above the banking industry's average performance.

Your Bank's Global Business touched the mark of Rs 6,72,248 crore in FY12 posting a growth of 25.9% (y-o-y). In its Indian operations, its Deposits and Advances increased

healthily by 20.1% and 19.3%, respectively. Your Bank's Domestic Low-cost or CASA deposits grew by 15.9% (y-o-y) notwithstanding higher interest rates on retail term deposits and formed 33.2% share of the total Domestic Deposits in FY12.

Your Bank's Priority Sector Credit too recorded a decent growth of 19.5% during FY12 and formed 43.37% of its Adjusted Net Bank Credit (ANBC), comfortably surpassing the mandatory requirement of 40.0%. Your Bank posted a growth of 26.1% in its SME credit, 18.4% in Farm credit, 24.9% in Direct Agriculture credit and 10.0% in Retail credit reflecting a well-balanced growth across different sectors in tune with opportunities available within the system.

During FY12, the Total Business of your Bank's Overseas branches registered a robust growth of 44.6%. In Overseas Operations, your Bank's Customer Deposits increased healthily by 40.4%, Total Deposits by 45.2% and Advances by 43.9%. Supported by steady and better than industry average spreads and a good pool of fee-based income, your Bank's Gross Profit in Overseas operations posted a healthy growth of 48.5%.

It may be noted that your Bank's Overseas Business contributed 28.3% to its Global Business, 20.7% to Gross Profits and 34.0% to Core Fee-based Income. Besides, the Total Assets of the Bank's Overseas Operations increased from Rs 91,273 crore to Rs 1,28,398 crore registering a growth of 40.7% during the year FY12.

For the Bank as a whole, Gross Profits recorded a healthy growth of 23.6% to Rs 8,630.37 crore. Despite increased provisions, a stable momentum in Net Interest Income (NII), a good traction in non-interest income and a controlled growth of operating expenses raised your Bank's Net Profit in FY12 by a rich 18.0% (y-o-y) to Rs 5,007 crore, much above the street expectations. While, NII increased by 17.2% (y-o-y), Other Income (or Non-Interest Income) grew by 21.8% (y-o-y), primarily driven by impressive treasury gains and strong recovery from the written off accounts.

Despite an ongoing cyclical downturn, your Bank maintained one of the best asset qualities in the banking arena by the end of FY12. In line with its past record, your Bank succeeded in restricting its Gross NPAs to 1.53% and Net NPAs to 0.54% during FY12. The Bank's Loan Loss Coverage Ratio (including technical write-offs) too stood at the pristine level of 80.05% as on 31st March 2012.

In the domain of shareholders' return and liquidity ratios, your Bank delivered better than its market guidance and maintained Return on Average Assets (ROAA) at 1.24%, Earnings per Share (EPS) at Rs 127.84 and the Book Value per Share (BVPS) at Rs 637.37. Furthermore, your Bank's Cost-Income ratio sharply declined from the previous year's level of 39.87% to 37.55%, reflecting its consistently improving earnings profile and a prudent control over operating expenses. Your Bank's Capital Adequacy Ratio under Basel-II reached a sound level of 14.67% comprising 10.83% as Tier-I capital ratio as on 31st March 2012 – again one of the highest in the state-owned banking segment.

Looking Forward

While India's growth remains relatively high in the global context, various factors, including the unsettled global outlook and domestic policy concerns, have weighed on investment. Inflation has started moderating primarily on account of a favourable statistical base giving way to a modest decline in lending rates. Growth for FY13 is projected between 7.0% and 7.3% by various noted agencies, while risks from slow progress on policy front, high & volatile inflation and the global situation – remain on the downside.

While your Bank's overall business strategy during FY13 will evolve in response to the emerging macroeconomic environment, your Bank's well capitalized balance-sheet and robust business model would, no doubt, enable it to sustain its consistent performance in the coming years also.

During FY13, your Bank will continue to expand its market share in both deposits and advances by exploiting its geographic & strategic advantages and capital strength. As in the past, your Bank will focus on maintaining a high growth in domestic CASA deposits. Your Bank will leave no stone unturned in maintaining its asset quality in terms of low NPA ratios. Your Bank's policy of maintaining healthy Provision Coverage Ratio year after year will certainly help it face any adverse economic situation with strength.

It may be noted that for maintaining and further improving the asset quality of the credit portfolio, your Bank has put in place an effective mechanism for ensuring expeditious review of accounts, compliance of terms and conditions and up-gradation in credit ratings in high value advance accounts.

Aided by its sustained high profitability, your Bank will continue to maintain sufficiently high CRAR and Tier 1 ratios in the coming years also. As your Bank has been maintaining healthy Capital Adequacy Ratio with common equity constituting around 93% of Tier I Capital as at end March 2012, its transition to Basel III regime would be extremely smooth.

Human Resource strategies have been a key component of your Bank's overall efforts for business transformation. Your Bank is already endowed with a competent and highly motivated employee base, yet it has initiated an innovative resourcing channel with Manipal Global Education Services. A newly set up Baroda Manipal School of Banking is expected to provide trained officers to your Bank, who shall be deployed against its specific requirements.

During FY12, your Bank took several steps to revamp its existing HR processes, structures and policies in order to support its technology-led business transformation.

A focused HR transformation project – **''SPARSH"** has been introduced to achieve this goal. Various initiatives taken by your Bank such as Talent Management, Succession Planning, Creating a Scientific Staffing Model & Manpower Planning, Development & Capability Building and Performance Management will produce substantial results going forward enabling your Bank to successfully address tough business challenges.

Today, the major differentiator amongst the banking service providers is the quality of customer service. Your Bank enjoys the patronage of over 45 million global customers. Your Bank is committed and focused towards providing excellent Customer Service through all delivery channels and has been making continuous efforts for enhancing the level of customers' satisfaction by leveraging technology to provide e-products and alternative delivery channels best suited to the diverse needs of different customers. The varied interests and expectations of customers will be taken care of by further improving upon the various processes and procedures.

Bank's Corporate Goals and Strategy

Your Bank has articulated **"Business Growth through Higher Productivity, Efficiency and Profitability"** as the motto for the year FY13.

During the year FY12, your Bank introduced its Brand in Sonic Medium by launching a "Signature Tune" on the occasion of its Bank's Foundation Day on 20th July, 2011. The prime purpose was to highlight the spirit of the Bank as a vibrant and energetic organization complementing the Logo. Your Bank will draw its mileage in positioning it strongly in the global market.

Your Bank's Project *Navnirmaan* has various components covering both Business Process Re-engineering and Organization Re-structuring, aimed at transforming the Bank's branches into sales and service centres through sustained centralization. This is expected to make achieve sound sales growth, superior customer experience and alternate channel migration. Your Bank has plans to convert all its metro and urban branches into BarodaNext (i.e. a branch where BPR is rolled out) within a stipulated timeline. The initial impact of BarodaNext migration has been found to be rewarding both in terms of increased customer satisfaction and CASA growth. Creation of automated and lean Back Offices like City Back Office and Regional Back Office on a wider scale will certainly improve the efficiency and productivity of the Bank's human resources. Your Bank has already established two Contact Centres (i.e., Call Centres) one each at Lucknow and Baroda.

To sustain sales growth, a new Sales Operating Model has been rolled out in certain identified branches of your Bank.

Your Bank has started opening Mid-corporate branches to ensure focused credit dispensation to this specific segment of wholesale business. Further centralization initiatives are going to be piloted soon to enable these branches to become a "Sales-cum Service Outlet".

Your Bank's consistent and stable performance across all business and financial parameters and superior leadership has earned it the approval of various national and international organizations during FY12.

Amongst several awards, in particular, your Bank has received the awards like Best Public Sector Bank (PSB) by CNBC-TV18 & MCX; the Golden Peacock Award for Excellence in Corporate Governance by the Institute of Directors & World Forum for Corporate Governance in London; the Dainik Bhaskar India Pride Award for 2011; the Most Efficient Bank in Kenya; the Best Initiatives in Inclusive Banking – FIBC Banking Award; the Dun & Bradstreet's Leading PSB in "Global Business Development Category", the National Award for Performance under the SME Business; the Award for Best Utilisation of Intellectual Resources; the Best Growing Large Bank by the Business World-PWC; the Business Leadership Award by NDTV- Best PSB in 2011; the Award for Excellence in Financial Reporting by the ICAI in PSB category; the Fastest Growing Large Bank by Business World-PWC; the UTV-Bloomberg Financial Leadership Award and the FM Stars Industry Brand Leadership Award.

Furthermore, your Bank's Brand Ranking increased by 47 notches in just a year's time in the Top 500 Banking Brands by *The Banker*, London during FY12.

Your Bank wishes to protect its superior performance in the year FY13 also to earn awards for exceptional performance. So, it will try to maintain its position in terms of sound financial health, service excellence, strong corporate governance, desirability as an employer and solid contributions to national development.

In all its core businesses, your Bank has put strategies in place that seek both to address near-term challenges and to seize opportunities to strengthen its platform for the future.

In this exciting journey of your Bank, I solicit your continued support and patronage.

M. D. Mallya

Chairman & Managing Director

नोटिस / NOTICE

बैंक ऑफ़ बड़ौदा BANK OF BARODA
प्रधान कार्यालय : मांडवी, वडोदरा- 390 006
Head Office : Mandvi, Vadodara – 390 006
कार्पोरेट कार्यालय : बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुम्बई - 400 051.
Corporate Office: Baroda Corporate Centre,C-26, "G' Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East), MUMBAI 400 051
(Website: www.bankofbaroda.com)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारकों की 16वीं वार्षिक सामान्य बैठक सर सयाजीराव नगरगृह, वडोदरा महानगर सेवा सदन, बैंक ऑफ़ बड़ौदा शताब्दी वर्ष (2007-2008), टीपी-1, एफपी.549/1, जीईबी कॉलोनी के पास, ओल्ड पादरा रोड, अकोटा-वडोदरा-390 020 में गुरुवार दि.28 जून, 2012 को प्रातः 10.30 बजे आयोजित होगी. इसमें निम्नलिखित कारोबार संचालित होंगे

1. बैंक का 31 मार्च, 2012 के तुलनपत्र, 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के कार्यनिष्पादन तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखों परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श, अनुमोदन व इन्हें स्वीकार करना.

2. वर्ष 2011-12 के लिए लाभांश की घोषणा करना.

स्थान : मुंबई
तारीख : 22/5/12

(एम. डी. मल्या)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

NOTICE is hereby given that the 16th ANNUAL GENERAL MEETING of the shareholders of BANK OF BARODA will be held on Thursday, 28th June 2012 at 10.30 a.m. at Sir Sayajirao Nagargriha, Vadodara Mahanagar Seva Sadan, Bank of Baroda Centenary Year (2007-2008), T.P. - 1, F.P. 549/1, Near GEB Colony, Old Padra Road, Akota, Vadodara – 390020, to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2012, Profit and Loss Account for the year ended 31st March, 2012, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the accounts and the Auditor's Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. To declare dividend for the year 2011-12.

Place : Mumbai
Date : 22/5/12

M. D. Mallya
Chairman and Managing Director

टिप्पणियां / NOTES

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए पात्र शेयरधारक बैठक में भाग लेने और मत देने के लिए अपने स्थान पर प्रॉक्सी नियुक्त कर सकेगा /सकेगी (बैंक के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी के अलावा किसी अन्य को) और यह आवश्यक नहीं होगा कि नियुक्त प्रॉक्सी बैंक का शेयर धारक हो. प्रॉक्सी का कोई भी विलेख तभी वैध माना जाएगा, जब वह वार्षिक रिपोर्ट के साथ भेजे गए फार्म "बी" में भरा गया हो. उक्त प्रॉक्सी तभी प्रभावी मानी जाएगी यदि यह बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पूर्व अर्थात शनिवार, 23 जून, 2012 को दोपहर 2.00 बजे तक या उससे पूर्व बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केवायसी एण्ड एएमएल विभाग, 8वां तल, सूरज प्लाजा-I , सयाजीगंज, बड़ौदा-390 005 स्थित प्रधान कार्यालय में प्राप्त हो जाएगी और इसके साथ मुख्तारनामा अथवा अन्य प्राधिकार पत्र, यदि हो, जिसके अधीन इसे हस्ताक्षरित किया गया है या मुख्तारनामा अथवा प्राधिकार पत्र की प्रति जो कि नोटरी पब्लिक अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यप्रति के रूप में सत्यापित हो, को भी साथ में भेजा जाएगा, यदि उक्त मुख्तारनामा अथवा अन्य प्राधिकार पत्र पूर्व में बैंक में जमा और पंजीकृत न किया गया हो.

2. प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी के विधिवत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने अथवा वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब कि उसे एक यथाविधि प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने संबंधी संकल्प की एक प्रति, जिसे उस बैठक, जिसमें यह पारित किया गया था, के अध्यक्ष द्वारा एक सत्य प्रतिलिपि के रूप में अभिप्रमाणित किया गया हो, बैठक की तारीख से 4 दिन पूर्व अर्थात शनिवार, 23 जून, 2012 को दोपहर 2.00 बजे या इससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में उपरोक्त पते पर जमा न कर दिया गया हो.

3. उपस्थिति - पर्ची सह प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा हेतु इस रिपोर्ट के साथ उपस्थित पर्ची सह प्रवेश पत्र संलग्न है. शेयरधारकों से अनुरोध है कि उपस्थिति पर्ची भरकर और उसमें दर्शाए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करके, इसे बैठक स्थल पर सौंप दें. शेयरधारक के प्रॉक्सी /प्रतिनिधि को उपस्थिति पर्ची पर यथास्थिति "प्रॉक्सी" या "प्रतिनिधि" जैसी भी स्थिति हो, अंकित करना चाहिए.

4. शेयरधारक - रजिस्टर का बंद होना

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर 16 जून, 2012 से 28 जून, 2012 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक तथा वर्ष 2011-12 के लाभांश भुगतान करने के उद्देश्य से बंद रहेगा.

5. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल ने 4 मई, 2012 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2012 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण प्रदत्त प्रत्येक रु.10/- के पूर्ण प्रदत्त शेयर के लिए रु.17/- (रुपए सत्रह मात्र) की दर से लाभांश संस्तुत किया है. निदेशक मंडल द्वारा संस्तुत तथा 16वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अनुमोदित लाभांश का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा.

1. Appointment of Proxy

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY (OTHER THAN AN OFFICER OR AN EMPLOYEE OF THE BANK) TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND THE PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. No instrument of Proxy shall be valid unless it is in Form "B" as annexed in the Annual Report. The Proxy, in order to be effective, must be received at Head Office situated at Bank of Baroda, KYC & AML Department, 08th Floor, Suraj Plaza – I, Sayajiganj, Vadodara 390 005 not less than four days before the date of meeting i.e. on or before the closing hours of the Bank at 2.00 p.m. on Saturday, 23rd June 2012, together with the Power of Attorney or other authority, if any, under which it is signed or a copy of that Power of Attorney or other authority certified as a true copy by a Notary Public or a Magistrate unless such Power of Attorney or other authority has been previously deposited and registered with the Bank.

2. Appointment of Representative

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a Company unless a copy of the resolution appointing him as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall have been deposited at the Head Office of the Bank at the address given above, not later than four days before the date of meeting i.e. on or before the closing hours of the Bank at 2.00 p.m. on Saturday, 23rd June 2012.

3. Attendance Slip-Cum Entry Pass

For convenience of the Shareholders, Attendance Slip-cum-Entry Pass is annexed to this Notice. Shareholders are requested to fill-in and affix their signatures at the space provided therein so as to save time and hand over the same at the venue of the Meeting. Proxy / Representative of the shareholder should state on the attendance slip as "Proxy" or "Representative", as the case may be.

4. Closure of Register of Shareholders

The Register of Shareholders and Share Transfer Books of the Bank will remain closed from 16th June 2012 to 28th June 2012 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting and payment of dividend for the year 2011-12.

5. Payment of Dividend

The Board of Directors of the Bank in its meeting held on 4th May 2012 has recommended dividend @ Rs. 17/- (Rupees Seventeen only) per equity share of Rs.10/- each fully paid up, for the financial year ended 31st March 2012. Dividend as recommended by the Board of Directors and approved at the 16th Annual General Meeting will be paid as under:

क) 15 जून, 2012 को कारोबार समय की समाप्ति पर नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉटिरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी लाभार्थी शेयरधारकों को.

ख) 15 जून, 2012 को कारोबार समय की समाप्ति को या इससे पूर्व बैंक / बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट अर्थात मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि.हैदराबाद (आरटीए) के पास दर्ज शेयर हस्तांतरण अनुरोध के संबंध में वैध हस्तान्तरण प्रभावी करने के पश्चात् भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी सदस्यों को.

ग) 16वीं वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से 30 दिन के अंदर पात्र शेयरधारकों को लाभांश वितरित किया जाएगा.

6. डाक पता / लाभांश अधिदेश में परिवर्तन

क) इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डिपाजिटरी खाते में पंजीकृत बैंक विवरणों को बैंक द्वारा लाभांश का भुगतान करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा. बैंक अथवा इसका रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट, इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के सीधे ही प्राप्त ऐसे किसी अनुरोध पर कार्यवाही नहीं करेगा जो बैंक विवरणों अथवा बैंक मेंडेट से संबंधित होंगे. ऐसे परिवर्तनों की सूचना केवल सदस्यों के डिपॉजिटरी सहभागी को ही दी जानी चाहिए.

ख) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि यदि उनके पते में कोई परिवर्तन हो तो इसकी सूचना तत्काल बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट अर्थात मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि.हैदराबाद को दें. इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखनेवाले सदस्यों को अपने पते में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना अवश्य ही अपने संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी को देनी चाहिए. बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट को सूचना देने की आवश्यकता नहीं है.

ग) सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट के साथ किसी भी प्रकार के पत्र-व्यवहार में अपने संबंधित फोलियो नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर भौतिक रूप में है) और अपना डीपी आईडी/ग्राहक आईडी नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं) का उल्लेख अवश्य करें.

7. फोलियो का समेकन

जिन शेयरधारकों के पास एक से अधिक खाते में अपने समरूप नाम से शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट को शेयर प्रमाण-पत्रों के साथ ऐसे खातों के लिए लेजर फोलियो की सूचना दें ताकि वे एक खाते में सभी धारित शेयरों का समेकन कर सके. पृष्ठांकन संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सदस्यों को शेयर प्रमाण पत्र यथासमय लौटा दिए जाएंगे.

8. भौतिक रूप में शेयर धारिता का अभौतिकीकरण

भौतिक रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक अपनी शेयर धारिता का अभौतिकीकरण कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें अपने उस संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी से संपर्क करना चाहिए जहां उनका अपना डीमेट खाता है.

a) To all beneficial owners in respect of shares held in electronic form as per the data as may be made available by the National Securities Depository Limited (NSDL) and the Central Depository Services (India) Limited (CDSL) as of the close of the business hours on 15th June 2012.

b) To all the members in respect of shares held in physical form after giving effect to valid transfers in respect of transfer requests lodged with the Bank / Bank's Registrar and Share Transfer Agent i.e. M/s Karvy Computershare Private Limited, Hyderabad (RTA) on or before the close of business hours on 15th June 2012.

c) The dividends will be distributed to the eligible shareholders within 30 days from the date of the 16th Annual General Meeting.

6. Change of Address / Dividend Mandate

a) Members holding shares in electronic form are hereby informed that bank particulars registered against their respective depository account will be used by the Bank for payment of dividend. The Bank or its Registrar and Share Transfer Agent can not act on any request received directly from the members holding shares in electronic form for any change of bank particulars or bank mandates. Such changes are to be advised only to the Depository Participant of the Members.

b) Members holding shares in physical form are requested to advise any change of address immediately to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent, i.e. M/s Karvy Computershare Private Limited, Hyderabad. Members holding shares in electronic form must send the advice about change in address to their respective Depository Participant only and not to the Bank or Bank's Registrar and Share Transfer Agent.

c) Members are requested to invariably quote their respective folio number/s (for those holding shares in physical form) and their respective DP Id / Client Id number (for those holding shares in electronic form) in any correspondence with the Bank or Bank's Registrar and Share Transfer Agent.

7. Consolidation of Folios

The Members holding shares in physical form in identical order of names in more than one account are requested to intimate to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent, the ledger folio of such accounts together with the share certificates to enable them to consolidate all the holdings into one account. The share certificates will be returned to the members after making necessary endorsement in due course.

8. Dematerialization of Physical Holdings

The Shareholders who are holding shares in physical mode may convert their holdings in dematerialized form, for which they may contact their respective Depository Participant, where they maintain their respective de-mat account.

9. अंतरणों के लिए प्रस्तुतीकरण

शेयर प्रमाण-पत्रों को अंतरण विलेखों के साथ बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के पास निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए-
मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा.लि.
(इकाई : बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
प्लॉट सं.17-24, विट्ठलराव नगर,
इमेज हॉस्पिटल के निकट,
माधापुर, हैदराबाद - 500 081
टेलीफोन : 040 2342 0815 से 820
फैक्स : 040 2342 0814
ई-मेल : einward.ris@karvy.com

10. दावा न किए गए लाभांश, यदि कोई हो

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के अपने लाभांश पत्रों का नकदीकरण न कराया हो अथवा लाभांश पत्र उन्हें प्राप्त न हुए हों, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट हैदराबाद अथवा बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग, मुंबई से निम्नलिखित पते पर सीधे संपर्क करें:
निवेशक सेवाएं विभाग
बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रथम तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बान्द्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051
ई-मेल - investorservices@bankofbaroda.com

शेयरधारक कृपया नोट कर लें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम,1970 में संशोधन के फलस्वरूप बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) तथा वित्तीय संस्थान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के मद्देनज़र सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त अधिनियम लागू होने के फलस्वरूप भुगतान हेतु /दावा हेतु शेष लाभांश की राशि तथा उक्त अधिनियम लागू होने के बाद घोषित लाभांश "अप्रदत्त लाभांश खाते" में अंतरित करें.

"अप्रदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि राशि और अंतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि ये अदावाकृत/अप्रदत्त राशि को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (सी) की उप धारा (I) के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाना अपेक्षित है. इस राशि का उपयोग कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 सी के अंतर्गत उल्लिखित उद्देश्य से तथा यथाविधि किया जाएगा और उसके पश्चात इस संबंध में भुगतान के लिए कोई दावा बैंक को या निधि को प्रस्तुत नहीं किया जाएगा.

11. सदस्यों से अनुरोध

कृपया नोट करें कि वार्षिक सामान्य बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां वितरित नहीं की जाएंगी. अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रति साथ लेकर आएं.

9. Lodgments for Transfers

Share Certificate along with transfer deed should be forwarded to the Bank's Registrar and Share Transfer Agent at the following address.

M/s Karvy Computershare Private Ltd.,
(Unit :- BANK OF BARODA)
Plot No. 17-24, Vithalrao Nagar,
Near Image Hospital, Madhapur,
Hyderabad – 500 081
Phone No. 040 2342 0815 to 820, Fax No. 040 2342 0814
E- mail : einward.ris@karvy.com

10. Unclaimed Dividend, if any

The Shareholders who have not encashed their dividend warrants for the previous years are advised to approach the Bank's Registrar and Share Transfer Agent at aforesaid address or at Bank's Investors' Services Deptt. at Mumbai on the following address :

Investors' Services Deptt
Bank of Baroda, 1st Floor, Baroda Corporate Centre,
C-26, G-Block, Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), MUMBAI - 400 051.
E-mail - investorservices@bankofbaroda.com

Shareholders are requested to carefully note that pursuant to amendment in Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 vide "The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) And Financial Institutions Laws (Amendment) Act, 2006, Public Sector Banks are required to transfer amount remaining unpaid/unclaimed in dividend accounts of earlier years on the commencement of the aforesaid Act, and also dividend declared after the commencement of the said Act, to "Unpaid Dividend Account".

The amount transferred to the said "Unpaid Dividend Accounts" and remaining unclaimed/unpaid for a period of seven years from the date of transfer, is required to be transferred to the Investors Education and Protection Fund established under sub-section (I) of section 205 C of the Companies Act, 1956, which shall be used for the purpose and in the manner specified in section 205 C of the Companies Act, 1956 and thereafter no claim for payment shall lie in respect thereof to the Bank or the Fund.

11. Request to Members

Please note that copies of the Annual Report will not be distributed at the Annual General Meeting and hence members are requested to bring their copies of the Annual Report at the meeting.

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके निदेशकगण बैंक की 104वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 12) के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र, लाभ-हानि लेखा और व्यवसाय एवं परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करते हैं.

कार्यनिष्पादन

- **कुल कारोबार** (जमा एवं अग्रिम) बढ़कर **रु.6,72,248 करोड़** हो गया. इस प्रकार इनमें **25.86%** की वृद्धि हुई.
- **सकल लाभ एवं शुद्ध लाभ** क्रमशः **रु.8,580.62 करोड़** एवं **रु.5,006.96 करोड़** रहा. शुद्ध लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में **18.04%** की वृद्धि हुई.
- **ऋण जमा अनुपात** पिछले वर्ष के **86.77%** की तुलना में **86.86%** रहा.
- **खुदरा ऋणों** में **9.97%** की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2012 में बैंक के सकल घरेलू ऋणों का **17.36%** रहा.
- **वैश्विक परिचालनों** में शुद्ध ब्याज अंतर (एनआईएम) ब्याज अर्जक आस्तियों के प्रतिशत के रूप में **2.97%** एवं घरेलू परिचालनों में **3.51%** के स्तर पर रहा.
- **शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध गैर निष्पादक** आस्तियां **0.54%** रहीं जबकि पिछले वर्ष यह **0.35%** थी.
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात** (सीएआर) बासेल II के अनुसार **14.67%** रहा.
- **शुद्ध मालियत** सुधर कर **रु.26,203.67 करोड़** हो गयी. इसमें **32.67%** की वृद्धि दर्ज हुई.
- वर्ष के दौरान **बही मूल्य रु.504.43** से बढ़कर **रु.637.37** हो गया.
- वर्ष के दौरान **प्रति कर्मचारी कारोबार रु.1,229 लाख** से बढ़कर **रु.1,466 लाख** हो गया.

खंडवार कार्य निष्पादन

वित्तीय वर्ष 12 के खंडवार परिणामों में राजकोषीय परिचालन (ट्रेजरी) का योगदान **रु.887.72 करोड़**, कार्पोरेट/होलसेल बैंकिंग का **रु.965.87 करोड़**, खुदरा बैंकिंग का **रु.2,782.37 करोड़** तथा अन्य बैंकिंग परिचालनों का योगदान **रु.2,959.73 करोड़** रहा. बैंक ने **रु.1,569.89 करोड़** के गैर आबंटित खर्चे घटाने और **रु.1,018.84 करोड़** का करों के लिए प्रावधान करने के बाद **रु.5,006.96 करोड़** का कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया.

लाभांश

बैंक के निदेशकों ने 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए **रु.17 प्रति शेयर** का (रु.10/- के अंकित मूल्य पर) लाभांश प्रस्तावित किया है. इसमें कर सहित लाभांश के रूप में कुल व्यय **रु.812.29 करोड़** होगा.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात काफी अच्छा है एवं 31 मार्च, 2012 को यह **बासेल II** के अंतर्गत **14.67%** है.

31 मार्च, 2012 को बैंक की शुद्ध मालियत **रु.26,203.67 करोड़** रही. इसमें चुकता पूंजी **रु.412.38 करोड़** और प्रारक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन निधि को छोड़कर) **रु.25.791.29 करोड़** शामिल है. **रु.4,194.67 करोड़** की राशि अर्जित लाभ में से प्रारक्षित निधि में अंतरित की गयी.

सेवानिवृत्ति तथा अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वर्ष 2012 के दौरान बैंक ने **उपदान** में अंशदान के रूप में **(रु.145.63 करोड़)**, **पेंशन निधि** के रूप में **(रु.671.88 करोड़)**, **अवकाश नकदीकरण** के रूप में **(रु.93.46 करोड़)** तथा **अतिरिक्त सेवानिवृत्त लाभ** के रूप में **(रु.80.97 करोड़)** की राशि का उपचय आधार पर प्रावधान किया है. इन चारों श्रेणियों में प्रावधान की कुल राशि वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान **रु.991.94 करोड़** रही जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह प्रावधान राशि **रु.1160.42 करोड़** थी. मार्च, 2012 के अंत में बैंक के पास इन शीर्षों के तहत उपलब्ध कुल आधारभूत निधि इस प्रकार थीः **रु.1,416.85 करोड़ (उपदान), रु.5,935.62 करोड़ (पेंशन निधि), रु.566.01 करोड़ (अवकाश नकदीकरण)** तथा **रु.446.62 करोड़ (अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ).**

प्रमुख वित्तीय अनुपात

विवरण	वित्तीय वर्ष 12	वित्तीय वर्ष 11
औसत आस्तियों पर आय (आरओएए) (%)	1.24	1.33
निधियों की औसत लागत (%)	5.64	4.67
औसत आय (%)	8.55	7.76
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां (रु.करोड़ में)	3,47,223.21	2,82,109.79
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं (रु.करोड़ में)	3,43,397.26	2,80,098.94
शुद्ध ब्याज मार्जिन (%)	2.97	3.12
लागत आय अनुपात (%)	37.55	39.87
प्रति शेयर बही मूल्य (रु.)	637.37	504.43
प्रति शेयर आय (रु.)	127.84	116.37

प्रबंधन विवेचन एवं विश्लेषण

वित्तीय वर्ष 2012 में आर्थिक परिदृश्य और वित्तीय वर्ष 2013 की संभावनाएं

केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, भारत सरकार ने वर्ष 2012 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का आकलन 6.9% किया है जो कि पिछले दो राजकोषीय वर्षों की 8.4% विकास दर से काफी कम है. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान अर्थव्यवस्था को कृषि व सेवा क्षेत्र से काफी आधार मिला, तथापि औद्योगिक क्षेत्र में गिरावट बहुत ज्यादा रही. औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि वित्तीय वर्ष 11 के 8.2% के स्तर से काफी गिरकर वित्तीय वर्ष 12 में 2.8% हो गई. औद्योगिक क्षेत्र के अंदर ही खनन, पूंजीगत वस्तुएं व मध्यस्थ वस्तु क्षेत्र में अत्यधिक दबाव बना रहा जिसने वित्तीय वर्ष 2012 में नकारात्मक विकास दर दर्ज की. अन्य कारकों जैसे लागत पर दबाव, कोयला व लौह अयस्क जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों की कमी, भूमि अधिग्रहण तथा पर्यावरण स्वीकृति में अनिश्चतता, दिसम्बर, 2010 व 2011 के दौरान यूएस डॉलर की तुलना में भारतीय रुपये में 19.0% की अत्यधिक गिरावट ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान निवेशगत माहौल को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया.

वित्तीय वर्ष 10 व वित्तीय वर्ष 12 में निवेश व बचत की दरों में काफी गिरावट दर्ज की गई अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आकलन के अनुसार भारत की बचत दर वित्तीय वर्ष 10 के 33.5% से कम होकर वित्तीय वर्ष 12 में 31.3% हो गई तथा निवेश दर वित्तीय वर्ष 10 के 36.3% की तुलना में वित्तीय वर्ष 12 में 34.0% हो गई. भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 12 के दौरान पूंजी निर्माण की कमी में प्रमुख बैंकों व वित्तीय संस्थानों द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या / आउट फ्लो में काफी धीमापन जैसे प्रत्यक्ष कारण रहे. विशेषतः 'धातु व धातुगत उत्पाद' व बिजली उद्योग में वित्तीय सहायता की अत्यधिक कमी रही.

पूरे वित्तीय वर्ष 12 में सुर्खियों में आई मुद्रास्फीति (होलसेल मूल्य सूचकांक) में लगभग 8.8% के साथ मुद्रास्फीति का जोखिम लगातार बना रहा. सितंबर, 2011 में यह मुद्रास्फीति 10.0% हो गई थी जो कि मार्च 2012 में कुछ खाद्यान्न की कीमतों में मौसमी गिरावट व अनुकूल आधारभूत प्रभावों के कारण 6.69%तक रही. मुद्रास्फीति को कम करने और मुद्रास्फीति में स्थिरता बनाए रखने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्च, 2010 से अक्तूबर, 2011 के दौरान नीति दरों में 375 आधार बिंदुओं (बीपीएस) की बढ़ोत्तरी करने के बाद दिसम्बर, 2011 में अपनी नीति की समीक्षा की. बढ़ती हुई विकास स्फीति ने केन्द्रीय बैंक को यह संकेत दिया कि अब इसमें ज्यादा बढ़ोतरी की आवश्यकता नहीं रह गई और नीति दरों में भविष्य में कार्रवाई करनी होगी.

वित्तीय वर्ष 12 के दौरान व्यापार संतुलन में गिरावट तथा पूंजी आगमन में धीमेपन के कारण भारत के भुगतान संतुलन (बीओपी) पर निरंतर दबाव रहा. वित्तीय वर्ष 12 में निर्यात 21.0% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ 304 बिलियन यूएस डालर रहा और आयात 32.2% की वृद्धि के साथ 489 बिलियन यूएस डालर हो गया. इससे भारत का विदेशी व्यापार घाटा वित्तीय वर्ष 11 के 119 बिलियन यूएस डालर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 185 बिलियन यूएस डालर हो गया. इसके साथ ही रूपये के मूल्य में ह्रास, वैश्विक मांग में कमी के कारण वित्तीय वर्ष 12 में व्यापार घाटा, वैश्विक स्तर पर तेल की बढ़ती कीमतों के प्रभाव का अपर्याप्त अंतरण तथा उससे संबंधित जैसे सोने व चांदी के भारतीय आयात की लोचहीन स्वरूप की तुलनात्मक कीमतें भी प्रमुख कारक रहीं. वित्तीय वर्ष 12 में भारत का चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4% तक होने की संभावना है. वित्तीय वर्ष 11 में एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेश) का बहुत ज्यादा प्रवाह होने के बाद वित्तीय वर्ष 12 में बढ़ते हुए वैश्विक जोखिम विमुखता व घरेलू नीतियों की चिंता के कारण एफआईआई प्रवाह 43.0% (वर्ष-दर-वर्ष) कम होकर 16.8 बिलियन यूएस डालर हो गया. यह विदेशी संस्थागत निवेशकों का पिछले 3 वर्षों में सबसे कम निवेश था. वित्तीय वर्ष 12 में भारतीय एडीआर व जीडीआर में भी निवेश कम होकर 597 मिलियन यूएस डालर रह गया.

तथापि वित्तीय वर्ष 12 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 46.8 बिलियन यूएस डालर हुआ जोकि 34.0% (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि थी. इसका श्रेय वेदांता अथवा ब्रिटिश बीपी जैसे बड़ी कंपनियों को ही जाता है.

वित्तीय वर्ष 12 के पहले चार महीनों में सामान्य रूप में भारतीय रुपये में गिरावट अगस्त, 2011 के अंतिम सप्ताह से दिसंबर, 2011 के मध्य तक यूएस डालर की तुलना में 18.3% रही. इसी प्रकार भारतीय रिज़र्व बैंक व सरकार द्वारा किए गए उपायों से विनिमय दर स्थिर रही. इन उपायों का उद्देश्य विदेशी बाजार में डालर की आपूर्ति बढ़ाना तथा सट्टेबाजी को कम करना था.

वित्तीय वर्ष 12 में कर की कम प्राप्ति, खराब विनिवेश प्राप्तियां और अनुषंगियों में अत्यधिक खर्च के कारण केन्द्रीय सरकार का राजस्व घाटा 4.6% के लक्ष्य की तुलना में 5.9% हो गया.

इसी धारणा को वित्तीय वर्ष 13 में आगे बढ़ाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने वार्षिक मौद्रिक नीतिगत वक्तव्य में सुधरते वैश्विक परिदृश्य तथा घरेलू निवेश सेंटीमेंट में सुधार की संभावना के परिप्रेक्ष्य में सामान्य मानसून का अनुमान लगाते हुए बेसलाइन सकल घरेलू उत्पाद में 7.3% की वृद्धि की संभावना व्यक्त की है. तथापि मुद्रास्फीति भारतीय रिज़र्व बैंक के सुविधाजनक स्तरसे अधिक रहेगी और इसके 6.5% होने की संभावना है. जैसा कि वर्ष 2013 के केन्द्रीय बजट में संकेत किया गया है कि राजकोषीय सुधार तथा वित्तीय वर्ष 2013 के अन्य नीतिगत सुधारों के साथ-साथ कृषि, ऊर्जा व परिवहन क्षेत्रों में सुधार के फलस्वरूप निवेशगत गतिविधियों में सुधार होने की संभावना है.

वित्तीय वर्ष 12 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का कार्य निष्पादन व वित्तीय वर्ष 13 की कार्य संभावनाएं

बढ़ी हुई मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और आपूर्ति में रुकावटों की गहनता के कारण दिसम्बर, 2010 से भारत के वाणिज्यिक बैंकों के ऋण क्षेत्र में नकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई. बैंक ऋण में वित्तीय वर्ष 2012 में 19.3% की वृद्धि और औसत जमाराशि में 17.4% की वृद्धि दर्ज हुई. यद्यपि वित्तीय वर्ष 12 की पहली तीन तिमाहियों में ऋण और जमाराशियों में अंतराल बहुत कम रहा लेकिन वित्तीय वर्ष 12 की चौथी तिमाही में जमाराशियों की वृद्धि में ज्यादा गिरावट के कारण यह अंतराल बहुत ज्यादा हो गया. इससे वित्तीय वर्ष 12 की चौथी तिमाही में वाणिज्यिक बैंकों की निर्भरता वित्त के गैर जमा राशि स्रोतों (उधारियां) पर ज्यादा हो गई.

यद्यपि बैंक ऋण वृद्धि में कमी सभी क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्योग, सेवा व व्यक्तिगत ऋणों में हुई, तथापि भारतीय रिज़र्व बैंक के डाटा में यह उल्लेख

किया गया है कि यह गिरावट मूलतः कृषि, रियल इस्टेट, होटल, रेस्टोरेंट, व्यवसायिक सेवाएं, टेली कम्यूनिकेशन, ऊर्जा, सीमेंट, टेक्सटाइल, लौह व इस्पात व अन्य वैयक्तिक वाहन ऋणों में अधिक परिलक्षित हुई.

कार्पोरेट क्षेत्र में बढ़ता दबाव कार्पोरेट ऋण में बहुत अधिक उछाल के रूप में परिलक्षित हुआ, जिसे वित्तीय वर्ष 12 के दौरान कार्पोरेट ऋण पुनर्संरचना कक्ष के द्वारा पुनर्संरचित किया गया. भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार भारतीय बैंकिंग क्षेत्र सामान्यतः वित्तीय वर्ष 12 में आर्थिक परिवेश में प्रतिकूल चयन की संभावनाओं से बचने के लिए जोखिम से बचता रहा. भारतीय रिज़र्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बैंकिंग उद्योग का सकल गैर निष्पादक आस्ति अनुपात में मार्च, 2011 के अंत से लेकर दिसंबर, 2011 के अंत तक 59 मूल आधारबिंदु (बीपीएस) हो गया और लगातार आर्थिक दबाव और जोखिम आधारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) में पूंजी के कारण आपके बैंकिंग उद्योग में उपर्युक्त अवधि के दौरान 91 बीपीएस हो गया. इन कारकों ने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में ऋण विस्तार पर नकारात्मक प्रभाव डाला, जिसके परिणामस्वरूप बैंक के आस्ति संविभाग से निवेश सरकारी प्रतिभूतियों की ओर हुआ.

संपूर्ण वित्तीय वर्ष 12 के दौरान नकदी की स्थिति लगातार कमी की रही तथापि नवंबर 2011 की शुरूआत में नकदी कमी कुल मांग और समयबद्ध देयताओं (एनडीटीएल) के 1% (+)/(-) के अनुकूल स्तर से भी कम रहा जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रिज़र्व बैंक ने मुक्त बाज़ारगत परिचालन के रूप में मूल नकदी को प्रवाहित करने और नकद आरक्षित अनुपात में कटौती (जनवरी-मार्च 2012 के दौरान 125 बीपीएस) करने जैसे कदम उठाए. इसके परिणामस्वरूप नकदी प्रवाह काफी हद तक सहज हो सका.

वित्तीय वर्ष 13 में भारतीय रिज़र्व बैंक ने समग्र सकल घरेलू उत्पाद में 7.3% की वृद्धि और मुद्रा आपूर्ति में 15.0% की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, वाणिज्यिक बैंकों की औसत जमाराशि में 16.0% और गैर खाद्य ऋण में 17.0% की वृद्धि आकलित की. बैंकों में प्रतिकूल आर्थिक परिवेश के बावजूद भी वित्तीय वर्ष 13 में बेहतर पूंजी आधार, संतुलित ऋण सम्मिश्रण, स्थायी निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएमएस) और कम वृद्धिशील बकाया अनुपात के कारण आय में अधिक वृद्धि होने की संभावना है.

जोखिम प्रबंधन

जोखिम लेन-देन का घटक है जिसमें कुछ हद तक नुकसान होने की संभावना है. वित्तीय संस्थानों में जोखिम विभिन्न अंतरालों, आस्तियों, देयताओं, आय में उतार चढ़ाव और नकदी के लेनदेन के कारण होता है. यद्यपि किसी संस्थान में जोखिम के स्वरूप व स्तर को निर्धारित किया जाना चाहिए जो कि विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है. यह माना गया है कि सामान्यतः बैंकों के सामने ऋण, बाजार, नकदी, परिचालन, अनुपालन, विधि नियामक और प्रतिष्ठागत जोखिम होते हैं.

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन है जहां जोखिमों का आकलन, निदेशक मंडल द्वारा जोखिम में निहित कारकों के आधार पर किया जाता है.

जोखिम प्रबंधन ढांचा

आपके बैंक के निदेशक मंडल के पास आपके बैंक में जोखिम प्रबंधन स्वरूप को कार्यान्वित करने के दायित्व व अधिकार हैं. कार्यपालकों की जोखिम प्रबंधन समिति और निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति आपके बैंक में सघन जोखिम प्रबंधन पद्धतियों को लागू कर रही है.

निदेशक मंडल की एएलएम (आस्ति देयता प्रबंधन) की उप समिति और जोखिम प्रबंधन प्रभाग वित्तीय जोखिम संबंधी मामलों के बारे में निदेशक मंडल की सहायता करता है. आपके बैंक में पूर्ण जोखिम प्रबंधन विभाग है जिसके प्रभारी महाप्रबंधक हैं और जिसमें योग्य, प्रशिक्षित और अनुभवी कर्मचारियों की टीम है. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन में निम्न कार्यों की देखरेख करने के लिए उच्च कार्यपालकों की एक समिति का गठन किया है.

आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) निर्णय लेने की इकाई है जो जोखिम प्रतिफल ब्याज दरों के रणनीतिपरक प्रबंधन और तरलता जोखिम के परिप्रेक्ष्य में तुलन पत्र के आयोजन के लिए जिम्मेदार है. अन्य व्यवसायिक मामलों के साथ साथ जमाराशियां व अग्रिमों के उत्पाद मूल्यनिर्धारण, वृद्धिशील आस्तियां और देयताओं की ऐच्छिक परिपक्वता प्रोफाइल आदि पर भी विचार करती है. यह आस्ति देयताओं के असंतुलन के बारे में भी कार्यनीति तय करती है.

ऋण नीति समिति (सीपीसी) पर विभिन्न उद्यमों पर होने वाली ऋण जोखिम कार्यनीतियां, जिनमें ऋण नीतियां बनाना और उन्हें कार्यान्वित करना शामिल हैं, और इस समिति पर आपके बैंक में जोखिम ऋण प्रबंधन कार्यों को नियमित रूप से मानिटर करने की जिम्मेदारी है.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) पर परिचालनगत जोखिम को कम करने के लिए स्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया का निर्धारण करने और उसे बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय करने व मूल्यांकन करने की जिम्मेदारी है. समिति यह भी निगरानी करती है कि **परिचालनगत ऋण प्रबंधन नीति** के निर्धारित मानदंड और दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन किया जाए.

जोखिम प्रबंधन नीति

आपके बैंक में विभिन्न प्रकार के जोखिमों का, प्रबंधन करने और कम करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतिया व प्रक्रियाएं हैं. आपके बैंक में जोखिम प्रबंधन के विभिन्न कार्य प्रमुखों के सुलभ संदर्भ और दिशा-निर्देशों के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंधन और समूह जोखिम नीति, घरेलू ऋण नीति, मिड सर्विस नीति, तुलन पत्र प्रकटन नीति (घरेलू), व्यवसाय निरन्तरता आयोग नीति, पिल्लर III प्रकटीकरण नीति, परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति, आन्तरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी), तनाव परीक्षण, ऋण जोखिम कम करना और संपार्श्विक प्रबंधन नीतियां हैं.

जोखिम प्रबंधन कार्यान्वयन व अनुप्रवर्तन पद्धति

तरलता जोखिम, ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालनगत जोखिम आदि प्रमुख जोखिमों का मानिटरिंग प्रबंधन इस प्रकार है.

तरलता जोखिम

तरलता जोखिम आय अथवा पूंजी को होने वाला मौजूदा और संभावित

जोखिम है जो बैंक द्वारा देय हो चुकी देयताओं को बिना अस्वीकार्य हानि उठाए भुगतान न कर पाने के कारण पैदा होता है. तरलता जोखिम में निधिगत स्रोतों में गैर नियोजित कमी अथवा बदलाव का प्रबंधन करने की अक्षमता शामिल है. तरलता जोखिम बाजार की उन स्थितियों का निर्धारण न कर पाने और बदलावों को न समझ पाने के कारण पैदा होता है जो कि आस्तियों को शीघ्रता से तरलता में बदलने और मूल्य में न्यूनतम ह्रास के साथ तरल करने की क्षमता को प्रभावित करती है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय बैंकिंग पद्धति ने केन्द्रीय मौद्रिक प्राधिकारी द्वारा ऋण वृद्धि को संतुलित और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किए गए कुछ समायोजन के साथ कठोर व्यवस्थागत तरलता की स्थिति को दर्शाया. आपके बैंक में तरलता जोखिम को फ्लो पद्धति से संरचनागत तरलता अन्तराल रिपोर्ट की सहायता से दैनिक और पाक्षिक आधार पर तैयार की गई गतिशील अन्तराल रिपोर्ट द्वारा तीन माह के लिए आकलित किया जाता है. स्टाक एप्रोच के तहत आपके बैंक ने विभिन्न गतिविधियों जैसे दैनिक आधार पर ऋण देना, दैनिक आधार पर ऋण लेना, शुद्ध अल्पावधि ऋण लेना, शुद्ध ऋण ग्राहक जमा अनुदान और मूल आस्ति अनुपात आदि पर नियंत्रण की श्रृंखला स्थापित की है. जोखिम प्रबंधन विभाग में कार्यरत आस्ति देयता प्रबंधन कक्ष यह सुनिश्चित करने के लिए दैनिक आधार पर तरलता स्थिति की संवीक्षा करता है कि संबंधित समय सीमा मे नकरात्मक तरलता अनुपात सहनशील सीमा से अधिक न हो. आपके बैंक की विशेषीकृत एकीकृत ट्रेज़री शाखा, मुंबई सभी विदेशी मुद्राओं की उपलब्धता के संदर्भ में घरेलू तरलता का आकलन करता है. विदेशी परिचालन के संदर्भ प्रत्येक क्षेत्र (टैरिटरी) निर्धारित अंतराल पर प्रत्येक प्रकार की अपनी मुद्रा की तरलता की स्थिति का आकलन करता है. आकस्मिकता की स्थिति निधियों की आवश्यकता का आकलन भी समय समय पर किया जाता है ताकि आपका बैंक निधियों की किसी भी कमी को पूरा करने के लिए तैयार रहे. आपके बैंक ने अपनी जमाराशियों के आधार में विवेकपूर्ण विविधता बड़ी जमाराशियों के स्तर पर नियंत्रण और साधारण बाजार की परिस्थितियों में निधियों की सुलभ उपलब्धता से अपनी तरलता का प्रबंधन किया है. आपके बैंक के पास बाजार द्वारा स्वीकार्य प्रतिभूतियां बहुत ज्यादा है जो कि आवश्यकता पड़ने पर बेची जा सकती हैं या रिपो ऋण या संपार्श्विक के रूप में उनका उपयोग किया जा सकता है.

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम को एक ऐसे जोखिम के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें ऋणकर्ता अथवा काउंटर पार्टियों की ऋण गुणवत्ता में गिरावट से जुड़ी संभावित हानियां निहित हैं. किसी भी बैंक के पोर्टफोलियों में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने की ग्राहक अथवा काउंटर पार्टी की अक्षमता अथवा अनिच्छा के कारण बाहरी चूक से हानियां पनपती हैं. ऋण गुणवत्ता में वास्तविक अथवा विद्यमान विकृतियों के फलस्वरूप पोर्टफोलियों मूल्य में कमी आने से भी हानियां हो सकती हैं. सामान्यतः ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं में पहचान, परिमापन अनुप्रवर्तन और ऋण एक्सपोजर पर नियंत्रण शामिल है.

बैंक में ऋण जोखिम प्रबंधन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक की जोखिम पहचान तथा ऋण प्रक्रियाओं में रिपोर्टिंग नियंत्रण प्रणाली पर्याप्त और सुचारू रूप से कार्यशील है.

अपनी परिचालन इकाइयों के मार्गदर्शन हेतु बैंक में देशीय ऋण नीति, निवेश नीति, तुलनपत्र में शामिल न किए जानेवाले निवेशों से संबंधित नीति जैसी विभिन्न नीतियां विद्यमान हैं जिसमें बैंक के ऋण जोखिमों के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण सुरक्षा उपाय किए गए हैं. बैंक ने उद्योग अध्ययन भी किए हैं ताकि जिन उद्योगों में बैंक ने भारी निवेश किया है, उनमें मौजूद जोखिमों का पता चल सके और उभरते हुए उद्योगों की पहचान भी की जा सकें परिचालन प्रमुखों को इन औद्योगिक रिपोर्टों के बारे में सूचित किया जाता है ताकि इन उद्योगों को उधार देते समय उस पर विचार किया जा सके.

बैंक ने विभिन्न ऋण रेटिंग मॉडल्स भी अपनाए हैं ताकि विशिष्ट ऋण संव्यवहारों से संबंधित जोखिम के स्तर को आंका जा सके. बैंक द्वारा अधिकांश व्यावसायिक ऋणों के जोखिम के आकलन हेतु सुदृढ़ रेटिंग मॉडल का उपयोग किया जाता है.

पीडी (चूक संभावताओं) के अलावा क्रेडिट रेटिंग मॉडल बैंक की कुछ अन्य तरीकों से भी सहायता करेगा जो कि इस प्रकार हैं :

- जोखिम भारित आस्तियों की गणना के लिए आंतरिक रेटिंग आधारित दृष्टिकोण (आधुनिक दृष्टिकोण) को अपनाना.
- अंतर्निहित ऋण जोखिम को ध्यान में रखते हुए विशेष मूल्य ऋण सुविधा.
- निहित ऋण जोखिम को ध्यान में रखते हुए समस्त ऋण जोखिम को मापना, उसका आकलन करना और ऋण जोखिम हेतु अपेक्षित प्रोफाइल तैयार करना.

काउण्टर पार्टी के स्तर पर ऋण जोखिम का मूल्यांकन करने के अतिरिक्त बैंक के पास संविभाग स्तर पर ऋण जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया एवं पद्धति है. बैंक नियमित अंतरालों पर ऋण संविभाग की समीक्षा करता है ताकि ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार हो सके या कुछ ऋणियों / क्षेत्रों / उद्योगों में ऋण संकेंद्रण के प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके.

बाजार जोखिम

बाजार जोखिम बाजार द्वारा निर्धारित दरों और मूल्यों में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के कारण संभावित हानियों के रूप में होता है. बाजार जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य बैंक की आय और इक्विटी के साथ तुलन-पत्र एवं संरचनात्मक स्थिति को क्षति पहुंचाने वाले अत्यधिक एक्सपोजर से बचना और वित्तीय लिखतों जैसे प्रतिभूतियों विदेश विनियम संविदाएं, इक्विटी तथा डेरीवेटिव लिखतों में निहित उतार-चढ़ाव में बैंक के एक्सपोजर को कम करना है. वित्तीय मध्यस्थ के रूप में बैंक के समक्ष मुख्य जोखिम ब्याज दर जोखिम है, जो कि बैंक की आस्ति-देयता प्रबंधन कार्यकलापों के कारण उत्पन्न होता है.

बैंक के बाजार से संबद्ध अन्य जोखिमों में विदेशी मुद्रा स्थिति पर विदेशी मुद्रा जोखिम, नकदी अथवा नियमित जोखिम और ट्रेडिंग पोर्टफोलियों पर मूल्य जोखिम है.

बैंक ने अपने ट्रेजरी कार्यों के नियंत्रण और उनकी निगरानी हेतु स्पष्ट नीति बनाई है. इन नीतियों में प्रबंधन नीतियों, प्रक्रियाओं, विवेकसम्मत ऋण सीमाओं, समीक्षा प्रणाली और रिपोर्टिंग पद्धतियों का समावेश है. वित्तीय और बाजार स्थितियों में परिवर्तन के अनुरूप इन नीतियों में आवधिक रूप से संशोधन किया जाता है.

ब्याज दर जोखिम का आकलन ब्याज दर अस्थिरता अन्तराल रिपोर्ट तथा जोखिम आय के आधार पर किया जाता है. इसके अलावा बैंक मासिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, निवेश पोर्टफोलियों के जोखिम मूल्य, जिसमें स्थायी आय प्रतिभूतियां, इक्विटीज तथा विदेशी मुद्रा पोजीशन शामिल है, गणना करता है. बैंक, अल्पवधि ब्याज दर जोखिम

की मॉनिटरिंग, शुद्ध ब्याज आय (एनआरआई) तथा दीर्घ अवधि ब्याज जोखिम की मॉनिटरिंग इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) को ध्यान में रखते हुए करता है. ट्रेजरी के संदर्भ में वेल्यू एट रिस्क की गणना 99.0% कॉनफिडेंस लेवल पर 10 दिन की होल्डिंग अवधि के आधार पर की जाती है. अस्थिरता विश्लेषण तथा इक्विटीज के माध्यम से स्थिर ब्याज निवेश पोर्टफोलियों की स्ट्रेस जांच परिस्थितिगत विश्लेषण के माध्यम से नियमित रूप से की जाती है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के आधार पर बैंक, इक्विटी प्रभाव के आर्थिक मूल्य का तिमाही आधार पर आकलन कर रहा है.

परिचालन जोखिम

अपर्याप्त अथवा असफल आंतरिक परिचालन प्रक्रिया, मानव और पद्धति अथवा बाह्य तत्वों के कारण होने वाले हानि जोखिम को परिचालन जोखिम कहा जाता है. जैसा कि ऊपर बताया गया है, परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति के पास बैंक के परिचालन जोखिम पर नियंत्रण रखने का प्राधिकार एवं जिम्मेदारी है. बैंक, अपनी आंतरिक पद्धतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा और इनके विधिवत अनुपालन द्वारा परिचालन जोखिम पर नियंत्रण रखता है. बैंक प्रति छमाही आधार पर परिचालन जोखिम संबंधी आंकड़ों का संग्रहण एवं विभिन्न अलग-अलग पैरामीटरों पर इनका विश्लेषण करता है और जहां कहीं जरूरी हो, वहां अविलंब सुधार के उपाय किए जाते हैं.

बासेल II का बैंक द्वारा अनुपालन

बैंक की, अन्य भारतीय बैंकों की तुलना में विदेशों में व्यापक उपस्थिति है और इसलिए 31 मार्च, 2008 से इसने बासेल II दिशानिर्देशों को कार्यान्वित कर दिया है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखकर बैंक ने ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, परिचालन जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण को अपनाया है. इस प्रकार बैंक, बासेल I तथा बासेल II दिशानिर्देशों के तहत समानान्तर आधार पर जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) में पूंजी की गणना कर रहा है. बैंक बासल II दिशा-निर्देशों के तहत परिचालन जोखिम हेतु अतिरिक्त पूंजी का प्रावधान कर रहा है.

बैंक के सीआरएआर को निम्नानुसार सांराशीकृत किया गया है.

दिनांक	बासेल I	बासेल II
31.03.2010	12.84 %	14.36 %
31.03.2011	13.02 %	14.52 %
31.03.2012	12.95 %	14.67 %

बासेल II के मानदंडों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के पिलर II दिशानिर्देशों के अनुपालन स्वरूप बैंक ने संभावित विभिन्न जोखिमों के संबंध में आंतरिक पूंजी का आकलन करने के लिए अपनी आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया नीति (आईसीएएपी) तैयार की है. तनाव परीक्षण और परिवेश विश्लेषण का बैंक की वित्तीय तथा प्रबंधन क्षमता का विश्लेषण करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. ताकि विशिष्ट किन्तु संभावित परिस्थितियों में प्रभावशाली ढंग से परिचालन जारी रखा जा सके. बैंक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित तनाव परीक्षण नीति है जिसमें संभाव्य संवेदनशीलताओं की पहचान करने की विभिन्न तकनीकों एवं बैंक द्वारा उनको वहन करने की क्षमता का वर्णन किया गया है. बैंक ने आईसीएएपी नीति के अनुसार अर्द्धवार्षिक आधार पर तनाव परीक्षण एवं आईसीएएपी परीक्षण कराया है.

बासेल-II के पिलर 3 (अर्थात बाजार अनुशासन) का प्रयोजन प्रकटीकरण आवश्यकताओं का सेट तैयार करना है ताकि बाजार अनुशासन को प्रोत्साहित करते हुए प्रतिभागियों को अनुप्रयोग के दायरे, पूंजी, ऋण निवेश, ऋण निर्धारण प्रक्रियाओं के बारे में प्रमुख सूचनाएं उपलब्ध हो और बैंक की पूंजी पर्याप्तता सुनिश्चित हो.

पिलर-III प्रकटीकरण त्रैमासिक तथा छमाही आधार पर तथा प्रत्येक वर्ष मार्च में वर्ष के अंत के प्रकटीकरण बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाते हैं. वर्ष के अंत के प्रकटीकरण बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित होते हैं और बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहते हैं.

बासेल-III की तैयारी : भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 मई, 2011 को बासेल-III के बारे में अंतिम दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं. बासेल-II और बासेल-III के अंतर्गत न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का तुलनात्मक विवरण नीचे प्रस्तुत है

मानदंड	बासेल II	बासेल III
सामान्य इक्विटी पूंजी	लागू नहीं	5.5%
टीयर-I पूंजी	6%	7%
कुल पूंजी	9%	9%
पूंजी प्रत्यावर्तन बफर (वित्तीय और आर्थिक दबावों की अवधियों में हानियों की भरपाई हेतु प्रयुक्त होने वाली बफर पूंजी) (कामन इक्विटी के रुप में)	शून्य	2.5%

बासेल-III को दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुरू किए गए मानक है : (i) बैंक के तुलनपत्र की जोखिमी प्रवृत्ति के लिए अतिरिक्त मानक के रूप में न्यूनतम 4.5% का **लिवरेज अनुपात** (ii) **तरलता कवरेज अनुपात** (एल.सी.आर.) और **स्थिर निधियन अनुपात** (एनएसएफआर) के रुप में दो तरलता मानक.

जनवरी 2013 से जनवरी 2017 की समानांतर अवधि के दौरान बैंकों को 4.5% का न्यूनतम लीवरेज अनुपात बनाए रखने का प्रयास करना होगा. 01 जनवरी 2018 से समानान्तर अवधि प्रभावी हो जाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियामक लीवरेज अनुपात निर्धारित किया जाएगा.

तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) के अंतर्गत बैंक के लिए अपेक्षित है कि वह 30 दिनों से अधिक की अपने कुल दबावग्रस्त शुद्ध नकदी प्रवाहों को कवर करने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्तावाली तरल आस्तियां रखे. शुद्ध स्थिर निधियन अनुपात (एनएसएफआर) के अंतर्गत बैंक के लिए यह अपेक्षित है कि वह विस्तारित दबाव की एक वर्ष अवधि लिए आवश्यक स्थिर निधियन राशि से अधिक स्थिर निधियन राशि उपलब्ध रखे.

बैंक के पास उसकी बहियों में उपलब्ध पूंजी की मात्रा और गुणवत्ता और मार्च 2012 को टीयर-I की 93.05% कामन इक्विटी से यह आशा की जाती है कि बैंक बिना किसी अधिक कठिनाई के वित्तीय वर्ष 2014 तक बासेल-III की आवश्यकताओं को पूरा कर लेगा लेकिन इस दिशा में आगे बढने के लिए बैंक को वित्त वर्ष 2015 और उससे आगे पूंजीगत निधियॉ विशेष रूप से कामन इक्विटी फंड की पूर्ति करनी होगी.

ऋण निगरानी कार्य

बैंक ने अपनी ऋण आस्तियों की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के लिए अपने ऋण पोर्टफोलियों की सतत निगरानी हेतु एक प्रणाली बनायी है. बैंक के पास विभिन्न स्तरों पर अग्रिम खातों की मासिक जांच के लिए सुव्यवस्थित पद्धति है जो आस्तियों की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने और समग्र ऋण संविभाग की गुणवत्ता सुधार हेतु समय पर कदम उठाने का कार्य करती है.

ऋण निगरानी के लिए कार्पोरेट स्तर पर महाप्रबंधक की देखरेख में एक अलग से विभाग तथा अंचल व क्षेत्रीय स्तर पर ऋण निगरानी के लिए विभागों का गठन सितम्बर 2008 से किया गया है. बैंक की घरेलू ऋण नीति के अनुरूप सभी अंचल/क्षेत्रीय कार्यालयों में स्लिपेज निवारक कार्य-दलों का गठन किया गया है. बैंक ने आरंभिक चरण में स्लिपेज को रोकने के उद्देश्य से विद्यमान मानदंड एवं दिशानिर्देशों के अनुरूप उपयुक्त प्रावधान को शामिल कर बैंक की घरेलू ऋण नीति को अनुकूल बना दिया गया है. बैंक ने ऋण निगरानी प्रक्रियाओं को असरदार बनाने की दिशा में आस्तियों की गुणवत्ता सुधारने, चिंताजनक क्षेत्रों की पहचान करने, विशेष ध्यान देने योग्य शाखाओं के निर्धारण और कार्यनीति तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है. साथ ही समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ऋण नीति भी बनायी है.

कार्पोरेट स्तर पर **ऋण निगरानी विभाग** के मूल उद्देश्य निम्न प्रकार निर्धारित किए गए हैं:

- आरंभिक अवस्था में ऋण खाते की कमियों/सम्भावित चूक/शुरूआती अस्वस्थता को पहचानना.
- जब कभी भी किसी खाते में ऋण गुणवत्ता की क्षति अर्थात ऋण रेटिंग में गिरावट, एलसी/गारंटी की देयताओं को पूरा करने में देरी करने और ब्याज/किस्तें आदि की अदायगी में विलम्ब होने के संकेत मिलते हैं तो उन्हें रोकने के लिए समय पर उपयुक्त एवं सुधारात्मक कदम उठाना.
- कठोर अनुवर्ती कार्यवाही के माध्यम से आस्ति वर्गीकरण एवं ऋण रेटिंग में आने वाली गिरावट को रोकना.
- ऋण खातों की पुनः संरचना/पुनः समय निर्धारण/पुनः चरणबद्ध करने के लिए उपयुक्त मामलों की पहचान करना और साथ ही उपयुक्त एवं वास्तविक मामलों में पुनः वित्त प्रदान करना. सीडीआर कक्ष तथा अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालयों से सम्पर्क स्थापित करना.
- खातों की समीक्षा एवं नियम तथा शर्तों के अनुपालन हेतु आवश्यक कदम उठाकर / नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाही करके बैंक के ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार लाना.
- ऋण रेटिंग में सुधार करने के प्रयास करना.
- बीआइएफआर के अंतर्गत खातों की प्रगति पर निगरानी रखना.

अग्रिम खातों का पुनर्गठन

आस्ति गुणवत्ता को सुधारने हेतु सतत व्यवसाय रणनीति के रूप में बैंक द्वारा अग्रिम पोर्टफोलियों पर उद्योगवार और उधारकर्तावार रूप में ध्यान केन्द्रित किया गया ताकि वर्तमान स्थिति और भविष्य में आने वाली समस्याओं का विश्लेषण किया जा सके और अग्रिम खातों में अस्वस्थता / संभावित चूकों / संभावित न्यूनताओं की पहचान करके उचित और समय रहते सुधारात्मक उपाय करते हुए ऋण गुणवत्ता में क्षति को रोका जा सके.

बैंक के कार्पोरेट कार्यालय स्थित ऋण निगरानी विभाग द्वारा शुरूआती अस्वस्थता / संभावित चूक / न्यूनताओं की पहचान करने के लिए अनेक पहलें की हैं ताकि सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके. इसमें स्लिपेज रोकने के लिए उपयुक्त मामलों के पुनर्गठन तथा आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखना शामिल है. विभाग ने मासिक निगरानी रिपोर्ट (एमएमआर) के प्रारूप में संशोधन हेतु अंचल / क्षेत्रीय कार्यालयों से सुझाव मांगे. एमएमआर को संशोधित किया गया और इसे अधिक प्रभावी बनाने हेतु उसमें परिचालन इकाइयों से प्राप्त सुझाव शामिल किए गए.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान पुनर्गठित खातों के कुल बकाया की स्थिति 31 मार्च 2012 के निम्ननुसार थी.

वित्तीय वर्ष 2012 में पुनर्गठित ऋणों की बकाया राशि (घरेलू)
(31 मार्च, 2012 की स्थिति के अनुसार

(₹ करोड़ों में)

विवरण		सी डी आर पद्धति	एस एम ई पुनर्गठन	अन्य	कुल
पुनर्गठित मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	16	274	9,596	**9,886**
	बकाया राशि	1,534.03	435.31	6,276.61	**8,245.95**
पुनर्गठित अव मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	0	5	2,042	**2,047**
	बकाया राशि	0	10.38	5.09	**15.47**
पुनर्गठित संदिग्ध अग्रिम	ऋणियों की संख्या	0	2	40	**42**
	बकाया राशि	0	1.93	2.06	**3.99**
कुल	ऋणियों की संख्या	**16**	**281**	**11,678**	**11,975**
	बकाया राशि	**1,534.03**	**447.62**	**6,283.76**	**8,265.41**

उपरोक्त घरेलू पुनर्गठन के अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान रु. 613.78 करोड़ की बकाया राशि (31 मार्च 2012 को) के खातों का पुनर्गठन किया गया.

आपके बैंक ने अपने ऋण पोर्टफोलियो की आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए बड़ी राशि वाले अग्रिम खातों में खातों की समीक्षा, शर्तों एवं नियमों का अनुपालन, क्रेडिट रेटिंग में अपग्रेडेशन इत्यादि का कार्य तेजी से सुनिश्चित करने के लिए विशेष अनुवर्ती कार्यवाही भी शुरू की है.

आर्थिक आसूचना इकाई

बैंक के कार्पोरेट कार्यालय में कार्यरत विशेष आर्थिक आसूचना इकाई, नीतिपरक व्यवसाय आयोजना, निवेशक संबंध एवं ऋण तथा आस्ति देयता प्रबंधन बाजार जोखिम प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उच्च प्रबंधन वर्ग को सहयोग देती है. यह इकाई नियमित रूप से उच्च प्रबंधन वर्ग तथा बैंक की विभिन्न परिचालन इकाइयों को समय समय पर प्रमुख क्षेत्रों में जैसे औद्योगिक एवं संगठनात्मक विकास, मुद्रा स्फीति ब्याज दर, स्टॉक संचालन, ऋण विस्तार एवं बैंकिंग उद्योग हेतु संसाधन जुटाना, तरलता एवं विनिमय दरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों के संबंध में आवधिक रूप से जानकारी प्रदान करती है.

व्यापक आर्थिक पहलुओं, कार्पोरेट और वित्तीय क्षेत्र की नीतियों के संबंध में बेहतर समझ प्रदान कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आर्थिक आसूचना इकाई व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम फायदा उठाने हेतु बैंक के प्रयासों और बाजार के समीकरणों के हिसाब से अपने को अनुकूल बनाने में सहयोग प्रदान करती है.

आर्थिक आसूचना इकाई द्वारा व्यापक आर्थिक पहलुओं, विनिमय संबंधी प्रगति के संबंध में एक साप्ताहिक ई-बुलेटिन का प्रकाशन किया जाता है. ताकि बैंकरों, निवेशकों, नियामकों व अन्य शीर्ष उद्योगों को अपने सरोकारों से अवगत कराया जा सके. यह इकाई आर्थिक गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत करते हुए बैंक की बौद्धिक शक्ति के रूप में काम करती है जिसके आधार पर भविष्य में संतुलित कार्यनीतियां तैयार होती हैं.

आंतरिक नियंत्रण पद्धति

आपके बैंक ने वर्ष दर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करना जारी रखा है. साथ ही उसने आस्ति गुणवत्ता के संबंध में बिना समझौता किए गए तीन वर्षों में अपने व्यवसाय को दुगुना करने का रिकार्ड भी बनाए रखा है.

आपके बैंक के केन्द्रीय लेखा एवं परीक्षा प्रभाग ने व्यवसाय वृद्धि को बिना आहत किए बैंक के नियंत्रण एवं अनुपालन मानकों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है.

बैंक का केन्द्रीय निरीक्षण एवं लेखा प्रभाग, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा में स्थित है एवं यह अंचल मुख्यालयों पर स्थित अंचल निरीक्षण केन्द्रों के माध्यम से कार्य करता है और शाखाओं की जोखिम आंतरिक लेखा-परीक्षा के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को बनाए रखता है. सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (आई.एस.-ऑडिट) समवर्ती लेखा-परीक्षा तथा प्रबंधन लेखा परीक्षा, परिचालन इकाइयों द्वारा गुणवत्ता अनुपालन को बनाए रखना सुनिश्चित करते हैं.

नियमित शाखा निरीक्षण रिपोर्ट, आपके बैंक की प्रणाली एवं प्रक्रियाओं तथा परिचालन स्तर पर दिशानिर्देशों के अनुपालन स्तर के संबंध में प्रबंधन को सर्वाधिक व्यापक फ़ीडबैक प्रदान करती है. इस प्रकार यह नियंत्रण स्थापित करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन है. लेखा परीक्षित इकाइयों द्वारा रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रति-हस्ताक्षरित प्रस्तुत किए जाने-वाले, सुधार प्रमाणपत्रों के माध्यम से अनुपालन की निगरानी की जाती है.

बैंक की जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के तहत सभी शाखाएं शामिल हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट जोखिम संरचना के अनुरूप जोखिम के स्तर एवं दिशा का आकलन किया जाता है जिससे प्रबंधन को उन उच्च जोखिम क्षेत्रों को निर्धारित करने में सहायता मिलती है, जिन पर अलग से ध्यान दिए जाने की जरूरत है. शाखाओं के जोखिम वर्गीकरण की स्थिति की समीक्षा निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा त्रैमासिक आधार पर की जाती है. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आर. बी.आई.ए. के तहत 2769 शाखाओं का निरीक्षण किया गया. लगभग 1893 शाखाएं (68.36%) न्यून जोखिम, 748 शाखाएं (27%), मध्यम जोखिम एवं 128 शाखाएं (4.63%) उच्च जोखिम श्रेणी में थे.

बैंक की शाखाओं के कोर बैंकिंग प्लेटफार्म पर शत प्रतिशत माइग्रेट होने के पश्चात आई. एस. लेखापरीक्षा का कार्य आई.टी. संबंधित जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं प्रक्रियाओं को बैंक की आई.एस लेखा परीक्षा नीति के अनुसार सुदृढता आई. आपके बैंक का आई. एस.लेखा परीक्षा कक्ष विभिन्न रिपोर्टों के जनरेशन द्वारा अलग से निगरानी करने का कार्य भी करता है.

भारतीय रिज़र्व बैंक की अपेक्षाओं के अनुरूप 50.0% के व्यवसाय को कवर करने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 682 शाखाएं समवर्ती लेखा परीक्षा के अध्यधीन थी. जिसके तहत कुल 62.0% जमा राशियां तथा 81.0% अग्रिम एवं 70.0% समग्र व्यवसाय आता है.

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार 3708 ऋण खातों की ऋण लेखा परीक्षा की गई. जिसमें रू. 2,32,802 करोड़ की निधि एवं गैर निधि ऋण सीमाएं शामिल थी. ताकि ऋण मूल्यांकन की गुणवत्ता एवं बड़े ऋण खातों के संबंध में अनुपालन स्तर को बढ़ाया जा सके.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बैंक के स्टाफ़ कॉलेज एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों तथा बाहरी प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों में जोखिम प्रबंधन संबंधी विषयों पर 2892 स्टाफ़ सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया.

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति के दिशा-निर्देशों में बैंक के निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा का कार्य किया जाता है एवं यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक की व्यावसायिक वृद्धि एवं हितों के साथ-साथ लगातार अनुपालन पर फोकस बना रहे.

परिचालन एवं सेवाएं

ग्राहकोन्मुखी प्रयास

उत्कृष्ट ग्राहक सेवा तथा ग्राहक संतुष्टि हमेशा से ही बैंक के रोजमर्रा परिचालन के मूल उद्देश्य रहे हैं. बैंक ग्राहकों की जरूरतों एवं संतुष्टि के प्रति हमेशा से ही अति संवेदनशील रहा है एवं ग्राहकों को सतत आधार पर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाओं, उत्पादों एवं कर्मचारी कौशल के प्रति निरन्तर प्रतिबद्ध है.

हाल ही में बैंक ने शाखाओं में ग्राहक सेवा में सुधार हेतु अनेक उपाय किए हैं. साथ ही इसमें ग्राहक शिकायतों को तत्काल देर करने हेतु ग्राहक शिकायत निपटान प्रणाली को सुदृढ किया है. आपके बैंक ने ऑनलाइन शिकायत ट्रेकिंग मोड्यूल (ओसीएम) क्रियान्वित किया है ताकि ग्राहक अपनी शिकायत के बारे में स्थिति पर भी नजर रख सकें.

कुछ अन्य महत्वपूर्ण पहलें नीचे दी गई हैं :

- अंतर बैंक बचत बैंक खाता पोर्टेबिलिटि सुविधा उपलब्ध कराना.
- बाहरी चेकों/लिखतों की वसूली में हुई देरी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि के स्वतः भुगतान को सिस्टम में अंतर्निहित कर दिया गया है.
- बड़ौदा कनेक्ट द्वारा ऑन-लाईन सावधि जमा सुविधा
- फिनेकल प्रणाली में दर्ज सभी खातों में नामांकन का पंजीकरण. सभी नए खुलनेवाले खातों में नामांकन उपलब्ध कराने चाहिए एवं ग्राहक द्वारा नामांकन करने / अस्वीकार करने को रेकार्ड किया जाना चाहिए. इस आशय हेतु सूचित भी किया गया है.
- उन सभी बचत खाता/चालू खाता तथा ओडी के ग्राहकों के लिए, जिनके मोबाइल नं. बैंक के रेकार्ड (सीबीएस प्रणाली) में दर्ज हैं, रु.50,000 एवं उससे अधिक लेनदेनों के संबंध में एस.एम.एस. एलर्ट सुविधा उपलब्ध कराई गई है.
- शाखाओं को निष्क्रीय खातों वाले ग्राहकों के खातों को पुनः सक्रिय किए जाने हेतु अनुरोध करने के लिए नोटिस भेजने हेतु सूचित किया गया.

शाखाओं के स्तर पर ग्राहक सेवा में सुधार के प्रयास

शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों पेंशनरों सहित समाज के हरके तबके को आमंत्रित किया जाता है, के माध्यम से ग्राहक सेवा की गुणवत्ता के संबंध में फीड़ बैक प्रदान किया जाता है. इन बैठकों के दौरान प्राप्त सुझावों/विचारों को समेकित कर शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा के सुधार के संबंध में इनके कार्यान्वित किए जाने की व्यवहार्यता की जांच की जाती है.

बैंक सभी डिलीवरी चैनलों के माध्यमों से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर ध्यान दे रहा है. तथा ग्राहक संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी कर अधिकतम इस्तेमाल कर विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की विविध जरूरतों के लिए समुचित वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों तथा ई-उत्पादों जैसे कि एटीएम/डेबिट कार्ड/पीओएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग इत्यादि. प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं के द्वारा ग्राहकों की संतुष्टि का स्तर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. ग्राहकों के विविध हितों तथा आकांक्षाओं का विभिन्न प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों में सुधार करके ध्यान रखा जा रहा है.

अनुपालन

बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है तथा बैंक ने बीसीएसबीआई द्वारा अगस्त 2009 में संशोधित ग्राहकों के प्रति बचनबद्धता संहिता तथा माइक्रो एवं लघु उद्योगों के प्रति वचनबद्धता संहिता को अंगीकृत कर लिया है. बैंक की वेबसाइट पर संहिता प्रदर्शित की गई है और इसे शाखाओं में ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2011 की वार्षिक मौद्रिक एवं ऋणनीति की घोषणा करते समय प्रस्ताव किया था कि सभी बैंकों को ग्राहक सेवा/ग्राहक सरोकारों से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श तथा समीक्षा करने के लिए 6 महीने में एक बार निदेशक मंडल की बैठकों में समय देना चाहिए. इसके अनुपालन में बैंक के निदेशक मंडल ने जनवरी - जून 2011 तथा जुलाई-दिसंबर 2011 में ऐसी दो समीक्षा बैठकें आयोजित की. ये बैठकें बैंक के बोर्ड की दि. 27 अगस्त 2011 तथा 13 अप्रैल 2012 को हुई बैठकों के दौरान आयोजित की गई.

निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति

बैंक ने, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में ग्राहक सेवा के लिए निदेशक मंडल की उपसमिति का गठन किया है. 31 मार्च 2012 को इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे.

1. **श्री एम.डी. मल्या**, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2. **श्री राजीव कुमार बक्षी**, कार्यकारी निदेशक
3. **श्री एन.एस. श्रीनाथ**, कार्यकारी निदेशक
4. **डॉ. मशर्रत शाहिद**, निदेशक
5. **श्री मौलिन वैष्णव**, निदेशक

उप समिति द्वारा नीतियों का निर्माण एवं अनुपालन की समीक्षा की जाती है, जिससे ग्राहक सेवा में सतत सुधार सुनिश्चित होता है. समिति द्वारा जमाकर्ताओं/लॉकर धारकों/सुरक्षित अभिरक्षा में रखी गई वस्तुओं के जमाकर्ताओं संबंधी मृतक व्यक्तियों के 15 दिनों की अवधि से अधिक अवधि के निपटान हेतु लंबित दावों की स्थिति की निगरानी भी की जाती है. यह बैंकिंग लोकपाल के निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करती है.

ग्राहक सेवा संबंधी स्थायी समिति

बैंक ने **ग्राहक सेवा संबंधी प्रक्रिया तथा निष्पादन लेखा परीक्षा** की स्थायी समिति गठित की है. इस समिति में बैंक के दोनों कार्यकारी निदेशक, 4 महाप्रबंधकों सहित 3 प्रतिष्ठित व्यक्ति सदस्यों के रूप में शामिल हैं, यह समिति ग्राहक सेवा के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के समय पर प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गठित की गई है. साथ ही यह बैंक में प्रचलित व्यवहारों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा करने एवं निरन्तर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करते रहने का भी कार्य कर रही है.

शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा समिति की बैठकों में जो सुझाव आते है, उन्हें क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से तिमाही आधार पर प्रधान कार्यालय द्वारा प्राप्त कर लिया जाता है तथा इन्हें निष्पादक लेखा परीक्षा संबंधी स्थाई समिति के समक्ष रखा जाता है. फिर समिति की बैठकों का फीडबैक निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहक केन्द्रित उपाय एवं शिकायतों का निपटान

- बैंक ने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ग्राहक शिकायत निवारण पॉलिसी तथा ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली बनाई है. बैंक से संबंधित शिकायतों के लिए प्रधान कार्यालय में महाप्रबंधक - प्रभारी परिचालन एवं सेवाएं विभाग, को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है. अंचल तथा क्षेत्रीय स्तरों पर अंचल प्रमुख तथा क्षेत्रीय प्रमुखों को संबंधित अंचलों तथा क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नामित किया गया है. नोडल अधिकारियों के नाम तथा उनके टेलीफोन नम्बर सभी शाखाओं में प्रदर्शित किए गए हैं.
- ग्राहक सेवा तथा शिकायत निवारण प्रणाली के संबंध में समीक्षा नोट प्रत्येक तिमाही में निदेशक मंडल के समक्ष रखा जाता है, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय स्तर पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति तथा ग्राहक सेवा में सुधार के लिए बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जानकारी दी जाती है.

- ग्राहक शिकायतों को पूरी तरह दूर करने तथा बाधा रहित ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण किया जाता है तथा समय पर समुचित कार्रवाई की जाती है ताकि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो.

- बैंक के पास ग्राहक सेवा के संबंध में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियां हैं तथा इन्हें बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है.

ग्राहकों की सुविधा हेतु परियोजना कार्यालय, बीसीसी, मुंबई के परामर्श में एक इन-हाउस **ऑनलाइन कंप्लेंट टैकिंग मॉडयूल** विकसित किया गया है. प्रथम चरण में बैंक की सभी शाखाओं, क्षेत्रीय/अंचल कार्यालयों कार्यविभागों के लिए यूज़र आईडी एवं पासवर्ड जनरेट करने का कार्य पूर्ण किया गया है. सभी क्षेत्रीय कार्यालय एवं कार्यविभागों ने सफलतापूर्वक शिकायत मॉडयूल को एक्सेस किया. तदुपरांत बैंक की वेबसाइट के होम-पेज पर ऑनलाइन शिकायत का आयकॉन सक्रिय किया गया ताकि ग्राहक सरलता से इस तक पहुंच सकें.

"ऑनलाइन कंप्लेंट ट्रैकिंग मॉडयूल" की महत्वपूर्ण विशेषताएं नीचे दी गई हैं.

इससे शिकायकर्ता साथ ही साथ संबंधित शाखा/क्षेत्र/अंचल तथा प्रधान कार्यालय पूर्णतः/क्षेत्र/अंचल तथा प्रधान कार्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त करना संभव होता है.

- इससे सभी स्तरों पर संबंधित एस.एम.एस. रिपोर्टो को जनरेट करने की सुविधा मिलती है.

- इससे संबंधित प्राधिकारियों अर्थात शाखा/क्षेत्र/अंचल को शिकायत शीघ्र संतरित करना संभव होता है जिससे शिकायत के निपटान में लगनेवाले समय में काफी कमी आती है.

- संबंधित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अवधि के दौरान कार्रवाई न किए जाने पर शिकायत स्वतः अगले प्राधिकारी को पहुंच जाती है. इसी प्रकार नियंत्रक कार्यालयों को शिकायत के शीघ्र निस्तारण के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करने में मदद मिलती है.

- इस मॉडयूल के माध्यम से ग्राहक द्वारा सफलतापूर्वक शिकायत दर्ज करने संबंधी पावती संदेश के साथ एक टैकर आईडी जनरेट होता है.

निचले स्तर पर ग्राहक समितियों तथा विभिन्न अध्ययन /सर्वेक्षणों से प्राप्त फीडबैक/सुझावों के आधार पर बैंक ने समीक्षा वर्ष के दौरान शाखाओं में ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए ग्राहकोन्मुख कदम उठाए तथा पहल की.

केवाईसी-एएमएल-सीएफटी

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंड धनशोधन निवारक (एएमएल) मानक/आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकना (सीएफटी) तथा पीएमएलए 2002 के अन्तर्गत बैंक का दायित्व

बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित **केवाईसी-एएमएल-सीएफटी** पॉलिसी है. यह नीति बैंक के केवाईसी मानदंडों, एएमएल मानकों, सीएफटी उपायों का तथा धनशोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अन्तर्गत उपायों का मूल आधार है.

बैंक के **केवाईसी-एएमएल-सीएफटी** कार्यान्वयन की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं.

- इलेक्ट्रोनिक तरीके से नकदी लेनदेन रिपोर्ट **(सीटीआर)** जनरेट करना और कम्प्यूटर के माध्यम से इन्हें वित्तीय आसूचना इकाई को प्रस्तुत करना.

- प्रणाली आधारित संकेतों (एलर्टस) को जनरेट करने हेतु एएमएल सोल्यूशन का संस्थापन/कार्यान्वयन

- संदिग्ध लेनदेन रिपोर्टो **(एसटीआर)** का प्रणाली आधारित तरीके से पता लगाना तथा वित्तीय आसूचना इकाई को प्रस्तुत करना

- बैंक के ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छमाही में प्रणाली आधारित जोखिम वर्गीकरण (एएमएल के द्वारा) करना

- जाली मुद्रा/रिपोर्टो **(सीसीआर)** को वित्तीय आसूचना इकाई, आईएनडी नई दिल्ली को प्रस्तुत करना

- एफआईयू - आईएनडी को गैर लाभ संगठन लेनदेन रिपोर्ट **(एनटीआर)** प्रस्तुत करना

केवाईसी के पूर्ण अनुपालन से स्टाफ़ के साथ साथ ग्राहक को भी शिक्षित करने में मदद मिलती है, जिसके लिए बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं.

- बैंक ने ग्राहकों के लाभार्थ केवाईसी दस्तावेजों की सूची बैंक की वेबसाइट (www.bankofbaroda.com) पर प्रदर्शित की है.

- इसी प्रकार आंतरिक उपयोग के लिए बैंक के इन्ट्रानेट पर केवाईसी-एएमल पेज उपलब्ध कराया गया है जिस पर केवाईसी एएमएल सीएफटी शिक्षण से संबंधित शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है.

- बैंक के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में केवाईसी-एएमएल-सीएफटी दिशा-निर्देशों से संबंधित नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं.

- भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ तथा राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान में वरिष्ठ अधिकारियों/कार्यपालकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं.

- बैंक के प्रधान कार्यालय में दक्षता हासिल करने हेतु कार्पोरेट दृष्टिकोण तथा शाखाओं में केवाईसी ऑडिट हेतु सघन प्रयास किए जा रहे हैं.

बैंक ऑफिस परिचालन

रीजनल बैंक ऑफिस तथा सिटी बैंक ऑफिस

आपके बैंक ने दो प्रकार के बैंक ऑफिस - रीजनल बैंक ऑफिस (आरबीओ) तथा सिटी बैंक ऑफिस (सीबीओ) की अवधारणा को अंगीकार किया है. आरबीओ खाता खोलने के फार्मों (एओएफ) की केंद्रीकृत प्रक्रिया और वैयक्तिक चेक बुकों (पीसीबी) को जारी करने की केंद्रीकृत प्रक्रिया का संचालन करते हैं. आपके बैंक के 10 आरबीओ हैं - बड़ौदा, भोपाल, दिल्ली, कोयम्बतूर, मुंबई, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता, पुणे, जमशेदपुर में एक-एक आरबीओ. 31 मार्च, 2012 तक 1298 शाखाओं के लिए खाता खोल रहे हैं. आरबीओ ने 11 लाख से अधिक खाते खोले हैं. आरबीओ 2115 शाखाओं के लिए वैयक्तिक चेक बुक जारी करते हैं और अभी तक उन्होंने 36 लाख से अधिक वैयक्तिक चेक बुकें जारी की हैं.

सिटी बैंक आफिस आवक तथा जावक दोनों प्रकार के समाशोधन संव्यवहारों केन्द्रीकृत अपलोड के साथ-साथ सरकारी कलेक्शन तथा ईसीएस संव्यवहारों का कार्य करता है. आपके बैंक में 21 सीबीओ (सेवा

शाखाएं) हैं जहां प्रत्येक सिटी सेंटर में शाखाओं के लिए समाशोधन तथा ईसीएस को केन्द्रीकृत किया जाता है. 59 मुख्य शाखाओं (जहां स्थानीय शाखाओं के लिए समाशोधन का कार्य किया जाता है) में समाशोधन का केंद्रीकृत कार्य भी शुरू भी किया गया है.

करेंसी चेस्ट तथा सरकारी कारोबार वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान खोले गये नये कारोबारी क्षेत्र

- आपके बैंक ने देशभर में ई-भुगतान के माध्यम से 116 कस्टम हाऊस लोकेशन पर सीमा शुल्क के भुगतान को क्रियान्वित किया है.
- कस्टम शुल्कों के प्रत्यक्ष भुगतान के लिए प्राधिकृत दो नई शाखाओं को मिलाकर आईसीईएम 1.5 सॉफ्टवेयर के साथ कुल 10 सीमा शुल्क लोकेशन इंटरफेसेस.
- पीपीएफ / एससीएसएस कारोबार का कार्य करने के लिए 267 अतिरिक्त शाखाएं प्राधिकृत की गई.
- रेलवे के लिए ई-भाड़ा भुगतान युक्त यूटिलिटी स्थापित की गई.
- ई-स्टाम्पों की बिक्री के लिए स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया (एससीएचआईएल) के साथ करार संपन्न. यह व्यवसाय गुजरात, राजस्थान तथा दिल्ली राज्य में शुरू हो गया है.
- (1) महाराष्ट्र राज्य सरकार तथा (2) राजस्थान राज्य के लिए कार्य चल रहा है.
- वर्ष के दौरान (1) कर्नाटक (2) आंध्रप्रदेश (3) पश्चिम बंगाल (4) दिल्ली तथा (5) बिहार में बिक्री करों के ई-भुगतान का क्रियान्वयन.
- दमन एवं दीव के लिए राज्य करों के ई-भुगतान का प्राधिकार प्राप्त हो गया है.
- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब तथा हरियाणा राज्य में पेंशन के भुगतान हेतु अतिरिक्त प्राधिकार प्राप्त हो गया है.
- नई पेंशन योजना के तहत स्वावलंबन योजना का क्रियान्वयन.
- आपके बैंक का पेंशन तथा जीवन बीमा निधि हेतु क्रियान्वयन एजेन्सी बैंक के रूप में चयन किया गया है.
- महाराष्ट्र में व्यवसाय कर के ई-भुगतान का कार्य 1 जनवरी, 2012 से शुरू हो गया है.
- आपके बैंक की सेवा शाखा, नई दिल्ली का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ई-भुगतान हेतु नोडल शाखा के रूप में निर्धारण किया गया है और यह सुविधा मंत्रालय के सभी 11 भुगतान एवं लेखा कार्यालयों के लिए चालू कर दी गई है.
- आपके बैंक की नई दिल्ली की अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय शाखा का विदेश स्थित मिशन / जगहों के बीच विदेशी मुद्रा विप्रेषण हेतु विदेश मंत्रालय के साथ बैंकिंग व्यवस्था के रूप में निधियों के निपटान हेतु नोडल शाखा के रूप में चयन किया गया है.
- राजस्थान राज्य के राज्य सरकारी पेंशन भोगियों को पेंशन की प्रोसेसिंग एवं भुगतान हेतु केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग केंद्र की स्थापना का कार्य प्रक्रियाधीन है.
- रिलाइबल कॉलेज, गाजियाबाद के स्टाफ के वेतन खाते / छात्र खाते कैनवास किये गये.
- इंडियन पोर्टस एसोसिएशन, दिल्ली से अनुमति मिलने के बाद कांडला पोर्ट के साथ सहमति ज्ञापन निष्पादित किया गया.
- पोस्टल बिजनेस संबंधी ई-स्क्रॉल का क्रियान्वयन.

करेंसी प्रबंधन संबंधी कार्यनीति आयोजना (2011-14)

भुगतान प्रणाली में सुधार करने के लिए ग्राहक केंद्रित नवोन्मेषी कार्य के रूप में आपके बैंक ने करेंसी प्रबंधन 2011-14 संबंधी अपनी कार्य-नीति आयोजना के अंतर्गत नये करेंसी चेस्ट खोलने के लिए 26 नये केंद्रों (नीचे दिए उल्लेखानुसार) का निर्धारण किया है और इस प्रकार करेंसी चेस्टों की कुल संख्या 84 से बढ़कर 110 हो जायेगी.

क्र.	अंचल का नाम	तीन वर्षों में प्रस्तावित नये करेंसी चेस्ट
1.	बिहार, उड़ीसा एवं झारखंड अंचल	3
2.	पूर्वी अंचल	2
3.	बृहद मुंबई अंचल	0
4.	गुजरात परिचालन	1
5.	महाराष्ट्र एवं गोवा अंचल	2
6.	मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ अंचल	4
7.	उत्तरी अंचल	1
8.	राजस्थान अंचल	4
9.	दक्षिणी अंचल	2
10.	उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड अंचल	7
कुल		**26**

सतर्कता

आपके बैंक के सतर्कता विभाग का यह प्रयास रहा है कि परिचालन स्तर तथा नियंत्रक कार्यालय स्तर पर कार्यरत स्टाफ को निवारक तथा अन्वेषक उपाय करने में सम्यक सावधानी एवं सतर्कता बरतने के लिए प्रोत्साहत तथा सक्षम बनाया जाये. इससे कार्य-दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार स्टाफ के लिए सुरक्षा का माहौल तैयार करने में मदद मिलती है.

घोर लापरवाही के मामलों, जिनमें आपके बैंक की निधियां बचे जा सकनेवाले जोखिम में पड़ गई और ऐसे मामले, जिनमें व्यवसायिक निर्णयों की वजह से हानि हुई, के बीच सावधानीपूर्वक अंतर किया जाता है. प्रत्येक मामले की आवधिक निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि जांच-पड़ताल तेजी से समाप्त हो और सभी संबंधितों को निष्पक्ष प्रतीत हो. यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जाता है कि जहां जरूरी हो, वहां पेनल्टी समय पर तथा उचित हो.

आपके बैंक ने अपने परिचालनों में अनियमितताओं के विनिर्दिष्ट मामलों का पता लगाने के लिए अंचल / कार्य प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके रखा हुआ है. जनता / ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों और धोखाधड़ी के मामलों एवं दूसरी अनियमितताओं की जांच पड़ताल तेजी से की जाती है और जहां कही जरूरी हो, वहां सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही की जाती है.

मौजूदा प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं में खामियों / विसंगतियों की ओर संकेत करते हुए धोखाधड़ी के क्षेत्रों का अध्ययन सतत आधार पर किया जाता है ताकि परिचालनात्मक प्रक्रियाओं के नियंत्रण तथा उसको अद्यतन करने में सुधार लाया जा सके. ऐसी घटनाओं के घटित होने पर, सबंद्ध प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं की विस्तृत जांच-पड़ताल संबंधित कार्य विभाग की सहायता से किए जाते हैं ताकि आपके बैंक के हितों पर संभावित प्रतिकूल असर डालनेवाले कारकों तथा प्रोसेस का उन्मूलन किया जा सके अथवा उसे न्यूनतम किया जा सके.

हमें यह उल्लेख करते हुए खुशी है कि अप्रैल 2011 से मार्च, 2012 तक के दौरान परिचालन स्टाफ द्वारा दिखायी गई जागरूकता, सावधानी तथा सतर्कता के कारण बेइमान लोगों द्वारा किये गये 45 धोखाधड़ी के प्रयास विफल किये गये और इससे आपका बैंक बड़ी वित्तीय क्षति से बचा.

कारोबार निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आपके बैंक की प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है.

संसाधन संग्रहण एवं आस्ति विस्तार

31 मार्च, 2012 को कुल संसाधनों में बैंक की जमाराशियों का अंश 86.04% रहा. कुल जमाराशियां 3,05,439.48 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,84,871.11 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष से 26.01% की वृद्धि दर्शाती है. कम लागतवाली जमाराशियों में महत्वपूर्ण घटक बचत बैंक जमाराशियों में 15.71% की वृद्धि हुई और वह 64,454.04 करोड़ रुपये से बढ़कर 74,579.53 करोड़ रुपये हो गई. कुल जमाराशियों (घरेलू तथा वैश्विक) में कम लागतवाली जमाराशियों (चालू+जमा) का अंश 26.90% रहा है और घरेलू जमाराशियों में यह अंश 33.18% रहा.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक के कुल अग्रिम में 25.67% की वृद्धि हुई जो कि घरेलू अग्रिमों में 19.28% और विदेशी अग्रिमों में 43.92% की वृद्धि के रूप में दिखाई दी.

निधियों की संरचना - वैश्विक

विवरण	मार्च 2011 को समाप्त रु. करोड़	मार्च 2012 को समाप्त रु. करोड़	वृद्धि %
जमाराशियां	3,05,439.48	3,84,871.11	26.01
- घरेलू	2,33,323.30	2,80,135.26	20.06
- विदेशी	72,116.18	1,04,735.85	45.23
उधार	22,307.85	23,573.05	5.67

वैश्विक अग्रिम

विवरण	मार्च 2011 को समाप्त	मार्च 2012 को समाप्त	वृद्धि %
अग्रिम	2,28,676.36	2,87,377.29	25.67
- घरेलू	1,69,407.86	2,02,075.39	19.28
- विदेशी	59,268.50	85,301.90	43.92

होलसेल बैंकिंग

सशक्त कार्पोरेट ऋण संस्कृति तथा ऋण में बैंकिंग उद्योग के औसत से अधिक वृद्धि पिछले चार वर्षों से बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निरंतक विभेदक कारक रहे हैं.

वस्तुतः आपके बैंक का होलसेल बैंकिंग प्रभाग सभी प्रकार के ऋण उत्पादों एवं सेवाओं यथा मीयादी ऋण, अल्पावधि ऋण, मांग ऋण, कार्यशील पूंजी सुविधाएं, व्यापार वित्त उत्पाद, ट्रेजरी उत्पाद, पूरक ऋण, सामूहिक ऋण, संरचनात्मक ऋण, विदेशी मुद्रा / ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ऋण, भावी किराया प्राप्तियों के पेटे ऋण तथा और भी कई प्रकार के ऋण अपने बड़े एवं मध्यम कार्पोरेट ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रदान कर रहा है. ऋण उत्पाद एवं सेवाएं लचीली हैं और ग्राहक की जोखिम प्रोफाइल तथा विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उपयुक्त रूप से निर्मित की गई हैं.

बेहतर उत्पाद डिलीवरी, उत्साहपूर्ण सेवा उन्मुख व्यवहार, ग्राहकोन्मुख दृष्टिकोण के साथ समय से व तत्काल मंजूरी प्रदान करने के आधार पर आपके बैंक ने अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों, घरेलू व्यापारिक घरानों तथा प्रमुख सार्वजनिक कंपनियों को होलसेल बैंकिंग उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करके उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं.

विभाग ने ऋण प्रशासन में सक्षम चैनलों के माध्यम तथा बेहतर पद्धतियों को अपनाते हुए तेजी से डिलीवरी पर ध्यान केंद्रित किया. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान इसका भी प्रयास किया गया कि निर्णयों की गुणवत्ता से समझौता किये बिना त्वरित निर्णय लिये जायें.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान, भारतीय बैंकिंग उद्योग में गैर खाद्य ऋण वृद्धि सामान्यतः धीमी रही. तथापि, इस स्थिति के दौरान भी आपके बैंक के होलसेल प्रभाग ने अपनी फास्ट ट्रेक डेस्क के माध्यम से 130 नये संबंध बनाए विभाग ने देशभर में विद्यमान प्रोजेक्टों / यूनिटों वाले क्षेत्रों / उद्योगों को वर्ष के दौरान 60,955 करोड़ की नई / वर्धित ऋण सुविधाएं मंजूर की.

होलसेल बैंकिंग के तहत कार्पोरेट ग्राहकों को बड़े एवं मध्यम कार्पोरेट के रूप में निर्धारित किया जाता है. 150 करोड़ रुपये से 500 करोड़ तक की वार्षिक बिक्री टर्न ओवर वाली कंपनियों को मिड कार्पोरेट और 500 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक् बिक्री टर्न ओवर वाली कंपनियों को बड़े कार्पोरेट के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

मिड कार्पोरेट सेगमेन्ट की संभावनाओं पर ध्यान देने और उसको सेवा प्रदान करने की जरूरत को समझकर आपके बैंक ने देशभर में विभिन्न संभाव्य केंद्रों में विशेषीकृत मिड कार्पोरेट शाखाएं खोलने का महत्वपूर्ण नवोन्मेषी कार्य किया. इन शाखाओं में अनुभवी तथा पेशवर सक्षम स्टाफ है. इस सेगमेंट को अधिक महत्व देते हुए आपके बैंक ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन परामर्शदायी फर्म के माध्यम से इन विशेषीकृत शाखाओं के लिए अपने स्टाफ का निर्धारण करने हेतु सुविधाजनक दक्षता तथा विशेषज्ञ क्षेत्र में ज्ञान हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था की.

आपके बैंक ने एक और विशेषीकृत सीएफएस (कार्पोरेट वित्तीय सेवा) शाखा भी खोली है और इस प्रकार सीएफएस शाखाओं की कुल संख्या 11 हो गई है.

आपके बैंक के होलसेल बैंकिंग विभाग में सक्षम "प्रोजेक्ट वित्त प्रभाग" भी है. प्रोजेक्ट वित्त प्रभाग में विभिन्न क्षेत्रों के पेशवर लोग हैं और वे आपके बैंक तथा दूसरे बैंकों के ग्राहकों के लिए तकनीकी मूल्यांकन एवं व्यवहार्यता (टीईवी) का अध्ययन करते हैं. विभाग में ग्राहकों के सामूहिक घरेलू वित्तपोषण आवश्यकताओं के लिए सिंडीकेशन डेस्क भी है. विभाग टीईवी अध्ययनों प्रोजेक्टों की पुनरीक्षा तथा सिंडीकेशन डीलों के माध्यम से पर्याप्त शुल्क आधारित आय अर्जित करता है.

आपका बैंक सभी स्तरों पर ऋण प्रस्तावों के मूल्यांकन की गुणवत्ता तथा दक्ष प्रोसेसिंग को काफी महत्व देता है ताकि आस्ति गुणवत्ता को बनाये रखने के साथ-साथ इसको हासिल करने में कुशल तथा उत्साही कर्मचारियों के महत्व को रेखांकित किया जा सके. इस बात को ध्यान में रखकर आपके बैंक ने ऋण तथा फोरेक्स अधिकारियों के नियमित विकास पर निरंतर जोर दिया. आपके बैंक ने कैम्पस से विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती के साथ-साथ पेशवर अनुभवी स्टाफ की भर्ती भी निरंतर जारी रखी.

रिटेल व्यवसाय

पूर्व की भांति वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान रिटेल व्यवसाय बैंक के समग्र व्यवसाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा. वर्ष के दौरान रिटेल बैंकिंग के क्षेत्र में आपके बैंक के रिटेल कारोबार की विशेषताएं इस प्रकार हैं:-

रिटेल ऋण के अंतर्गत वृद्धि

आपके बैंक की रिटेल ऋण बही में पांच प्रमुख उत्पाद शामिल हैं (जिनके नाम हैं होम लोन, आटो लोन, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स लोन और मोर्टगेज लोन) जो एक साथ मिलकर कुल रिटेल ऋण में 74.0% की हिस्सेदारी निभाते हैं और अन्य उत्पादों ने, जिनके नाम लाबोड/ओडीबीओडी हैं, वर्ष 2012 के दौरान कुल रिटेल ऋणों में 21.00 की हिस्सेदारी निभाई. इसके अतिरिक्त उत्पादों जैसे बडौदा पर्सनल लोन और विविध उत्पादों, जैसे डाक्टरों को ऋण, सरकारी प्रतिभूतियों के पेटे ऋण ने कुल रिटेल ऋणों में लगभग 5.0% का योगदान किया.

31 मार्च 2012 को कुल बकाया रिटेल ऋण 35,668 करोड़ रु. रहा, जबकि 31 मार्च 2011 को ये 32,435 करोड़ रु. के स्तर पर थे. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान कुल रिटेल ऋणों के तहत 3233 करोड़ रुपए (9.97%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह वृद्धि 33.76% (8187 करोड़ रुपए) थी. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक के रिटेल व्यवसाय की वृद्धि, भारतीय बैंकिंग उद्योग में व्याप्त समग्र व्यवसाय क्षेत्र प्रवृत्ति के अनुरूप रही.

प्रमुख रिटेल उत्पादों के तहत वृद्धि

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान पांच प्रमुख उत्पादों ने कुल रिटेल ऋणों में 74.0% का योगदान दिया और 3102 करोड़ रुपए (13.43%) की कुल वृद्धि दर्ज की जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान यह 4095 करोड़ रुपए (21.56%) थी.

होम लोन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 1594 करोड़ रुपए (12.71%) की कुल वृद्धि दर्ज हुई जबकि पिछले वर्ष यह 2227 करोड़ रुपए (21.59%) थी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आटो ऋण के तहत 384 करोड़ रुपए (18.76%) की कुल वृद्धि दर्ज हुई जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह वृद्धि 612 करोड़ रुपए (42.58 %) थी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान ट्रेडर्स ऋण के तहत 876 करोड़ रुपए (18.63%) की कुल वृद्धि दर्ज हुई जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह 852 करोड़ रुपए थी (22.15%) थी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बडौदा मोर्टगेज ऋणों के तहत 97 करोड़ रुपए (4.68%) की कुल वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह 176 करोड़ रुपए (9.40%)थी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान शिक्षा ऋणों के तहत 150 करोड़ रुपए (8.72%) की वृद्धि दर्ज हुई जबकि वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान यह 226 करोड़ रुपए (15.11%) थी.

लाबोड/ओडीबीओडी के तहत 2307 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई. बडौदा व्यक्तिगत ऋणों के तहत बयाना जमा हेतु ऋण की चुकौती के कारण 31 मार्च 2011 के स्तर के मुकाबले 2183 करोड़ रुपए की नकारात्मक वृद्धि दर्ज दी गई थी. विचाराधीन वर्ष के दौरान अल्पावधि ऋणों की चुनौती के कारण कुल रिटेल ऋणों के तहत कम वृद्धि हुई.

रिटेल ऋण के तहत एनपीए

31 मार्च 2012 को बैंक के रिटेल ऋणों के अंतर्गत गैर निष्पादक आस्तियों की राशि 682 करोड़ रुपए (1.91%) रही जबकि यह 31 दिसंबर 2011 को 662 करोड़ रुपए (2.13%) और 30 सितंबर 2011 को 649 करोड़ रुपए थी. 31 मार्च 2011 को एनपीए 580 करोड़ रुपए (1.79%) के स्तर पर था.

बचत बैंक जमाएं

31.3.2012 को आपके बैंक की समग्र **बचत जमाएं** 9611 करोड़ रु. (15.27%) की वृद्धि के साथ 72,570 करोड़ रुपए के स्तर पर रहीं जबकि 31.3.2011 को 62,959 करोड़ रु. थी. 31.3.2010 के स्तर के मुकाबले ये पिछले वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान 22.87% की वृद्धि के साथ 11,717 करोड़ रुपए थी.

रिटेल मीयादी जमाएं

31 मार्च 2011 के 95,325 करोड़ रुपए के स्तर के मुकाबले 31 मार्च 2012 को आपके बैंक की रिटेल मीयादी जमाएं 1,18727 करोड़ रुपए के स्तर पर रही. इस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष के 12,295 करोड़ रुपए अर्थात 14.80% के मुकाबले 23,402 करोड़ रुपए अर्थात 24.55% की वृद्धि दर्ज हुई.

समग्र रिटेल जमाओं अर्थात बचत जमाओं के साथ रिटेल मीयादी जमाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 33013 करोड़ रुपए अर्थात 20.85% की कुल वृद्धि दर्ज की गई जबकि यह वित्तीय वर्ष 2011 में 24012 करोड़ रुपए अर्थात 17.88% थी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान रिटेल बैंकिंग में नवोन्मेषी कार्य

नये उत्पादों का शुभारंभ

बडौदा फर्स्ट वेल्थ पैक, जो दो उत्पादों का मिश्रण है जिसका नाम बडौदा फर्स्ट सेविंग बैंक और बडौदा फर्स्ट रेगुलर डिपाजिट है, यूलिप और टर्म इन्श्यूरेंस प्लान नामक दो बीमा उत्पादों के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 2 जनवरी 2012 को शुरू किया गया. मार्च 2012 की समाप्ति तक आपके बैंक द्वारा 53,516 पैक बेचे गए.

श्री एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा बड़ौदा फर्स्ट वैल्थ पैक का शुभारंभ

- दिनांक 6 मार्च 2012 को बडौदा समृद्धि तिमाही आवर्ती जमा एवं बडौदा समृद्धि छमाही आवर्ती जमा योजना का शुभारंभ किया गया जिनका मुख्य उद्देश्य कृषि, स्व नियोजित एवं प्रोफेशनल आदि की सहायता करना है.
- व्यवसाय लीड प्राप्त करने और बिक्री व सेवा संस्कृति विकसित करने के लिए 163 बडौदा नवनिर्माण शाखाओं में बिक्री परिचालन मॉडल का शुभारंभ किया गया.

उत्पाद संशोधन

- वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान सभी मेट्रो एवं शहरी केन्द्रों पर निवासी भारतीयों और एनआरआई/पीआईओ को बडौदा आवास ऋण के तहत अधिकतम सीमा को मौजूदा 100 लाख रुपए से बढाकर 300 लाख रुपए के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया.
- आवास ऋण खातों के समयपूर्व समापन हेतु चुकौती प्रभारों को 15 दिसंबर 2011 से पूर्णतः माफ कर दिया गया.

व्यवसाय संबधी पहलें

- **बचत बैंक जमा अभियानः** कम लागत जमा राशियों के संग्रहण के लिए 1 जून 2011 से दो माह के लिए बचत बैंक जमा अभियान की शुरूआत की गई. बढ़ती ब्याज दरों के परिदृश्य में बचत बैंक जमा संग्रहण की चुनौतियों को भांपते हुए इस अभियान की अवधि को 31 अगस्त 2011 तक बढ़ा दिया गया. बचत बैंक अभियान को गतिशील करने की दृष्टि से बचत बैंक अभियान को 2 जनवरी 2012 से 31 मार्च 2012 तक पुनः चलाया गया. इसके अलावा विजेता शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए "इवनिंग विथ सीएमडी" और "पिकनिक विथ स्टाफ" नामक विशेष प्रोत्साहन योजनाओं की शुरूआत की गई.

श्री एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पुणे में आयोजित "एक शाम सी.एम.डी के साथ" समारोह में पुरस्कार प्रदान करते हुए

- **रिटेल ऋण अभियानः** आवास ऋणों और कार ऋणों पर विशेष ध्यान के साथ त्योहारों मौसम की संभावनाओं के दोहन और अनुकूल परिस्थितियों वाले वर्ष का लाभ उठाने की दृष्टि से 26 सितंबर से 30 नवंबर 2011 के दौरान एक रिटेल ऋण उत्सव अभियान का शुभारंभ किया गया. रिटेल ऋण अभियान की सफलता से प्रोत्साहित होकर इसे आटो ऋणों में आरओआई रियायतों को 0.25% से बढाकर 0.50% करने के साथ 31 मार्च 2012 तक और आगे बढ़ा दिया गया. बचत बैंक जमा अभियान और रिटेल ऋण अभियान दोनों के काफी अच्छे परिणाम रहे.
- **नए सिटी सेल्स ऑफिस खोलनाः** वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान हल्द्वानी, रायबरेली, फैजाबाद, रायपुर, भोपाल, इंदौर, बेंगलूरू, गाजियाबाद और राजकोट में नौ सिटी सेल्स ऑफिस खोले गए.
- **नई रिटेल लोन फैक्ट्रियां खोलनाः** वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान, हल्द्वानी, देहरादून और नासिक में तीन नई रिटेल लोन फैक्ट्रियां खोली गई.
- **रियायतों के लिए अतिरिक्त विवेकाधीन शक्तियों का प्रत्यायोजनः** वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान नया व्यवसाय संगृहीत करने और रिटेल ऋण बही का विस्तार करने के लिए आपके बैंक के सभी अंचल प्रमुखों को बडौदा ट्रेडर्स ऋण पर लागू ब्याज दर में 100 बीपीएस की सीमा तक रियायत देने पर विचार करने हेतु अधिकार प्रदान किए गए.
- **समूह जीवन बीमा कवर उपलब्ध करानाः** वर्तमान में आवास ऋणों और शिक्षा ऋणों पर उपलब्ध सुविधा के अतिरिक्त आटो ऋणों और व्यक्तिगत ऋण उधारकर्ताओं के लिए समूह ऋण जीवन बीमा कवर अनुमोदित किया गया. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बीमाकर्ताओं द्वारा कुल 18 मृत्यु दावों का निपटान किया गया.
- **धोखाधड़ी निवारण के लिए अपनाई गई रणनीतिः** रिटेल ऋणों के अंतर्गत धोखाधड़ी रोकथाम हेतु एक जांच सूची के जरिए शाखाओं द्वारा 3 नए विभिन्न उपायों के अलावा सत्यापन की पद्धति की भी शुरूआत की गई.
- **आवास ऋण सुरक्षा बीमा योजनाः** (नेशनल इन्श्योरेंस कं.लि. के साथ टाई-अप व्यवस्था) के तहत विचाराधीन वर्ष के दौरान बीमाकर्ताओं द्वारा कुल दस दुर्घटना मृत्यु दावों का निपटान किया गया.

धन संपदा प्रबन्धन सेवाएं

अपने ग्राहकोन्मुखी प्रयासों के एक भाग के रूप में, आपका बैंक वर्ष 2004 से ही अपने एचएनआई एवं मूल्यवान ग्राहकों के लिए **धन संपदा प्रबंधन सेवाएं** उपलब्ध कराता रहा है. वर्तमान में आपका बैंक विभिन्न साझीदारों के साथ टाई अप व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य बीमा को शामिल करते हुए, म्यूचुअल फंड और इक्विटी ट्रेडिंग जीवन बीमा, गैर जीवन बीमा में विभिन्न

अन्य पक्षीय उत्पाद उपलब्ध करा रहा है. इस क्षेत्र में और अधिक आगे बढ़ते हुए आपके बैंक ने म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा में अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ दो संयुक्त उद्यम स्थापित किए हैं.

बडौदा पायोनियर असेट मैनेजमेंट कं.लि., इटली की पायोनियर इनवेस्टमेंट कं. के साथ म्यूचुअल फंड में आपके बैंक का संयुक्त उद्यम और आंध्र बैंक तथा यूके की एल एंड जी के साथ जीवन बीमा में एक संयुक्त उद्यम, इंडिया फर्स्ट लाइफ ने भारतीय बाजार में अपने को सफलतापूर्वक स्थापित किया और अपनी स्थापना से लेकर अपने कार्य निष्पादन में निरंतर सुधार किया.

वित्तीय वर्ष 2012 भारतीय इक्विटी के लिए अस्थिर रहा और व्यापक उतार चढ़ावों ने निवेशकों की समग्र भावनाओं को प्रभावित किया. परीक्षा की इस घड़ी में आपके बैंक ने अपनी कार्यनीतियां बदलीं और बाजार में आए आकस्मिक उतार-चढावों से ग्राहकों को सुरक्षित करने की दृष्टि से एसआईपी रूट के माध्यम से म्यूचुअल फंड निवेशकों पर ध्यान केंद्रित किया. कार्यनीतियां सफल रहीं और इससे बडी संख्या में ग्राहक लाभान्वित हुए. आपके बैंक ने ग्राहकों में अनुशासित बचत/निवेश की आदत विकसित की और साथ ही अपने व्यवसाय में भी वृद्धि की. पिछले दो वर्षों के दौरान आपके बैंक ने एएसबीए(एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लाक्ड अमाउंट) के क्षेत्र को व्यापक करने और इसे चयनित शाखाओं तक विस्तारित करने और अपने नेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए आन-लाइन सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने उन ग्राहकों के लिए समूह असबा (ASBA) सुविधा का शुभारंभ किया जो ब्रोकर्स जैसे अन्य मध्यस्थों के माध्यम से आईपीओ/एफपीओ/एनएफओ आवेदन करना चाहते हैं.

यह उल्लेखनीय है कि धन संपदा प्रबंधन क्षेत्र के तहत आपके बैंक के प्रयास उत्साहवर्धक रहे हैं और इसने बैंक की समग्र ब्याज इतर आय में योगदान दिया है.

एमएसएमई व्यवसाय

माइक्रो, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण घटक है. यह व्यवसाय भारत के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कुल औद्योगिक उत्पादन का 40.0%, औद्योगिक इकाइयों का 95.0% तथा कुल रोजगार में 35.0% का योगदान देता है. एसएमई क्षेत्र में सेवा क्षेत्र - विशेषकर आईटी संबंधी सेवाएं, स्वागत सत्कार संबंधी सेवाएं, पर्यटन, कूरियर सेवाएं, परिवहन आदि का योगदान काफी महत्वपूर्ण है.

बृहत मुंबई अंचत द्वारा आयोजित एस एम ई ग्राहक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक श्री एन. एस. श्रीनाथ

भारत में उभरती एसएमई पर पर्याप्त ध्यान केन्द्रित करते हुए आपका बैंक 150 करोड़ रुपए तक के टर्नओवर वाली अन्य वाणिज्यिक इकाइयों को एसएमई के समतुल्य मानते हुए इन पर विचार करता रहा है. एसएमई सेक्टर के विकास के लिए बैंक ने एक विशिष्ट एवं नूतन डिलीवरी मॉडल जैसे एसएमई लोन फैक्टरी शुरू की है जो वर्तमान में बैंक के 46 केन्द्रों पर संचालित है तथा इसे बाजार का समर्थन भी मिल रहा है. एसएमई लोन फैक्टरी, एसएमई ऋण प्रस्तावों को समय पर स्वीकृत करने हेतु प्रक्रिया को सरल बनाने का एक नवोन्मेषी मॉडल है. यह मॉडल केन्द्रीय प्रक्रिया कक्ष से युक्त है जो ऋण प्रस्तावों का नियत समयावधि में शीघ्र मूल्यांकन और इनकी स्वीकृतियों का कार्य देखता है. शाखाओं द्वारा जनरेट किए गए लीडस पर सेल्स टीम अनुवर्ती कार्रवाई करती है. इसकी सफलता से प्रोत्साहित होकर आपका बैंक आगामी वर्ष में इस प्रकार की और अधिक लोन फैक्ट्रियां खोलने की योजना बना रहा है. बैंक की देश भर में सभी प्रमुख व्यावसायिक केन्द्रों, यथा आगरा, अहमदाबाद, इलाहाबाद, बेंगलूरू, बरेली, बड़ौदा, भीलवाड़ा, भुवनेश्वर, बलसाड़, भरूच, चंडीगढ, चेन्नई, कोयम्बत्तूर तथा देहरादून, दिल्ली में दो, एर्नाकुलम, गांधीधाम, गोरखपुर, हैदराबाद, हल्द्वानी, इन्दौर, जयपुर, जमशेदपुर, जामनगर, जोधपुर, कानपुर, कोल्हापुर, कोलकाता, लखनऊ, लुधियाना, मुंबई में 3, मेरठ, मेहसाणा, नागपुर, नासिक, पुणे, पटना, राजकोट, रायपुर, सूरत, शाहजहांपुर, वाराणसी और विशाखापटनम पर एसएमई लोन फैक्ट्रियां है. इन एसएमई लोन फैक्ट्रियों ने गत वर्ष रुपए 14,530/- करोड़ की स्वीकृति की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012 में कुल 18,619/- करोड़ रुपए की ऋण स्वीकृति प्रदान की है.

व्यवसाय में वृद्धि

31 मार्च 2012 को एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत कुल बकाया राशि 34,512 करोड़ रुपए रही. गत तीन वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र के तहत ऋणों में बढ़ोत्तरी निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है.

वर्ष	वृद्धि (% वर्ष-दर-वर्ष)
2009-10	43.98%
2010-11	29.63%
2011-12	26.11%

वित्तीय वर्ष 2010 के दौरान एमएसएमई ऋण के तहत अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि दर्ज की गई क्योंकि सितंबर 2009 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसरण में इस वर्ष खुदरा व्यापार के लिए स्वीकृत ₹ 20.00 लाख तक के अग्रिमों को पहली बार सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्रों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया.

वित्तीय वर्ष 2012 की प्रमुख उपलब्धियां

वर्ष 2010-11 में सेंट्रल जोन में पीएमईजीपी योजना के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए श्री वीरभद्र सिंह, केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री, भारत सरकार से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री आर. के. बक्षी, कार्यकारी निदेशक

- गत वर्ष में ₹ 27,365 करोड़ के एस एम ई ऋण स्वीकृत किए गए थे जिसमें (26.11%) की दर से ₹ 7,147 करोड़ की वृद्धि हुई और यह आंकड़ा मार्च 2012 तक ₹ 34,512 करोड़ पहुंच गया.
- वित्तीय वर्ष 2012 में एस एम ई क्षेत्र को स्वीकृत ₹ 28,047 करोड़ की कुल अग्रिम राशि में सूक्ष्म उद्यमों को स्वीकृत ₹ 15,455 करोड़ की ऋण राशि, 55.10% रही है जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनिवार्य लक्ष्य के अनुरूप है.
- एस एम ई अग्रिमों ने 31 मार्च 2012 तक आपके बैंक के सकल घरेलू अग्रिमों में 16.8% का योगदान किया है.
- मार्च 2012 की समाप्ति पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अग्रिम के संबंध में ₹ 27000 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में यह स्तर ₹ 28,047 करोड़ रहा.
- वित्तीय वर्ष 2012 की समाप्ति पर आपके बैंक ने 10 नई एस एम ई लोन फैक्ट्रियां तथा 08 नई एसएमई विशेषीकृत शाखाएं खोलीं.
- आपके बैंक ने अपने एमएसएमई व्यवसाय को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बड़ौदा चैनल फायनेन्सिंग जैसे एक नए उत्पाद को पायलट आधार पर शुभारंभ किया है.
- आपके बैंक ने लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए बड़ौदा उद्यमी पुरस्कार का शुभारंभ किया है.

वर्ष 2012 के दौरान एमएसएमई वित्तपोषण संबंधी पहलें

1. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान स्थानीय ग्राहकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पांच ग्राहक केन्द्रित एवं क्षेत्र विशिष्ट उत्पाद आरंभ किए हैं, जबकि विद्यमान 10 ग्राहक केन्द्रित एवं क्षेत्र विशिष्ट उत्पादों को नवीकृत किया.
2. आपके बैंक ने हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर में एआईएमए के सहयोग से उद्यमियों के लिए "मैनेजमेंट स्किल्स टू सोर्स फोइनेंसिंग एण्ड मैनेजमेंट ऑफ टेक्नॉलॉजी बाइ एसएमई" पर कार्यशालाएं आयोजित कीं.
3. आपके बैंक ने *'प्रोट्रैक'* (एसएमई क्रेडिट प्रस्तावों के लिए एक ई-ट्रैकिंग सिस्टम) की शुरूआत की है ताकि टर्नअराउंड समय पर उचित नियंत्रण रखा जा सके.
4. एसएमई अग्रिमों को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने दिनांक 01 जनवरी 2012 से 31 मार्च 2012 तक एसएमई त्यौहार मनाया. इस अवधि के दौरान स्वीकृत ऋणों के लिए ब्याज दर तथा सेवा प्रभारों में कुछ छूट की भी घोषणा की गई.
5. आपके बैंक ने सीजीटीएसएमई द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बैंक ऋण तथा क्रेडिट गारंटी की भूमिका पर आयोजित कार्यशालाओं में भाग लिया.
6. आपके बैंक ने विशेष अभियान के माध्यम से सीजीटीएसएमई के तहत कोलैटरल फ्री ऋण पर जोर दिया.
7. संवर्धित क्रॉस सेलिंग के माध्यम से समग्र ग्राहक संबंध की स्थिति हासिल करने के लिए विभिन्न स्थानों पर अनेक बैठकें आयोजित की गईं तथा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न व्यापार संगठनों को संलग्न किया गया.
8. आपके बैंक ने प्रशिक्षण केन्द्रों और स्टाफ कॉलेज के माध्यम से बाहय प्रशिक्षण तथा विशेष पाठयक्रमों के जरिए एसएमई लोन फैक्ट्रियों में कार्यरत प्रोसेसिंग/मार्केटिंग अधिकारियों को दक्ष बनाने एवं ज्ञान संवर्धन के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए.
9. आपके बैंक ने सभी को अवगत कराने तथा सर्वोत्तम एसएमई लोन फैक्ट्री को छमाही/वार्षिक आधार पर सम्मानित/पुरस्कृत करने के उद्देश्य से एसएमई लोन फैक्ट्रियों के कार्यनिष्पादन की मासिक आधार पर रैंकिंग प्रदान करने की शुरूआत की.
10. एमएसएमई उधारकर्ताओं के आवेदनों के संग्रहण हेतु आपके बैंक ने एनएसआईसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

श्री एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा एस एम ई बुकलेट का विमोचन. साथ में हैं श्री एन. एस. श्रीनाथ, कार्यकारी निदेशक एवं श्री जे. रमेश, महाप्रबंधक (एसएमई एवं धन संपदा प्रबंधन सेवाएँ).

11. आपके बैंक ने अपने एसएमई उत्पादों तथा सीजीटीएमएसई योजना की जानकारी देकर उद्यमियों की सहायता करने हेतु एक प्रायोगिक मार्गदर्शिका तैयार की.
12. एसएमई खातों की रेटिंग के लिए आपके बैंक ने चार क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के साथ समझौता करार पर हस्ताक्षर किए हैं.

ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग

आप जानते ही हैं कि आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि ऋणों के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है. बैंक ने अपने 1,270 ग्रामीण शाखाओं तथा 1,045 अर्धशहरी शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण बाजार की विस्तृत संभावनाओं का निरंतर दोहन करता रहा है.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान भी ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में 314 नई शाखाएं खोली हैं.

आपके बैंक को उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों में **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी)** के संयोजक होने का गौरव प्राप्त है. आपका बैंक गुजरात (12), राजस्थान (12), उत्तर प्रदेश (15), उत्तरांचल (2), मध्य प्रदेश (2), एवं बिहार (2) राज्यों में 45 जिलों में अग्रणी बैंक की भूमिका निभा रहा है.

आपके बैंक ने विविध राज्यों में 1,300 शाखाओं के नेटवर्क और मार्च 2012 के अंत में रु.21,700 करोड़ के कुल व्यवसाय सहित पांच **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी)** को प्रायोजित किया है.

वर्ष 2012 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों में कार्यनिष्पादन

बैंक के प्राथमिकता प्राप्त अग्रिम मार्च 2011 के अंत में रु. 57,364 करोड़ से बढ़ कर मार्च 2012 के अंत में रु. 68,527 करोड़ हो गए जो समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) का 43.37% है, जबकि अनिवार्य लक्ष्य 40.00% है.

कृषि अग्रिमः आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम वर्ष के दौरान रु.4,266 करोड़ की समग्र वृद्धि एवं गत वर्ष की तुलना में 24.86% की बढ़त के साथ रु.21,423 करोड़ हो गए. आपके बैंक के कुल कृषि अग्रिमों में गतवर्ष की तुलना में 18.38% की वृद्धि हुयी और ये मार्च 2012 के अंत में रु.29,036 करोड़ हो गए. आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि ऋण मार्च 2012 के अंत में समायोजित शुद्ध बैंक ऋणों (एएनबीसी) का 13.56% रहे, जबकि अनिवार्य लक्ष्य 13.50% का है. इतना ही नहीं, कुल कृषि अग्रिम भी 18.00% के अनिवार्य लक्ष्य की तुलना में एएनबीसी का 18.06% रहे.

आपके बैंक ने कृषकों को ऋण प्रदान करने हेतु अपने कृषि ऋण उत्पाद बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत् वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 3,09,685 क्रेडिट कार्ड जारी किए. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने 3,73,283 नये किसानों को ऋण प्रदान किए. अपने माइक्रो वित्तपोषण के नवोन्मेषी प्रयासों के एक भाग के रुप में आपके बैंक ने 19,455 स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान रु. 214 करोड़ की राशि प्रदान की, जिसके फलस्वरुप स्वयं सहायता समूह ऋण सहबद्धता की कुल संख्या 1,54,397 एवं राशि रु. 1,171 करोड़ हो गयी.

अजमेर राजस्थान में बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण - समारोह में श्री एच. आर. खान, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं श्री एन. एस. श्रीनाथ, कार्यकारी निदेशक उपस्थित थे

व्यवसाय और सामाजिक पहलें

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान ग्रामीण एवं कृषि ऋणों हेतु उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के प्रयोजन से अनेक नवोन्मेषी पहलों की शुरुआत की. इनमें से कुछ का उल्लेख नीचे किया गया है :

1. कृषि अग्रिमों को बढ़ाने के लिए बैंक ने विशेष अभियान अर्थात फसली ऋणों के लिए खरीफ एवं रबि अभियान चलाये, जिनमें क्रमशः 3,676 करोड़ रु. तथा 2,013 करोड़ रु. की राशि संवितरित की गयी. निवेश क्रेडिट के लिए एक अन्य अभियान भी चलाया गया जिसके तहत् 1,178 करोड़ रु. की राशि संवितरित की गयी.
2. आपके बैंक ने 5,944 ग्राम्य स्तरीय ऋण शिविर आयोजित किये और वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 2,84,062 उधारकर्ताओं को रु.3,169 करोड़ की राशि संवितरित की.
3. बैंक ने पूरे देश में 450 थ्रस्ट शाखाओं का चयन किया है, जिसका उद्देश्य कृषि ऋणों को बढ़ाना है. इन शाखाओं ने मार्च 2012 के अंत तक कुल कृषि ऋणों में 33% का योगदान किया है.
4. राइस मिल, कोल्ड स्टोरेज, कॉटन गिनिंग यूनिट, पोल्ट्री इकाइयों इत्यादि जैसे उद्योगों के संकेन्द्रण वाले क्षेत्रों हेतु आपके बैंक ने क्षेत्र विशिष्ट योजनाएं बनाई हैं, जो कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल हैं. ब्याज दर प्रभार इत्यादि के संबंध में इन योजनाओं के तहत विशेष छूट प्रदान की गई ताकि अधिकतम व्यवसाय प्राप्त किया जा सके.

बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र (बीजीपीके) आपके बैंक के नवोन्मेषी प्रयासों में से एक है जिसके माध्यम से बैंक ग्रामीण समुदाय को ऋण के संबंध में सलाह, वित्तीय शिक्षा तथा अन्य सेवाएं जैसे कि कृषि उत्पादों की वैज्ञानिक ढंग से खेती इत्यादि कीमतों के बारे में जानकारी प्रदान करता है. बैंक 31 मार्च 2012 तक 52 बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र स्थापित कर चुका है.

इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष के दौरान अतिरिक्त 10 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बड़ौदा आर-सेटी केन्द्र खोले गए. इसके साथ ही बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थानों की संख्या बढ़ कर 46 हो गयी है. इस प्रकार अब आपके बैंक के प्रत्येक अग्रणी जिले में भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आर-सेटी है. इनमें से अजमेर में खोला गया बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान पूर्णतः महिला उद्यमियों के लिए है. बीएसवीएस मूलतः ऐसे संस्थान हैं जिनका प्रयोजन स्वरोजगार उद्यम शुरु करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना और अपेक्षित कौशल के संबंध में ज्ञान प्रदान करना है. वर्ष 2012 के दौरान लगभग 42,786 युवा लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया. इनमें से 25,791 युवाओं ने स्वःरोजगार उद्यम स्थापित कर लिये हैं. यह उल्लेखनीय है कि इन केन्द्रों द्वारा प्रशिक्षित किए गए कुल 1,22,228 लाभार्थियों में से अब तक 75,050 लाभार्थियों ने अपने स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर लिए हैं.

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी) - ''सारथी''

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर बैंक ने 39 एफएलसीसी जिन्हें 'सारथी' नाम दिया गया है, जरुरतमंद लोगों को वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किए ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकें और साथ ही ऋण के बोझ तले वित्तीय संकट में जूझते लोगों को परामर्श दिया जा सके. आपके बैंक ने अपने बीएसवीएस ट्रस्ट के तहत् इन केन्द्रों को खोला है एवं इनमें संबंधित लोगों को निःशुल्क परामर्श सेवाएं दी जा रही हैं. आपके बैंक ने वर्ष 2012 के दौरान 21 नये एफएलसीसी खोले जिन्हें मिलाकर मार्च 2012 के अंत तक एफएलसीसी की कुल संख्या बढ़ कर 39 हो गयी है. आपका बैंक यथासमय अपने अग्रणी जिलों में एफएलसीसी खोलेगा.

व्यवसाय सुलभकर्ता मॉडल

यह मॉडल वित्तीय समावेशन की प्रक्रियाओं को तेज करने और बैंक के कृषि ऋण में बढोत्तरी के लिए पूरे देश में क्रियान्वित किया गया है. व्यवसाय सुलभकर्ता, आपके बैंक के लिए ऋण आवेदनपत्र कैनवास करेंगे और इसके लिए बैंक उन्हें मेहनताने का भुगतान करेगा. सेवा निवृत्त बैंकरों तथा सरकारी कर्मचारियों, एनजीओ, कृषक-क्लब तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े व्यक्तियों को एजेण्टों के रुप में लगाया जाता है ताकि ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में बैंक की पहुंच बढ़ सके.

माइक्रो लोन फैक्टरी

आपके बैंक ने उत्तर प्रदेश में रायबरेली तथा सुलतानपुर में माइक्रो लोन

फैक्टरी खोली है. माइक्रो फाईनेन्स लोन फैक्टरी के पास मोबाइल वैन है जिसमें स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण संबंधी समस्त स्टेशनरी, दस्तावेज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसमें ऐसे अधिकारी होते हैं, जो स्वयं सहायता समूहों को यथास्थान तथा उनके पास जाकर उन्हें 25,000 रु. तक के ऋण स्वीकृत एवं वितरित करने के लिए अधिकृत हैं.

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

बैंक ने निम्नलिखित 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रायोजित किए हैः

- बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, रायबरेली
- बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, अजमेर
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, भरुच
- नैनीताल अलमोडा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, हल्द्वानी
- झाबुआ-धार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, झाबुआ.

इन पांचों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल व्यवसाय 15.37% की वृद्धि के साथ मार्च 2011 के अंत के 18,803 करोड़ रु. से बढ़ कर मार्च 2012 के अंत में 21,693 करोड़ रु. हो गया.

इन पांचों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष 2012 के दौरान 120 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ अर्जित किया जबकि वर्ष 2011 के दौरान 117 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ अर्जित किया था.

इन पांचों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समग्र शुद्ध मालियत मार्च 2011 के अंत में 730 करोड़ रु. से बढ़ कर मार्च 2012 के अंत में 883 करोड़ रु. हो गयी और आरक्षित निधियां तथा अधिशेष मार्च 2011 के अंत के 453 करोड़ रु. से बढ़ कर मार्च 2012 के अंत में 566 करोड़ रु. हो गए.

वित्तीय समावेशन के लिए बैंक के प्रयास

लक्ष्यगत गांव एवं अपनाए गए मॉडल

- जनवरी 2010 में भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल पत्र के अनुसार आपके बैंक ने वर्ष 2010-11 से 2013-14 तक की तीन वर्षों की अवधि हेतु वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 20,000 गांव को कवर करने की वित्तीय समावेशन (एफ आई) योजना तैयार की.
- हालांकि, वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 11 के संघ के बजट के अपने वक्तव्य में 2,000 से अधिक जन-संख्या वाले गांवों को 2012 तक वित्तीय समावेशन के अंतर्गत कवर करने पर जोर दिया.
- तदनुसार, मार्च 2012 तक मूलभूत बैंकिंग सुविधाओं के प्रावधानों के लिए एसएलबीसी के माध्यम से आपके बैंक को 2864 गांव आबंटित किए गए.
- उपरोक्त में से वित्तीय वर्ष 11 में 12,000 गांवों को और शेष को वित्तीय वर्ष 2012 में कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था.
- आपके बैंक ने आबंटित गांवों को कवर करने के लिए आईसीटी आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल एवं मोबाइल बैंकिंग वैन मॉडल अपनाए हैं. जहां कहीं व्यवहार्य हो, नयी शाखाएं भी खोली जा रही हैं.

सेवा आपूर्तिकर्ता

- आपके बैंक ने बीसी मॉडल के लिए एंड टू एंड सोल्यूशन के लिए सेवा आपूर्तिकर्ता के रुप में मेसर्स टीसीएस एवं मेसर्स एचसीएल का चयन किया है. इन सेवा आपूर्तिकताओं को सेवा क्षेत्र आबंटित कर दिए गए हैं.
- एसएलबीसी द्वारा आपके बैंक को आबंटित 2864 गांव में से टीसीएस को 1979 गांव और एचसीएल को 85 गांव आबंटित किए गए हैं.

प्रौद्योगिकी एवं डेटा सुरक्षा

- एफआई डेटा एवं संव्यवहारों को एफआई सर्वर / सेवा आपूर्तिकर्ताओं के गेट-वे के माध्यम से आपके बैंक के सीबीएस (कोर बैंकिंग सोल्यूशन) में एकीकृत किया जाता है. एफआई सर्वर आपके बैंक के डेटा सेंटर में रखा गया है, जिस तक वेन्डर को केवल रखरखाव के प्रयोजन से एप्लीकेशन साफटवेयर तक सीमित पहुंच ही होगी. डेटा आपके बैंक के नियंत्रण के अंतर्गत होगा. इस प्रकार डेटा की सुरक्षा की पर्याप्त सावधानी रखी गयी है.
- सीबीएस में खातों को अपलोड करने तथा लिंक शाखाओं द्वारा केवायसी सत्यापन के बाद ग्राहक को स्मार्ट कार्ड जारी किए जाते हैं.

व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी)

- सेवा आपूर्तिकर्ताओं ने राज्य / अंचल स्तर पर कार्पोरेट बीसी नियुक्त किए हैं. निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित बीसी चयन पॉलिसी का अनुसरण करते हुए आपके बैंक की लिंक शाखाओं के परामर्श से फील्ड स्तर पर व्यवसाय एजेंण्टों का चयन किया जाता है.
- जब बीसी की नियुक्ति की जाती है, उन्हें सेवा आपूर्तिकर्ता द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है. आपके बैंक के आर-सेटी, प्रशिक्षण केन्द्र एवं बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र (बीजीपीके) बैंकिंग उत्पाद तथा ग्राहक सेवा संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं. बीसी को भी मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के माध्यम से आईआईबीएफ (भारतीय बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, मुंबई) के बीसी प्रमाणपत्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. आपके बैंक के सभी बीएसवीएस केन्द्रों को आईआईबीएफ द्वारा इस प्रयोजन से मान्यता दी गयी है.

वित्तीय समावेशन के बारे में आपके बैंक के स्टाफ का प्रशिक्षण

- वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक के प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से वित्तीय समावेशन से सम्बद्ध लगभग 1,079 शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया गया. आपके बैंक ने अपने अधिकारियों के लिए वित्तीय समावेशन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने एवं आयोजित करने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद के साथ टाइ-अप व्यवस्था की है.
- आपके बैंक ने स्टाफ को शिक्षि त करने हेतु अपने इन्ट्रानेट पर एफआई ई-लर्निंग माड्यूल भी प्रारंभ किये हैं.

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत अनुपालन का मॉनीटरिंग

- आपके बैंक के पास वित्तीय समावेशन के अनुपालन एवं मॉनीटरिंग के लिए एक सुस्पष्ट संरचना है.
- बीसी के प्रभावी पर्यवेक्षण की दृष्टि से प्रत्येक 10-15 बीसी एजेण्टों

के समूहों के लिए बीसी पर्यवेक्षकों के रुप में सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को नियुक्त किया गया है.

- आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक एवं कार्पोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक विविध राज्यों में गांव के दौरे कर रहे हैं.
- साथ ही, सभी क्षेत्रीय प्रमुख एवं अंचल प्रमुख भी अपने-अपने क्षेत्र/अंचल के गांव का दौरा करते हैं एवं नियमित रुप से गतिविधियों का मानीटरिंग करते हैं.
- आपके बैंक का निदेशक मण्डल भी वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सूचित किए गए विविध पैरामीटर पर प्रति माह आपके बैंक में वित्तीय समावेशन के अनुपालन की समीक्षा करता है.

प्रचार

- वित्तीय समावेशन के विभिन्न चरणों में आपके बैंक के अंचलों/क्षेत्रों/शाखाओं द्वारा विशेष रुप से तैयार करवाये गये बैनरों/पोस्टरों/पर्चों का उपयोग किया जा रहा है.
- पर्चे/पोस्टर क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार करवाए गए हैं एवं गांव में बांटे गये हैं.
- प्रचार सामग्री के उपयोग ने लोगों को एफआई की अवधारणा की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता की है तथा वे एफआई नामांकन की तारीख, स्थान आदि के बारे में भी जानकारी रखते हैं.
- आपके बैंक के स्वाभिमान 'लोगो' का गांव के साइनबोर्ड, बीसी के पहचानपत्र, टी शर्ट, कैप में उपयोग किया जा रहा है.

वित्तीय साक्षरता संबंधी प्रयास

- आपके बैंक ने अपने 45 अग्रणी जिलो में 39 वित्तीय साक्षरता एवं परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी) खोले हैं.
- आपके बैंक ने 46 आर-सेटी (बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान) भी स्थापित किए हैं, जिनमें से 42 अग्रणी जिलो में हैं, जो वित्तीय साक्षरता के प्रयासों को सुविधाजनक बनाएंगे.
- आपके बैंक द्वारा सभी विनिर्दिष्ट गांव में बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में जागरुकता लाने हेतु ग्राम्य स्तर की बैठकें आयोजित की गयी हैं.
- नाम दर्ज करते समय गांव में शिविरों का आयोजन भी किया गया.

मोबाइल बैंकिंग वैन

- वित्तीय समावेशन की गति को बढ़ाने हेतु आपके बैंक ने मोबाइल बैंकिंग वैन का प्रारंभ किया है.
- इन वैन में सीडीएमए प्रौद्योगिकी के माध्यम से सीबीएस के साथ कनेक्टीवीटी होगी और ये निर्धारित तारीख एवं समय पर गांव का दौरा करेंगे. ये सेवाएं आपके बैंक के अपने स्टाफ सदस्यों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है.
- ऐसे पांच वैन को संचालित किया गया है और ये लगभग 4 गांव को कवर करेंगे. (गुजरात में 1, उत्तर प्रदेश में 2, बिहार में 1, एवं गोवा में 1).

कार्यनिष्पादन

- आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत आबंटित किए गए 100 प्रतिशत गांवों को कवर करने का कार्य अंतिम तारीख मार्च 2012 के अंत तक - से काफी समय पूर्व पूरा कर लिया. इन गांवों में 7.10 लाख के लक्ष्य की तुलना में 7.61 लाख वित्तीय समावेशन खाते खोले गए है.

लघु बैंकिंग सेवा शाखा (यूएसबी)

प्रौद्योगिकी आधारित बीसी मॉडल एक नयी अवधारणा है एवं इस मॉडल के माध्यम से वित्तीय समावेशन के अनुपालन में आपके बैंक के समक्ष विभिन्न मुद्दे सामने आए. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय समावेशन को ओर अधिक प्रभावी बनाने के लिए समय-समय पर विभिन्न दिशा निर्देश जारी कर रहे थे. वित्त मंत्रालय द्वारा वित्तीय समावेशन पर अक्तूबर 2011 में जारी की गई कार्य-योजना एवं दिशानिर्देशों में ऐसा एक सुझाव दिया गया था कि बैंकिंग सुविधाओं से वंचित जिलों में बड़ी जगहों में ब्रिक एंड मोर्टार शाखाएं खोली जाएं. यद्यपि ऐसे गांव में ब्रिक एंड मोर्टार शाखाएं खोलने की व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वित्तीय समावेशन के लिए आबंटित किए गए सभी गांव में छोटे स्ट्रक्चर वाली लघु बैंकिंग सेवा शाखाएं खोलने के विषय में दिशानिर्देश जारी किए.

सूक्ष्म लघु शाखा - वित्तीय समावेशन पहल

बैंक द्वारा अपनाया गया यूएसबी मॉडल

- गांव में एक बीसी की नियुक्ति की जाती है, जिसके पास यूएसबी के माध्यम से गांव में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु पीओएस मशीन/हाथ में रखा जाने वाला टर्मिनल होता है.

- गांव में यूएसबी के लिए जगह यथा-संभव ग्राम पंचायत या सामान्य सेवा केन्द्र में निर्धारित की जाती है.
- प्रत्येक यूएसबी के अन्दर आपके बैंक के द्वारा यूएसबी में उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं को दर्शाने वाला बोर्ड प्रदर्शित किया जाता है. वहां एक ऐसा बोर्ड भी होता है, जिस पर ग्राम्यजनों की सुविधा हेतु बीसी का ब्यौरा, उसका फोन नम्बर, नाम/लिंक शाखा का सम्पर्क नम्बर, अधिकारी के दौरे के लिए निर्धारित तारीख एवं समय आदि ब्यौरा प्रदर्शित किया जाता है.
- व्यवसाय प्रतिनिधि एक सीमा तक नकद राशि जमा करने, भुगतान, धन प्रेषण, शेष राशि की पूछताछ, छोटा विवरण आदि उपलब्ध कराता है.
- वित्त मंत्रालय द्वारा दर्शाये गये अनुसार गांव में वित्तीय समावेशन संबंधी गतिविधियों के संबंध में लिंक शाखा से एक अधिकारी सप्ताह में एक बार, पूर्व-निर्धारित दिन एवं समय पर यूएसबी का दौरा करता है.
- लघु बैंकिंग सेवा केन्द्र में न्यूनतम फर्नीचर, जैसे कि एक टेबल, तीन-चार कुर्सियां आदि उपलब्ध कराई जाती है.

यूएसबी की प्रभावोत्पादकता संबंधी उपाय

- ग्राम्यजनों में जागरूकता लाने हेतु ग्राम पंचायत तथा कुछ मामलों में ब्लॉक विकास अधिकारी की सहायता से ग्राम्य स्तर के प्रचार अभियान चलाए गए.
- गांव में प्रमुख स्थान पर बीसी तथा लिंक शाखा का ब्यौरा एवं कामकाज के घंटों के ब्यौरे के साथ स्वाभिमान 'लोगो' सहित के साइन बोर्ड प्रदर्शित किये जाते हैं.
- बीसी को गांव की जन संख्या, गांव में मकान धारकों की संख्या, सम्बद्ध गांव में जारी किए गए केसीसी/जीसीसी की संख्या सहित गांव का संक्षिप्त ब्यौरा दिया जाता है, जिससे कि वे गांव की आवश्यकताओं के अनुरुप बेहतर ढंग से कार्य कर सके.
- सभी यूएसबी में संबंधित लिंक शाखा के अधिकारियों का दौरा किया जाना निर्धारित किया गया है. हमने क्षेत्रीय कार्यालयों तथा कार्पोरेट कार्यालय द्वारा किए जानेवाले ऐसे दौरों की मानीटरिंग हेतु एक समुचित रिपोर्टिंग सिस्टम बनाया है.
- सभी गांव में सभी बीसी को एक समान टी-शर्ट, कैप एवं पहचान-पत्र प्रदान किए गए हैं.
- यूएसबी में प्रदर्शित करने हेतु वहां उपलब्ध सेवाओं के विषय में भी एक समान पोस्टर सभी अंचलों एवं क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराये गये हैं.
- कमियों को दूर करने एवं अधिकारी संवर्ग के जन-बल की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु हम वित्त मंत्रालय के सुझाव के अनुसार अन्य संवर्ग के स्टाफ सदस्यों को भी उतने ही उत्साह से अधिकारियों के कार्यदायित्वों का निर्वाह करने हेतु, उनके लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम शुरु करने जा रहे हैं. इसमें यथा संभव स्थानीय स्टाफ सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे स्थानीय भाषा से परिचित हो और वे ग्राम्यजनों से समुचित रुप से जुड सकें. इससे आपके बैंक, भारत सरकार के वित्तीय समावेशन के नवोन्मेषी प्रयासों के विषय में ग्राम्यजनों में विश्वास की भावना पनपेगी. ऐसे क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट का प्रारंभ गुजरात में किया जाएगा एवं इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अन्य राज्यों में भी इसे लागू किया जाएगा.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदायों को अग्रिम

बैंक द्वारा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लोगों को दिये जाने वाले अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हो रही है. यह बात इस तथ्य से स्पष्ट है कि इन समुदायों के लाभार्थियों को मंजूर किये गये अग्रिमों की राशि मार्च, 2011 के अंत तक के 3,760 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च, 2012 के अंत में 4,336.02 करोड़ रुपये हो गई. वस्तुतः समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को मंजूर किये गये कुल अग्रिमों में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति को दिये गये अग्रिमों का अंश 27% है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने विभिन्न सरकारी प्रायोजित योजनाओं यथा स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) इत्यादि के तहत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लोगों के वित्त पोषण पर विशेष ध्यान दिया है.

यह उल्लेखनीय है बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान प्रशिक्षार्थियों का चयन करते समय अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से जुड़े लोगों को वरीयता दे रहे हैं. अभी तक इन केन्द्रों ने अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 55,761 युवाओं को प्रशिक्षित किया है.

अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय

दुनिया भर में अनेक देशों द्वारा तत्पर कार्रवाई किए जाने के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था 2008 के आर्थिक संकट से पूरी तरह उबर नहीं पाई है. इस चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान शानदार परिणाम हासिल किए तथा वैश्विक संकटों को सफलतापूर्वक सामना करने की बैंक की क्षमता को उजागर किया.

निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आर्थिक एवं बैंकिंग परिवेश को निरंतर समझना एवं उससे सीख लेते हुए व्यावसायिक दृष्टिकोण एवं कार्रवाई में जरूरी परिवर्तन लाना आवश्यक है. आपके बैंक ने वैश्विक हलचलों के कारण अपने परिचालन देशों के आर्थिक / वित्तीय क्षेत्र में उभरने वाली प्रवृत्तियों पर निरंतर ध्यान बनाए रखा.

आपका बैंक विदेशी शाखाओं के बड़े नेटवर्क तथा वर्षों के दौरान बने ग्राहक आधार के कारण बेहतर स्थिति में है. आपके बैंक ने व्यवसाय के एक बड़े हिस्से को प्राप्त करने के लिए विदेशी केन्द्रों पर विभिन्न प्रौद्योगिकी एवं अन्य पहलें की हैं.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान शानदार कार्यनिष्पादन बैंक द्वारा अपनी क्षमताओं को विस्तृत एवं बेहतर करने के संबंध में किए गए निरंतर प्रयासों तथा इसके हितधारकों से प्राप्त निरंतर समर्थन के कारण संभव हो सका.

आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ने वैश्विक स्तर पर निरंतर अत्यधिक

प्रतिस्पर्द्धी बने रहने के लिए बदलते परिवेश के साथ तालमेल बनाए रखा है एवं लाभप्रदता के साथ उच्चतर वृद्धि का लक्ष्य सामने रखा है.

श्री अरुण श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, बैंक आफ़ बडौदा (केन्या) लि., सुश्री जुने गधोनी, निदेशक, मेपल मैनेजमेंट ईस्ट इंडिया लि. से "द मोस्ट इफीशिएट बैंक अवार्ड" प्राप्त करते हुए

व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए शाखा विस्तार योजना को जारी रखा गया. वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 5 नई शाखाएं / कार्यालय खोले गए जिसमें अनुषंगियों की 4 शाखाएं शामिल हैं. आपके बैंक ने उभरने वाले नए केन्द्रों पर मौजूद अवसरों का लाभ उठाने तथा परिचालन देश में अपना बाजार हिस्सा बढ़ाने के लिए उन देशों में अपने नेटवर्क को विस्तारित करने पर ध्यान केन्द्रित किया, जहां वह पहले से मौजूद है.

व्यवसाय तथा लाभ कार्य-निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बैंक की विदेशी शाखाओं ने कुल व्यवसाय (जमाराशियां+अग्रिम) में 44.64% की वृद्धि दर्ज की. ग्राहक जमाराशियों में 40.41% की बढ़ोतरी हुई. कुल जमाराशियों में 45.23% तथा अग्रिमों में 43.92% की वृद्धि हुई. मार्च 2011 की समाप्ति से मार्च 2012 की समाप्ति की अवधि के दौरान रुपये में 14.11% के मूल्यह्रास के कारण वृद्धि दर ज्यादा मजबूत दिखी.

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान बैंक के वैश्विक कारोबार में अंतरराष्ट्रीय परिचालन का 28.27% का उल्लेखनीय योगदान रहा.

कुल आस्तियां

आपके बैंक के अंतरराष्ट्रीय परिचालन की कुल आस्तियां मार्च 2011 को समाप्त अवधि की राशि रूपये 91,273 करोड़ से बढ़कर मार्च 2012 में रूपये 1,28,398 करोड़ हो गई है. इस प्रकार वर्ष के दौरान 40.67% वृद्धि रही.

लाभ

वित्तीय वर्ष 2012 में सकल लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में 48.51% की उल्लेखनीय वृद्धि रही. वर्ष के दौरान शुद्ध लाभ में भी 45.19% की प्रशंसनीय वृद्धि रही. आपका बैंक ब्याज आय में सुधार कर सका तथा अन्य आय में भी अच्छी वृद्धि रही.

आपके बैंक के वैश्विक शुद्ध लाभ में अंतरराष्ट्रीय परिचालन का योगदान 23.35% रहा.

आस्ति की गुणवत्ता

आर्थिक मंदी एवं अनिश्चितता के वर्तमान परिदृश्य में आपके बैंक के हितों की रक्षा हेतु बैंक के उच्च प्रबंधन द्वारा आस्तियों की कठोर निगरानी की जा रही है. आपके बैंक ने एक अतिप्रभावी ऋण प्रक्रिया, ऋण लेखा परीक्षा एवं ऋण मॉनिटररिंग पद्धति प्रचलित की है .

वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की प्रवृत्ति के कारण / परियोजनाओं में नियंत्रण से परे कारणो से, जिन ऋणकर्ताओं के खातो में तरलता सम्बन्धी विसंगति/कमी अनुभव की जा रही थी, उनके खातों को भविष्य के रोकड़ प्रवाह एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान रि-स्ट्रक्चर किया गया. इन खातों एवं पिछले वर्ष रि-स्ट्रक्चर किए गए खातों की नियमित मॉनिटरिंग की गई ताकि परिसम्पत्तियों की गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके और किसी भी स्लिप बैक को टाला जा सके.

वर्ष के दौरान सकल अग्रिम मार्च 11 के स्तर से 43.73% बढ़ गए अर्थात आपके बैंक ने चुनौतिपूर्ण समय के दौरान भी उल्लेखनीय वृद्धि की प्रवृत्ति को बनाए रखा. स्लीपेज अत्यंत कम रहा एवं आपके बैंक के सकल एन. पी.ए में कुल अग्रिमों के प्रतिशत में मार्च 11 की 0.62% की तुलना में मार्च 12 में अल्पवृद्धि 0.68% ही हुई.

अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति

न्यूजीलैण्ड में परिचालन की शुरूआत के साथ बैंक की विदेशी उपस्थिति अब 24 देशों में 89 शाखाओं / कार्यालयों में हो गई है -

बैंक ओवरसीज शाखाएं / कार्यालय	55
बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय	2
बैंक की विदेशी अनुषंगियों की शाखाएं	32
कुल	**89**

उपर्युक्त के अतिरिक्त ज़ाम्बिया में आपके सहयोगी बैंक की 14 शाखाएं हैं

विदेशी विस्तार

वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने पांच नई शाखाएं / कार्यालय (अनुषंगियों को शामिल करते हुए) खोले हैं. हमरीया फ्री जोन, शारजाह (यूएई) में एक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सर्विस यूनिट (ईबीएसयू) तथा अनुषंगियों की चार शाखाएं ओवीनो मार्केट (यूगांडा), काकामेगा (केन्या), न्याली (केन्या) तथा मॉन रेपोस (गुयाना) में खोली गईं.

केनिया में ककमेगा शाखा का उद्घाटन

गुयाना में मान रिपोज शाखा का उद्घाटन

विदेशी व्यवसाय संबंधी भविष्य की योजना

वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने नया कारोबार प्राप्त करने और लाभप्रदता बढ़ाने के अवसरों को भुनाने हेतु अपने विदेशी नेटवर्क को विस्तृत करने के अनेक कदम उठाये हैं. यू.ए.ई., ओमान, मॉरिशस, युगांडा, न्यूजीलैंड, तनजानीया, बोत्सवाना एवं घाना में नेटवर्क के विस्तार हेतु और आवश्यक आधारभूत संरचना स्थापित की जा रही है.

आपके बैंक के आस्ट्रेलिया स्थित प्रतिनिधि कार्यालय को शाखा के रुप में अपग्रेड करने की सैद्धांतिक अनुमति प्राप्त हो गई है. यू.के. में दो नई अतिरिक्त शाखाएं खोलने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है. जिन देशों में आपका बैंक पहले से ही कार्यरत है, नये केन्द्रों की पहचान की जा रही है एवं शाखा नेटवर्क बढ़ाने हेतु भी नये कार्य क्षेत्रों की तलाश जारी है.

सिंडीकेशन सेंटर

आपके बैंक के लंदन एवं दुबई में ग्लोबल सिंडीकेशन सेंटर स्थित है, जहां अंतर्राष्ट्रीय बाजार के सिंडीकेशन ऋणों पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है. सिंगापुर में कार्यरत ऑफशोर बैंकिंग इकाई को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है ताकि वह कारोबार बढ़ाने में अधिक सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर सके. बैंक के कारपोरेट कार्यालय, मुम्बई स्थित अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट बैंकिग कक्ष, क्षेत्रीय सिंडीकेशन केन्द्र भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है और पर्याप्त कारोबार भी प्राप्त कर रहा है क्योंकि विदेशी मुद्रा संसाधनों के लिए भारतीय कार्पोरेट्स की मांग बढ़ती जा रही है.

ऋण प्रस्ताव प्राप्त करने में बैंक के अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट बैंकिग कक्ष की सक्रिय भूमिका भी रहती है.

उत्पाद एवं सेवाएं

आपके बैंक ने परिचालन के क्षेत्र में ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद एवं सेवाएं आरम्भ करने के लिए प्रौद्योगिकी के प्रयोग हेतु अनेक कदम उठाये हैं. आपके बैंक के उत्पाद एवं सेवाएं बहुर्राष्ट्रीय बैंकों एवं स्थानीय बैंकों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक हैं. इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में विपणन अभियानों के माध्यम से इन्हें लोकप्रिय बनाया जा रहा है.

प्रौद्योगिकी

- 31 मार्च, 2012 को समाप्त अवधि में विदेशी कार्यालयों एवं अनुषंगियों में ए.टी.एम. की संख्या बढ़कर 76 हो गई है (45 ऑनसाइट एवं 31 ऑफसाइट) जो 31 मार्च, 2011 को 68 (42 ऑनसाइट एवं 26 ऑफसाइट) थी.
- यू.के., यू.ए.ई., बहामाज, बहरिन, हांगकांग, सिंगापुर एवं बेल्जियम में ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन को कार्यान्वित किया गया है.
- केन्द्रीकृत स्विफ्ट गतिविधि आपके बैंक के डेटा सेंटर से परिचालित की जा रही है.
- यू.के. एवं यू.एस.ए. के अलावा सभी क्षेत्र/ अनुषंगिया उनके स्विफ्ट परिचालन स्विफ्ट कक्ष, डेटा सेंटर के माध्यम से कर रही है.
- कार्यान्वित की गई भुगतान संदेश पद्धति कोर बैंकिग सोल्यूशन (फिनाकल) एवं स्विफ्ट के मध्य की कड़ी है जो आने वाले एवं जाने वाले स्विफ्ट संदेशों को एन्टी मनी लांड्रिंग जांच के साथ सीधे प्रोसेसिंग में मदद करती है. इससे यू.के. एवं यू.एस.ए. के अलावा सभी क्षेत्रों/ अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है.
- आपके बैंक में बेल्जियम एवं यू.एस.ए. को छोड़कर एन्टी मनी लांड्रिंग ईरेज (बैच मोड) सभी विदेशी केन्द्रों पर कार्यान्वित किया गया है.
- यू.एस.ए. को छोडकर सभी विदेशी केन्द्रों पर एन्टी मनी लांड्रिंग ऑनलाइन लिस्ट मैचिंग सोल्यूशन को कार्यान्वित किया गया है.

विदेशी परिचालन में ई-बैंकिंग

आपका बैंक सभी विदेशी केन्द्रों पर धीरे - धीरे ई-बैंकिंग सेवाओं को कार्यान्वित कर लोकप्रिय बना रहा है. लेन देन आधारित ई-बैंकिंग को यू.ए.ई., यू.के., मॉरिशस, फिजी, सेसेल्स, युगांडा, केन्या, बोत्सवाना और न्यूजीलेन्ड में कार्यान्वित किया गया है. यह ओमान एवं तंजानिया में भी कार्यान्वित होने की प्रक्रिया में हैं (वर्तमान में इन दोनों केन्द्रों पर दृश्य आधारित ई-बैंकिंग उपलब्ध है).

त्रिनिदाद एवं टोबेगो, गयाना एवं दक्षिण अफ्रिका में भी अगले फेज में इसे शीघ्र शुरु किया जाएगा.

विदेशी केन्द्रों पर लेनदेन आधारित ई-बैंकिंग को उनके खुदरा आधार एवं लागत प्रभाव को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे कार्यान्वित किया जा रहा है.

विदेशी परिचालनों में जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक ने 31 मार्च, 2008 से अपने सभी विदेशी क्षेत्रो पर बासेल II दिशानिर्देशो को कार्यान्वित किया है और ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत आवधिक पद्धति एवं परिचालनगत जोखिम हेतु बेसिक इंडिकेटर एप्रोच को पहले ही अपना लिया है.

जोखिम प्रबंधन पद्धति और उसके कार्यान्वयन को लगातार सशक्त किया जा रहा है. सभी केन्द्रों पर ऋण, बाजार एवं परिचालनगत जोखिम के प्रभावी व्यवहार हेतु एक पृथक जोखिम प्रबंधन विभाग स्थापित किया गया है. आपके बैंक के सभी विदेशी क्षेत्रों एवं अनुषंगियों पर जोखिम प्रबंधकों को पदस्थ किया गया है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी विदेशी केन्द्रों पर अग्रिम खातों एवं उनके मूल्यांकन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु बॉब रैम मॉडल कार्यान्वित किया गया.

आपके बैंक के विदेशी केन्द्रों पर परिसम्पत्ति वर्गीकरण एवं ऋण मॉनिटरिंग के कार्यान्वयन हेतु एक एस्क्राम मॉडल भी तैयार करने का कार्य प्रगति पर है.

विनियामक अनुपालन

आपका बैंक विनियामक अनुपालन करने के लिए जाना जाता है एवं सम्बन्धित देश के विनियमों का सावधानी से पालन करता है.

आपके बैंक के पास सभी प्रकार के व्यवसायों एवं परिचालनों में विनियमों के अनुपालनों को सुनिश्चित करने हेतु प्रमुख विदेशी केन्द्रों पर समर्पित अनुपालन टीम है. वे विनियामक अनुपालन दृष्टिकोण से सम्बन्धित पहचान एवं कर निर्धारण तथा अनुपालन सम्बन्धित मामलों, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग हेतु उत्तरदायी होते हैं.

सभी विदेशी केन्द्रों पर स्थानीय विनियामक आवश्यकतायों के अनुरूप विवेकसम्मत नीतियां बनायी गई हैं. ये क्षेत्र / अनुषंगियां सुनिश्चित करती हैं कि इनकी आवधिक समीक्षा - किये जा रहे कारोबार, बदलते परिदृश्य एवं विनियामक दिशानिर्देशों में यदि कोई संशोधन हुआ हो, को ध्यान में रखते हुए की जाती है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक में बड़ौदा सन टॉवर कार्पोरेट कार्यालय, मुम्बई में अति आधुनिक डीलिंग रूम कार्यरत है. इस डीलिंग रूम के माध्यम से आपका बैंक ट्रेजरी परिचालन को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है. ट्रेजरी घरेलु परिचालन का कार्य संचालित करता है तथा विभिन्न मार्केट में कार्य कलापों जैसे, विदेशी मुद्रा, ब्याज दरें, सावधि आय, डेरीवेटिव्स , इक्विटी और अन्य वैकल्पिक आस्ति क्लासेज का कार्य देखना है. आपका बैंक अपने ग्राहकों को कई वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अति आधुनिक टैक्नॉलोजी प्लेटफार्म का उपयोग करता है. इन सेवाओं में ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, वायदा एवं आप्शन शामिल है.

आपके बैंक ने अति आधुनिक स्वचालित डीलिंग प्रणाली स्थापित की है. जिससे रीयल टाइम आटो जनरेटेड विदेशी मुद्रा दरें पूरे देश में फैली प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती है. ग्राहकोन्मुखी कदम के रूप में वित्त वर्ष 2012 में ग्लोबल "ट्रेजरी सॉल्यूशन" में संवर्धन किया गया जिससे विदेशी प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राहकों के पक्ष में आपके बैंक को प्राप्त जमाओं के बारे में तत्काल सूचनाओं का आदान-प्रदान देता है.

बिजनेस प्रोसेस री-इन्जीनियरिंग के तहत आपके बैंक ने ग्लोबल ट्रेजरी साल्यूशन को सभी बड़े वित्तीय केन्द्रों पर सफलतापूर्वक पूरा किया है ग्लोबल ट्रेजरी प्लेटफार्म सरलता से मुम्बई, लन्दन, बहामास, ब्रुशेल्स, दुबई, बहरीन, सिंगापुर, हांगकांग और न्यूयार्क में कार्य कर रहा है.

वित्त वर्ष 2012 के दौरान वृद्धि एवं मूल्य स्थिरता बनाये रखना चुनौती के रूप में सामने आये. ये चुनौतियां सख्त मौद्रिक नीति और धीमी आर्थिक विकास के प्रभाव में और गंभीर हो गईं. अर्थव्यवस्था के अग्रिम अनुमानों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2012 में वृद्धि दर अनुमानतः 6.9% रहेगी. इसके पूर्ववर्ती दो वर्षो में यह वृद्धि दर 8.4% थी. इससे आर्थिक मंदी के केवल पिछले दो वर्षो में ही नहीं बल्कि 2003 से 2011 (वित्त वर्ष 2009 ग्लोबल वित्तीय संकट को छोड़कर) के दौरान होने का पता चलता है. वित्त वर्ष 2012 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने ब्याज दरों में 125 आधार बिंदुओं की वृद्धि की जिससे रिपो रेट 8.50% हो गया. इसके पूर्व में दिसम्बर 2011 में थोड़े ठहराव के संकेत थे. आर्थिक प्रणाली में तरलता लाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने सी.आर.आर. (प्रारक्षित नकदी अनुपात) में वर्ष 2012 की अंतिम तिमाही में संचित 125 आधार बिंदु की कमी कर दी तथा रु.1,29,252 करोड़ का ओपन मार्केट परिचालन किया.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने वर्तमान उत्पादों जैसे आई आर एस, सी.आई.आर.एस. फारवर्ड एवं आपशंस के आधार पर ब्याज दरों और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के लिए अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार समाधान प्रदान करता है. वर्ष 2012 में आपके ट्रेजरी डिवीजन ने विभिन्न बाजारों में उपलब्ध अर्विट्रेज अवसरों, आस्ति वर्ग; जिसमें मुद्रा बाजार, सीबीएलओ, काल मार्केट रिपो, सरकारी प्रतिभूतियां शामिल हैं, तथा फोरेक्स मार्केट में अवसरों का लाभ उठाया. ट्रेजरी ने बाजार में उतार चढ़ाव का फायदा उठाया तथा ओवर नाइट इन्डेक्स्ड स्वैप, आइ.एन.बी.एम के स्वैप को उपलब्ध हेजिंग, और ट्रेडिंग अवसरों के लिए उपयोग किया.

सख्त मौद्रिक नीति और उसके साथ घोषित उच्च ऋण कार्यक्रमों के फलस्वरूप 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों का बेचमार्क नवम्बर 2011 में 9% के उच्चस्तर तक पहुँच गया. इस पृष्ठभूमि में ट्रेजरी ने पॉर्टफोलियो की समुचित अवधि को बनाये रखने पर ध्यान केन्द्रित किया जिससे मूल्यांकन पर कम से कम प्रतिकूल प्रभाव पड़े तथा निवेश पोर्टफोलियो पर बेहतर औसत लाभ प्राप्त हो. घरेलु एस.एल.आर. निवेश पर औसत आय 7.87% रही. वित्त वर्ष 12 में ट्रेजरी ने 6,032 करोड़ की आय, ब्याज / बट्टे में अर्जित की. जबकि निवेश की बिक्री से लाभ तथा विदेशी मुद्रा से लाभ क्रमशः रु.622 करोड़ तथा रु.412 करोड़ रहा.

वित्त वर्ष 2012 के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार मंदा रहा. ऐसा अमेरिकन अर्थव्यवस्था में धीमी प्रगति, यूरोपियन साबरेन डेट क्राइसिस और एफ.आई.आई. के भारत सहित उभरते बाजारों में धीमे अंतर्प्रवाह के समन्वित प्रभाव के कारण हुआ. विदेशी निवेशकों से राशियों का आगमन वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में बढ़ा और इस कारण बाजार ने तेजी पकड़ी. ट्रेजरी के इक्विटी डेस्क ने अपने पॉर्टफोलियो को सक्रियता से प्रबंधित किया तथा नियमित अंतरालों पर लाभ बुक किया.

यूरोजोन संकट के सामने आने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की स्थिति बन गयी जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा. फलस्वरूप वृद्धि दर में गिरावट, उच्च चालू खाता घाटा (कैड) और पूंजी

आगमन में कमी आयी. वर्ष 2008 में संकट का आगमन मुख्यतः बैलेन्स ऑफ़ पेमेन्ट (बी.ओ.पी) चैनल के द्वारा हुआ था. वित्त वर्ष 2012 की तीसरी तिमाही में निर्यात की दर में कमी रही, जबकि आयात उच्च दरों पर बना रहा. इसका कारण तेल की अंतर्राष्ट्रीय ऊंची कीमतें थीं. इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशों में कमी आयी जिसका प्रभाव पूंजी खाते तथा एक्सचेंज रेट पर पड़ा रहा, जो पूर्ववर्ती सभी दरों से आगे रु.54.23 प्रति यू.एस डालर दिनांक 15 दिसंबर 2011 को पहुंच गया.

ट्रेजरी की विदेशी मुद्रा डेस्क ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में फारेक्स डेस्क में अपनी शीर्ष स्थिति को बनाये रखा. प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग डेस्क ने उपलब्ध आर्बिट्रेज बाजार के उतार चढ़ाव का लाभ उठा कर, सख्त तरलता की स्थिति में भारतीय बाजारों पर पड़ रहे प्रभाव का लाभ उठाकर संसाधन जुटाये आपके बैंक की ट्रेजरी के विदेशी मुद्रा डेस्क का टर्न ओवर वर्ष दर वर्ष आधार पर वर्ष 2012 में लगभग 14.0% बढ़ा.

आपके बैंक का ट्रेजरी मिड आफिस बाजार एक्सपोजर निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित सीमा को रीयल टाइम के आधार पर मानीटर करता है. जोखिम प्रबंधन पैरामीटर्स जिसमें वैल्यू एटरिस्क (वीएआर) को सभी पोर्टफोलियो पर बाजार जोखिम को नापने के लिए प्रयोग में लाया जाता है. इन उपायों को जोखिम नम्बरों पर बैक टेस्टिंग के साथ नापा जाता है और करेंसी पोटफोलियो में विभिन्न निवेशों की स्ट्रेस टेस्टिंग की जाती है.

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व

एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक की तरह आपके बैंक की सदैव यह सोच रही है कि कमजोर व पिछड़े वर्गो के आर्थिक - सामाजिक विकास के माध्यम से समुदायों को सक्षम बनाया जाये. बैंक के अपने सतत प्रयासों से समाज में कुल मिलाकर परिवर्तन हुआ है एवं वर्ष 2012 में इस दिशा में प्रयास और तेज किये हैं.

आपका बैंक बेरोजगार युवकों को, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आर.सेटी) के माध्यम से लाभदायक स्वरोजगार प्राप्त करने एवं उद्यमिता एवं कौशल विकास करने के लिए, जिससे उनका एवं उनके परिवार का आर्थिक स्तर बढ़े एवं और इन स्थानों पर विभिन्न क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को विकास मिले, निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है. आपके बैंक के सभी अग्रणी जिलों में आर.सेटी. स्थापित किए गए हैं. आपके बैंक में इस प्रकार के 46 संस्थान स्थापित किए हैं जिसमें 1,22,000 युवकों को प्रशिक्षित किया गया है. इसमें से 75,000 युवकों ने लाभदायक स्वरोजगार प्राप्त किया है.

श्री एन. एस. श्रीनाथ कार्यकारी निदेशक बीएसवीएस सूरत में एक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए

आपके बैंक ने 52 बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केन्द्र स्थापित किए हैं जिसमें ज्ञान विनिमय, समस्या समाधान और पूरे देश में ग्रामीण-जनों को ऋण सलाह दी जाती है. ग्रामीण जनों में विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता लाने के लिए और वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु आपके बैंक ने 21 वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी) की स्थापना वित्त वर्ष 2012 में की है. इस प्रकार यह संख्या 39 हो गई है.

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

वित्त वर्ष 2012 में बैंकिंग उद्योग के लिए आस्ति गुणवत्ता को बनाकर रखना, दबावपूर्ण आर्थिक वातावरण के कारण चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है. तथापि आपके बैंक ने गंभीर मानीटरिंग और एन.पी.ए. पोर्टफोलियो में वसूली को जारी रखा. इसके अलावा स्लिपेज को कम से कम स्तर पर रखने की बचाव प्रणाली को व्यवहार में बनाये रखा. आपके बैंक ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर में एन.पी.ए. प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाये रखा.

वर्ष 2012 में भारतीय बैंकों ने सामान्य रूप से स्लिपेज की बड़ी घटनाएं देखीं. ऐसा भारत में तथा बाहर वित्तीय बाजार में भारी उतार-चढ़ाव की स्थिति तथा वर्ष 2012 में पूरे वर्ष उच्च मुद्रास्फीति तथा उच्च ब्याज दरों के कारण हुआ. भारतीय बैंकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाले विभिन्न निराशावादी आर्थिक पैरामीटर्स के बावजूद, वर्ष के दौरान नये स्लिपेज को 1.44% के स्तर पर आपके बैंक के प्रारंभिक शेष की तुलना में बनाये रखा गया. उच्च स्लिपेज की पृष्ठभूमि में सफल अग्रिमों की तुलना मे 31 मार्च 2012 को सकल एन.पी.ए. 1.53% रहें. फलस्वरूप शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एन.पी.ए. का अनुपात थोड़ा बढ़कर 0.54% तक मार्च 2012 के अंत में पहुंच गया.

आपके बैंक ने वर्ष 2011 में ऋण हानि प्रावधान अनुपात को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अनिवार्य स्तर से उच्च स्तर पर बनाये रखा. हमारा ऋण हानि प्रावधान अनुपात 31 मार्च 2012 को विवेकपूर्ण तकनीक बट्टे खाते डाले गये अग्रिमों को शामिल करने पर 80.05% रहा.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने शाखा, क्षेत्र, अंचल और कार्पोरेट स्तर पर विस्तृत वसूली ढांचे एवं ऋण अनुप्रवर्तन ढांचे की रूपरेखा निर्धारित की. इसके अलावा प्रत्येक डी.आर.टी. सेन्टर में एक नोडल अधिकारी को विविध मामले की अनुवर्ती कार्यवाही के लिए लगाया गया जिससे कि डिक्री लेने में लगने वाले समय को कम से कम किया जा सके तथा वसूली को बढ़ाया जा सके. इसके अतिरिक्त लोक अदालतें, ऋण वसूली कैम्प, ग्राम चौपालों का आयोजन नियमित रूप से शाखाओं द्वारा किया गया. जिससे लम्बी अवधि से पड़े मामलों की संख्या कम की जा सके तथा छोटे खातों में वसूली बढ़ायी जा सके.

आपके बैंक ने एन.पी.ए. खातों में वसूली की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही प्रणाली पर जोर जारी रखा. बड़ी राशि वाले एन.पी.ए. खाते जैसे 25 लाख और उससे अधिक के खातों की कार्पोरेट कार्यालय से सीधे अनुप्रवर्तन करने की प्रणाली से शाखाओं ने वकीलों, रिकवरी एजेन्टों के माध्यम से सघन कार्यवाही सुनिश्चित की. अतः वित्त वर्ष 2012 में एन.पी.ए. खातों में नकद वसूली रु.580 करोड़ रही. यह वर्ष 2011 की वसूली राशि 455 की तुलना में काफी अधिक है. अपग्रेडेशन वित्त वर्ष 2012 के दौरान वर्ष 2011 के रु. 189 करोड़ की तुलना में रु.336 करोड़ रहा.

वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने गांव / कस्बा स्तर पर वसूली कैम्प लगाकर तथा लोक अदालतों के माध्यम से छोटे खातों की वसूली पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया. बैंक ने प्रोत्साहन पर आधारित "संकल्प-IV"

वसूली योजना चलायी, जिससे सभी स्टाफ़ सदस्यों का छोटे खातों में वसूली बढ़ाने का सार्थक प्रयास / सहयोग मिल सके. ऐसे खातों जिनमें रु.15 लाख तक की राशि बकाया है, योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2012 के दौरान रु. 191 करोड़ की नकद वसूली की गई.

आपके बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो का आस्ति वर्गीकरणवार ब्रेकअप इस प्रकार है.

(रु. करोड़ में)

आस्ति श्रेणी (सकल)	31 मार्च 2012	31 मार्च 2011
मानक	2,86,542.59	2,28,173.03
सकल एन.पी.ए.	4,464.75	3,152.50
कुल	2,91,007.34	2,31,325.53
सकल एन.पी.ए. में शामिल हैः		
अवमानक	2,661.82	1,097.23
संदेहास्पद	1,318.71	1,336.64
हानिगत	484.22	718.63
कुल एन.पी.ए.	4464.75	3152.50

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने बैंक के घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों और अनुषंगी परिचालनों को ध्यान में रखते हुए एन्ड टू एन्ड बिजनेस एवं आई.टी. स्ट्रेटेजी प्रोजेक्ट हाथ में लिए हैं.

- आपके बैंक ने सर्वोत्तम टेक्नॉलोजी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया है. उसके लिए अति आधुनिक डाटा सेंटर कार्यान्वित किया है. जिसमें अप टाइम इन्स्टीटयूट टीयर 3 के मानदण्डों को पूरा किया गया तथा डिजास्टर रिकवरी साइट को कार्यान्वित किया गया. विभिन्न भूकम्प खण्डों को ध्यान में रखा गया है जिसमें प्रत्येक असफलता बिन्दु का गहन विश्लेषण किया गया जिससे कि ग्राहकों को अबाध बैंकिंग सेवाएं मिलती रहें. पिछले वर्ष बैंक के डाटा सेंटर का अपने भवन में सफलतापूर्वक न्यू डाटा सेन्टर के रूप में माइग्रेशन के बाद आपके बैंक ने डिजास्टर रिकवरी सेन्टर का विस्तार वर्ष के दौरान किया जिससे कि कारोबार विकास और टेक्नॉलोजी विस्तार का लाभ मिल सके.
- आपके बैंक ने कई अन्य टेक्नॉलोजी इनीसिएटिव जैसे विन्डो सर्वर वर्चुअलाईलेशन, डेस्क टॉप वर्चुअलाईलेशन, और बैक ड्रॉप कन्सालीडेशन शुरू किए हैं. इन्हें पर्यावरण उन्मुखी कदम के रूप में उठाया गया है इनसे डाटा सेन्टर की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी. बैंक के विस्तृत नेट वर्क को अपटाइम और डिमांड अपग्रेड को पूरा करने के लिए नई टेक्नॉलोजी आधारित एम.पी.एल.एस. में माइग्रेट किया गया है, इन्टरप्राइज मैनेजमेंट सिस्टम को अपग्रेड तथा प्रभावी ढंग से चलाने के लिए नये माडयूल में शिफ्ट किया गया. बैंक के बढ़ते हुए आई.टी. इन्फ्रास्ट्रक्चर का अनुप्रवर्तन करने के लिए ऐसा किया गया.
- कोर बैंकिंग प्रणाली को संवर्धित गुणों के साथ उच्च संस्करण में शिफ्ट किया गया है. कई नये माडयूल जैसे स्थायी आस्ति का रखरखाव, सेल्स ट्रैक्टर माडयूल, केन्द्रीकृत सेवा कर, इ.बी.आर.सी. (बैंक रियलाइजेशन सर्टिफिकेट), माडयूल, खाता संख्या पोर्टेबिलिटी, वर्कफ्लो ऑटोमेशन फॉर न्यू पेंशन स्कीम - स्वावलंबन को वर्ष के दौरान कार्यान्वित किया गया.
- इन्टरनेट बैंकिंग में विश्वास एवं सुरक्षा बढ़ाने के विचार से आपके बैंक में फ्राड मैनेजमेंट साल्यूशन को अपनाकर संबंधित सुरक्षा फीचर बढ़ा दिए हैं, उसमें दो फैक्टर अधिप्रमाणन भी शामिल हैं. आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग चैनल में कुछ और अधिक सुविधाएं बढ़ा दी हैं. इंटरनेट बैंकिंग, अर्थात बड़ौदा कनेक्ट अब तेजी से एवं सुरक्षापूर्वक निधियों का अंतरण करता है. यह अन्य पक्ष को (बॉब के अंतर्गत), स्वयं को तथा इंटरबैंक सुविधा देता है. उपलब्ध अन्य सुविधाओं में सावधि जमा का शुभारंभ, रेलवे भाड़ा भुगतान सुविधा, प्रत्यक्ष एवं परोक्ष करों का आन लाइन भुगतान तथा कुछ राज्य सरकारों के करों का भुगतान, यूटीलिटी बिल्स, रेल टिकट, आन लाइन शॉपिंग, मंदिरों को दान और संस्थानों को शुल्क का भुगतान शामिल है. कापोरेट्स को सीधे वेतन भुगतान की सुविधा एवं ट्रेड फाइनेंस भी उपलब्ध है. वर्ष के दौरान विभिन्न राज्य करों के भुगतान को सक्षम बनाया गया एस.एम.एस. चेतावनी, आर.टी.जी.एस / निफ्ट लेन-देन को भी इन्टरनेट बैंकिंग पोर्टल में शामिल किया गया. एस्बा (ब्लाक्ड एकाउंट आवेदन) को बड़ौदा कनेक्ट में आनलाइन आवेदन-इनीशियल पब्लिक ऑफर तथा फोलोअप ऑफर हेतु तथा इक्विटी शेयर्स के आवेदन के लिए उपलब्ध कराया गया. लेन-देन आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को यूगांडा, बोत्सवाना, न्यूजीलैंड, यू.ए.ई., केन्या, मारीशस, सिसेल्स, फीजी और यू.के. में कार्यान्वित किया गया है जिससे निधि अंतरण स्वयं एवं अन्य पक्ष को बिलों का भुगतान, कार्पोरेट सैलरी अपलोड तथा आनलाइन शॉपिंग की सुविधा दी गयी है. ओमान एवं तन्जानिया में व्यू आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा दी गयी है.
- मोबाइल बैंकिंग-बडौदा एम.कनेक्ट के रूप में एक और वैश्विक डिलीवरी चैनल का शुभारंभ किया गया जिसमें ग्राहकों को विभिन्न खाता शेष की जानकारी, मिनी स्टेटमेंट, कई खातों को एक साथ जोड़ना, निधि अंतरण, बैंक को अनुरोध, बिलों का भुगतान, टिकट बुकिंग, शापिंग, फीडबैक / शिकायतें आदि शामिल हैं. मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से इंटर बैंक फंड ट्रांसफर के लिए आई.एम.पी.एस. को भी इनेबल किया गया.
- ए.टी.एम. में बढ़ते हुए लेन-देनों की संख्या को देखते हुए ए.टी.एम. स्विच को अपग्रेड किया गया. ए.टी.एम. स्विच भारत, यू.ए.ई. ओमान, मॉरीशस, फीजी, तन्जानिया, बोत्सवाना, टी एण्ड टी और न्यूजीलैंड में कार्यरत हैं. ए.टी.एम. स्वीच को 7 इन्टर चेंजेज के साथ जैसे नेशनल स्विच, एन.एफ.एस. (एन.पी.सी.आई) वीजा मास्टर कार्ड, सीवीयूएई (यूएई) सीवीओ मैन (ओमान), लिंक (टी एंड टी) पे मार्क (न्यूजीलैंड) के साथ कवर्ड ए.टी.एम. के माध्यम से डिलीवरी पाइन्ट बढ़ाकर ग्राहकों को अधिक सुविधाएं देने हेतु जोड़ दिया गया है. ग्राहकोन्मुखी कदम के रूप में बैंक ने सेल्फ लिंक्ड निधि अंतरण, संस्थागत फीस भुगतान, मोबाइल बैंकिंग रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नम्बर अपडेशन, बायो मैट्रिक अधिप्रमाणित युक्त ए.टी.एम., टैक्स भुगतान, एक ए.टी.एम. डेबिट कार्ड के साथ कई खातों को जोड़ना, वीजा द्वारा सत्यापित, सी वी2, वीसा प्लेटिनम, मास्टर डेबिट कार्ड, बायो मेट्रिक कार्ड, पिन परिवर्तन, मिनी स्टेटमेंट आदि को अन्य बैंकों के ए.टी.एम. जैसी सुविधाएं देने हेतु उक्त कदम उठाए हैं. अहमदाबाद, पुणे,

लखनऊ और नई दिल्ली में मोबाइल ए.टी.एम. शुरू किए गए हैं. कुछ मूल्य संवर्धित सुविधाएं जैसे आनलाइन नकदी जमा और चेक जमा, चेक बुक अनुरोध, खाता विवरण अनुरोध लिफाफे में नकदी एवं चेक जमा जैसी सुविधाएं यू.ए.ई. में प्रारंभ की गई हैं.

- डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के लिए इंटरनेट भुगतान गेटवे सेवाएं व्यापारियों को और इंटरनेट खरीददारों को आनलाइन खरीदारी हेतु सुरक्षित एवं संरक्षित चैनल के रूप में दी जाती रही हैं.
- आपके बैंक के सभी ग्राहकों को सुविधाएं देने हेतु एस.एम.एस. अलर्ट डिलीवरी गेटवे को उन्नत किया गया.
- वर्ष के दौरान ग्राहकों को एक और सर्विस डिलीवरी चैनल उपलब्ध कराया गया, इसके लिए लखनऊ और बडौदा में संपर्क केन्द्रों का शुभारंभ किया गया.
- आपके बैंक के ग्राहकों को रिटेल डिपोजिटरी सेवाएं उपलब्ध करायी गई. एक केन्द्रीकृत डिपोजिटरी आवेदन के साथ ही शाखाएं एन.एस.डी.एल और सी.एस.डी.एल दोनों सेवाएं देने के लिए सज्जित हैं. आन लाइन ट्रेडिंग प्रणाली से आपका बैंक आन लाइन सेवाओं की पूरी श्रृंखला ग्राहकों को दे सकेगा, जिससे कि वे इक्विटी, म्यूचूअल फंड्स, बांड्स एवं प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आई.पी.ओ) में भाग ले सकेंगे.
- नकदी प्रबंधन प्रणाली पूरी तरह वेब आधारित नकदी प्रबंधन प्रणाली है जिसे आपके ग्राहकों को प्रदान किया जा रहा है, जिसमें प्राप्ति प्रबंधन (संग्रहण) भुगतान प्रबंधन और इनवाइस मैनेजमेंट (प्राप्तियां एवं देय प्रबंधन) शामिल हैं.
- क्रेडिट कार्ड प्रबंधन की नयी प्रणाली प्रारंभ की गयी है जिससे आपके बैंक के क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड परिचालन को व्यापक प्रबंधन उपलब्ध होगा.
- सभी सीबीएस शाखाएं आर.टी.जी.एस. और नेफ्ट के माध्यम से इंटरबैंक धन प्रेषण के लिए सक्षम हैं. आर.टी.जी.एस. और नेफ्ट को हमारे बैंक के इंटरनेट और बैंकिंग पोर्टल के साथ जोड़ दिया गया है. नेफ्ट की स्टेट थ्रू प्रोसेसिंग के माध्यम से बैंक और बैंक के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को आवक संदेशों के साथ जोड़ दिया गया है.
- पूरे विश्व में अंतर बैंक वित्तीय संदेशों के लिए स्विफ्ट की सुविधा भारत में विदेशी मुद्रा के लिए प्राधिकृत सभी शाखाओं और विदेशी शाखाओं में उपलब्ध करायी गयी है.
- भुगतान संदेश साल्यूशन (पी.एम.एस) को 20 विदेशी टेरीटरीज और भारत की सभी प्राधिकृत शाखाओं में कार्यान्वित कराया गया है; पी.एन.एस सुविधा के द्वारा स्विफट संदेशों को फार्मेट करने तथा उनका प्रमाण करने में सहायता मिलती है. इन्हें स्विफ्ट मानकों के अनुरूप सीबीएस से जनरेट किया जाता है और यह ए.एम.एल. चेक से होकर प्राप्त होते हैं.
- वर्ष के दौरान, ग्रिड आधारित चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सी.टी.एस) को चेन्नै, कोयम्बतूर एवं बेंगलूर में कार्यान्वित किया गया.
- आपके बैंक की सेवा सुपुर्दगी में सुधार लाने हेतु बैक ऑफिस कार्यो को सिटी बैक ऑफिस एवं रीजनल बैक ऑफिस पर केन्द्रीकृत कर दिया गया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 5 नये रीजनल बैक ऑफिस प्रारंभ किये. अब आपके बैंक में 70 सिटी बैक ऑफिस एवं 10 रीजनल बैक ऑफिस कार्यरत हैं. व्यक्तिगत चेक बुक जारी करने का कार्य भी केन्द्रीकृत कर दिया गया है. आपके बैंक ने केन्द्रीकृत एफ.सी.एन.आर परिचालन प्रारंभ किये हैं.
- मुम्बई में आटोमेटेड चेक प्रोसेसिंग केन्द्र (आवक एवं जावक) का शुभारंभ किया गया था. आपके बैंक ने प्रोजेक्ट नवनिर्माण के अन्तर्गत बिजनेस प्रोसेस रिइंजीनियरिंग के एक भाग के रूप में सूरत एवं अहमदाबाद में भी इस प्रक्रिया को प्रारंभ किया है.
- परिचालनगत लागत कम करने एवं बेहतर निधि प्रबंधन हेतु यू.के. यू.ए.ई., बहामाज, बहरिन, हॉगकॉग, सिंगापुर, बेल्जियम एवं भारत में एकीकृत ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन को कार्यान्वित किया गया है.
- विनियामक अनुपालन हेतु भारत एवं 20 विदेशी केन्द्रों पर एन्टी मनीलोंड्रिंग (ए.एम.एल) को कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन साल्यूशन कार्यान्वित किया है.
- उद्यम अनुसार जी.एल.सॉल्यूशन को कार्यान्वित किया गया है. यह सुविधा आपके बैंक को कारोबार विकास में कार्यनीतिक निर्णय लेने में मददगार साबित होती है और उद्यमों की समेकित रिपोर्ट भी उपलब्ध कराती है.
- भारत में आपके बैंक के सभी कार्यालयों में केन्द्रीकृत पे-रोल, वेतन मॉडयूल, ई-टीडीएस मॉडयूल एवं अवकाश मॉडयूल कार्यान्वित किये गए हैं.
- बैंक कर्मचारियों का सेंट्रल डेटा बेस तैयार करने के उद्देश्य से कर्मचारी सेवा मानव संसाधन नेटवर्किंग को कार्यान्वित किया गया है ताकि इससे संबंधित तुरन्त निर्णय, पदोन्नति एवं चयन प्रक्रिया के साथ ही मानव संसाधन प्रक्रिया को स्वचालित बनाया जा सके.
- आपके बैंक ने व्यावसायिक रणनीति की एक पहल के रूप में लचीली एवं कार्यनीतिक सूचनाओं का इंटरएक्टिव स्रोत प्रदान करने के लिए डेटा वेअर हाऊस, ग्राहकों को बेहतर तरीके से समझने के लिए ग्राहक संबंध प्रबंधन एवं यूनिफार्म कस्टमर व्यू एक्रॉस चैनल प्रारंभ किए हैं.
- वित्तीय समावेशन को सफल बनाने हेतु बिजनेस कॉरस्पोंडेंट के माध्यम से ऑन लाइन एवं ऑफ लाइन, दोनों माध्यमों से खाता खोलने की प्रक्रिया एवं लेन-देन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाएं विकसित की गई हैं. वित्तीय समावेशन हेतु बैंक की नवीन पहल के रूप में गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं बिहार में पायलट आधार पर मोबाइल वाहन द्वारा बैंकिंग सेवा प्रारंभ की गई है.
- वर्ष के दौरान बैंक के ग्रामीण ग्राहकों को अबाधित बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुछ और ग्रामीण शाखाओं में सौर उर्जा जनरेशन सिस्टम (एसपीजीएस) कार्यान्वित किया गया. सौर उर्जा जनरेशन सिस्टम के माध्यम से उन शाखाओं को यू.पी.एस से वैकल्पिक उर्जा मिलेगी जहां बिजली की बहुत कमी है अथवा अधिक लोडशेडिंग रहती है.
- वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी की सुरक्षा पर आक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा प्रबंधन पद्धति को लागू किया गया है.

सूचना प्रौद्योगिकी की भावी योजनाएं

- वित्तीय समावेश के अन्तर्गत, आधार समर्थित भुगतान पद्धति (ए ई पी एस) आधार भुगतान ब्रिज (ए पी बी) अल्ट्रा स्माल शाखाएं आदि जैसी विभिन्न पहल की जा रही हैं.
- एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, रुपे कार्ड के माध्यम से इंटर बैंक मोबाईल पेमेंट सेवा (आईएमपीएस), एटीएम व प्वाइंट ऑफ़ सेल कार्यान्वयन, यूरोपियन मास्टर वीसा कार्यान्वयन (इएमवी), चिप आधारित कार्ड, इंटरैक्टिव वॉयस रिकगिनशन सिस्टम (आईवीआरएम) के माध्यम से और अधिक सुविधाएं, एटीएम के माध्यम से एनईएफटी, एटीएम के माध्यम से यूटिलिटी बिल भुगतान आदि जैसी कुछ और ग्राहक केन्द्रित पहलों की शुरूआत प्रस्तावित है.
- ग्राहक संबंध प्रबंधन और डाटा वेयर हाउस के अगले दौर की योजना भी बनाई जा रही है.

- आपके बैंक की एक्सचेंज, ई-बिजनेस जैसी मौजूदा उन्नत विशेषताओं वाले अनुप्रयोगों को प्रोन्नत करने की योजना है.
- बैंक में व्यवसाय विश्लेषण, कर्मचारी कार्यनिष्पादन प्रबंधन पद्धति, कर्मचारी प्रोत्साहन व मानवशक्ति आयोजना के कार्यान्वयन भी प्रस्तावित है.
- बैंक में सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा के लिए सुरक्षा परिचालन केन्द्र को कार्यान्वित करना भी प्रस्तावित है.
- बैंक ने इसमें सूचना प्रौद्योगिकी ढांचे के अनुकूलतम उपयोग, आर्कीवल प्रोजेक्ट, आईपीवी 6 का कार्यान्वयन, आंतरिक प्रयोक्ताओं के लिए बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन, विकास हेतु सूचना प्रौद्योगिकी ढांचा आदि जैसी प्रौद्योगिकी परियोजनाएं बनाई हैं.

ई- बिजनेस

आपके बैंक का ई- बिजनेस विभाग विभिन्न प्रकार के वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों जैसे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनेक्ट) आरटीजीएस/ एनईएफटी, फोन बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे आईपीपी आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त आपके बैंक का ई- बैंकिंग विभाग डिपोजिटरी सेवाएं, नकदी प्रबंधन सेवाएं व सोने के सिक्कों की ब्रिकी का कार्य भी देखता है. इस वर्ष बैंक ने लखनऊ व बड़ौदा में कान्टेक्ट सेंटर, मोबाइल बैंकिंग व प्रीपेड गिफ्ट कार्ड आदि की सफलतापूर्वक शुरूआत की. वित्त वर्ष -12 के दौरान ई- व्यवसाय गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार रहा -

एटीएम/डेबिट कार्ड परिचालन

विवरण	31.03.2011	31.03.2012
परिचालित एटीएम की संख्या	1,561	2,012
जारी डेबिट कार्डो की संख्या	62.71 लाख	80.44 लाख

बैंक के 104वें स्थापना दिवस पर 104 नए एटीएम का उदघाटन करते हुए श्री एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, साथ में हैं श्री एन. एस. श्रीनाथ, कार्यकारी निदेशक एवं श्री. पी. डी. सिंह, महाप्रबंधक (ई-बिजनेस)

वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक को एटीएम परिचालन हेतु नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से **बेस्ट बैंक इन पब्लिक सेक्टर कैटेगरी** का पुरस्कार प्राप्त हुआ.

बड़ौदा कनेक्ट (इंटरनेट बैंकिंग)

विवरण	31.03.2011	31.03.2012
प्रयोक्ताओं की संख्या	5,73,575	8,10,430
सम्बद्ध खातों की संख्या	21,90,700	32,49,216

वित्त वर्ष 2012 की नई पहलें

क) बैंकिंग पद्धति को सुरक्षित बनाने के लिए अगस्त 2011 में फ्रॉड मैनेंजमेंट सोल्यूशन (एफएमएस) कार्यान्वित की गई. पिछले दो महीनों में लेनदेनों में किसी भी कपटपूर्ण लेन-देन की रिपोर्ट नहीं मिली.

ख) जनवरी 2012 में बड़ौदा कनेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन एफडीआर की शुरूआत की गई.

बड़ौदा आरटीजीएस/ एनईएफटी

विवरण	2010-11		वित्त वर्ष 2012	
	आरटीजीएस	एनईएफटी	आरटीजीएस	एनईएफटी
आवक लेनदेनों की संख्या	13,98,612	34,24,515	16,62,070	61,37,139
जावक लेनदेनों की संख्या	19,25,969	14,88,661	21,47,527	29,48,252
औसत लेनदेन प्रतिदिन (आवक)	5,793	17,035	7,720	28,376
औसत लेनदेन प्रतिदिन (जावक)	7,235	8,015	9,338	13,211

बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं

- वित्त वर्ष 2012 के दौरान बीसीएमएस के कुल लेन-देन 14.19 लाख थे, इसका कुल टर्न ओवर रू.10,355 करोड़ रहा. इसने रू.1.39 करोड़ का लाभ अर्जित किया.
- ग्राहकों की संख्या जो 31 मार्च 2011 को 92 थी जो 31 मार्च 2012 को बढ़कर 206 हो गई.
- यह प्रस्ताव है कि इन सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से 100 और केन्द्रों तक बढ़ा दिया जाए.

बड़ौदा ई-गेटवे पेमेंट (इंटरनेट पेमेंट गेटवे)

- 31 मार्च 2011 तक इसके अंतर्गत 52 मर्चेंट का पंजीकरण किया गया था, 31 मार्च 2012 को यह पंजीकरण बढ़कर 124 हो गया और वित्त वर्ष 2012 के दौरान इसका कुल टर्न ओवर रू. 26.49 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2012 के दौरान इसने रू. 27.94 लाख का लाभ अर्जित किया.

सोने के सिक्कों की बिक्री

- आपके बैंक ने सोने के सिक्कों की बिक्री अक्तूबर, 2007 से शुरू की.
- वर्तमान में 2 ग्राम, 4 ग्राम, 5 ग्राम, 8 ग्राम, 10 ग्राम, 20 ग्राम और 50 ग्राम मूल्यवर्ग के सिक्के बेचे जा रहे हैं. वित्त वर्ष 2012 के दौरान 80,958 सिक्के बेचे गए, जिनका कुल वजन 668.45 किलो ग्राम था.
- वित्त वर्ष 2012 के दौरान इस गतिविधि से रू. 11.20 करोड़ का लाभ अर्जित हुआ.

वित्त वर्ष 2012 के दौरान आरंभ किए गए नए उत्पाद

1) मोबाइल बैंकिंग

वैकल्पिक डिलीवरी चैनल : मोबाइल बैंकिंग

2) प्री- पेड कार्ड

श्री. एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा बड़ौदा गिफ्टकार्ड का शुभारंभ. साथ में हैं श्री एन. एस. श्रीनाथ, कार्यकारी निदेशक एवं श्री पी. डी. सिंह, महाप्रबंधक (ई-बिजनेस)

3) लखनऊ और बड़ौदा में कांटेक्ट सेंटर

श्री. एम. डी. मल्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा बड़ौदा कांटेक्ट सेंटर का उद्घाटन

4) अलग-अलग तरह के विभिन्न डेबिट कार्ड
   क) विज़ा प्लेटिनम डेबिट कार्ड
   ख) मास्टर कार्ड 'काम्बी' गोल्ड डेबिट कार्ड

5) मैस्ट्रो पिन डेबिट कार्ड

बैंक द्वारा जारी विभिन्न क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड

शीघ्र प्रारंभ किए जानेवाले नए उत्पाद

1) विदेशी मुद्रा अंतर्राष्ट्रीय यात्रा कार्ड की शुरूआत.

2) मल्टीपल डिलीवरी चैनलों जैसे कि इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम वेबसाइट आदि के माध्यम से टॉप-अप, डीटीएच रिचार्ज, यूटिलिटी पेमेंट, टिकटिंग आदि जैसी मूल्य संवर्धित सेवाओं की शुरूआत.

3) ई- उत्पादों/ सेवाओं के माध्यम से नया/ अतिरिक्त व्यवसाय लाने हेतु वेब आधारित नकदी प्रबंधन, ई कॉमर्शियल पोर्टल अपने स्टाफ आदि के प्रतिभूति/पेरोल आदि सहित कार्पोरेट बिजनेस सोल्यूशन की शुरूआत.

4) डेबिट कार्ड के उपयोग व इससे संबंद्ध आय को बढ़ाने के लिए स्थापित निष्ठा एवं पुरस्कार कार्यक्रमों का आयोजन.

मानव संसाधन

हमारे बैंक के व्यवसाय रूपांतरण एवं इसकी परिचालन इकाईयों के कार्यनिष्पादन को बढ़ाने के समग्र प्रयासों में मानव संसाधन कार्यनीति की प्रमुख भूमिका रही है. मानव संसाधन कार्य का प्रमुख उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु कर्मचारियों की सक्षमता का उपयोग करना है. आपके बैंक के पास लगभग 42,175 सक्षम एवं अत्यधिक प्रोत्साहित स्टाफ सदस्य हैं, जो आपके बैंक के विशाल व्यवसाय परिचालन को बखूबी संभालें हुए हैं.

आपके बैंक ने प्रमुख अग्रणी बैंकों में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए वित्त वर्ष 2012 के दौरान कुछ प्रमुख मानव संसाधनों की पहल की है. इनमें से कुछ पहलें, जैसा कि नीचे उल्लिखित है, अपने आप में विशिष्ट और सम्पूर्ण बैंकिंग क्षेत्र के लिए एकदम नई है.

'बड़ौदा मनिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग' की शुरुआत

Baroda MANIPAL School of Banking

KNOWLEDGE YOU CAN BANK UPON

Manipal

Joint Initiative of Bank of Baroda and MANIPAL EDUCATION

आपके बैंक ने इस नवोन्मेषी संसाधन चैनल की शुरुआत 'मनिपाल ग्लोबल एज्यूकेशन सर्विसेज' के साथ समझौता कर, वित्त वर्ष 2012 में की. 'बड़ौदा मनिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग' सितम्बर 2012 से और इसके बाद प्रत्येक तिमाही में लगभग 180 पूर्णतः प्रशिक्षित अधिकारियों का बैच उपलब्ध करवाएगा, जिन्हें आपके बैंक की आवश्यकतानुसार अधिकारियों के विशिष्ट कार्यभार के अनुसार पदस्थापित किया जाएगा. ऐसे विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा की आवश्यकतानुरूप बैंक में लगाने से पूर्व बड़ौदा मनिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग में एक वर्षीय बैंकिंग एवं वित्त के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में पूर्णकालिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. ऐसे विद्यार्थी बैंक में पहले दिन, पहले घंटे में ही उत्पादकता के साथ प्रवेश करेंगे. यही इसका प्रमुख उद्देश्य है.

बड़ौदा मणिपाल स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डा. के. सी. चक्रवर्ती, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक

मानव संसाधन रूपांतरण प्रोजेक्ट - 'स्पर्श' की शुरूआत

SPARSH
Human Touch For Business Excellence

इस परियोजना की शुरूआत इस वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी एवं आपके बैंक के व्यवसाय रूपांतरण को सहयोग करने की दृष्टि से वर्तमान एच. आर. प्रक्रियाओं, संरचना एवं नीतियों को नया स्वरूप देने के लिए की गई. इस परियोजना के अंतर्गत प्रतिभा प्रबंधन, उत्तराधिकार आयोजना, वैज्ञानिक स्टाफिंग मॉडल एवं मानव शक्ति आयोजना और विकास एवं सक्षमता निर्माण, कार्यनिष्पादन प्रबंधन इत्यादि जैसी विभिन्न नवोन्मेषी पहलें की गईं.

एच. आर. प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन

आपके बैंक ने एक विस्तृत प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म तैयार किया है, जिसमें मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं हेतु मानव संसाधन नेटवर्क पेरोल एवं लीव मोडयूल्स सम्मिलित हैं यह प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म विभिन्न एच. आर. कार्यों के स्वत- निष्पादन में सक्षम है और इस वर्ष के दौरान इस पद्धति के अंतर्गत विभन्न मोडयूल्स के कार्यान्वयन पर कार्य जारी रहा.

सक्षमता निर्माण संबंधी एचआर पहलें

वित्त वर्ष 2012 के दौरान पर्याप्त प्रशिक्षित एवं विकास की गतिविधियां जारी रही- जिनमें 'सॉफ्ट स्किल' कार्यक्रमों के अलावा ऋण, फोरेक्स, डीलींग्स, शाखा प्रबंधन, आयोजना, जोखिम प्रबंधन आदि के क्षेत्र में विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्मिलित है. नए कार्य ग्रहण करनेवाले युवा अधिकारियों के छः माह के प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उनका समग्र विकास व प्रशिक्षत होना भी सुनिश्चित किया गया.

आपके बैंक ने (देश भर में कार्यरत 12 प्रशिक्षण केन्द्रों, एवं सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र व अहमदाबाद में स्थित शीर्ष प्रशिक्षण महाविद्यालय) इस वर्ष 2,334 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और इसमें 48,090 लोगों को प्रशिक्षित किया इसके अलावा आपके बैंक ने देश व विदेश के प्रतिष्ठित विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों में भी 1,221 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाया. आपके बैंक के सभी महाप्रबंधकों व उप महाप्रबंधकों को भारत के एक उत्कृष्ट बी- स्कूल अर्थात आईएसबी, हैदराबाद में आयोजित उच्च प्रबंधन कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त किया, जबकि एक अन्य पहल के अंतर्गत आपके बैंक ने संपूर्ण बैंक के 400 से अधिक लोगों को विशेष रूप से निर्धारण कर, नए भर्ती अधिकारियों के लिए 'मैंटर' के रूप में कार्य करने हेतु 'विशेष मेंटरिंग कार्यक्रम' में प्रशिक्षिण दिलवाया.

नेतृत्व विकास

लोगों में नेतृत्व क्षमता का निर्माण करने की अति आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने एक व्यापक नेतृत्व विकास कार्यक्रम **'प्रोजेक्ट उड़ान'** की शुरूआत की है, जिसमें सभी शहरी व महानगरी शाखाओं के शाखा प्रबंधकों तथा सहायक महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक सम्मिलित किए गए. इसका उद्देश्य भविष्य के 'लीडर्स' को तैयार करना है. इतना बड़ा व व्यापक नेतृत्व विकास प्रयास बैंकिंग उद्योग के लिए अतुलनीय व भारतीय बैंक में अपने आप में पहला प्रयास है.

BARODA next
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank
UDAAN
Flight to the top
DEVELOPING LEADERS FOR THE FUTURE

यह कार्यक्रम नेतृत्व के तीन मोडयूल्स 'लीडिंग सेल्फ', 'लीडिंग अदर्स' और 'लीडिंग बिजनेस' के आधार पर तैयार किया गया है और इनमें से प्रत्येक मोडयूल्स ऑफ साइट इवेंटस व कोचिंग क्लिनिक के समन्वय के जरिए सम्बोधित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में वित्त वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक के सात अंचलों के सात समूहों में 960 प्रतिभागियों को सम्मिलित किया गया व अगले वर्ष तीन समूहों में लगभग 460 से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित किया जाएगा.

भर्ती अभियान

आपके बैंक ने सेवानिवृत्ति की पूर्ति, व्यवसाय विकास को बनाए रखने व

तीव्र शाखा विस्तार के लिए वर्ष दर वर्ष आधार पर निरंतर प्रयास किए है. वर्ष के दौरान आपके बैंक की श्रम शक्ति की आवश्यकता की समस्या को दूर करने के लिए भर्ती के लिए विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया गया. वर्ष के दौरान आपके बैंक की दोनों ही तरह की जरूरतों - सामान्य रूप से नौकरी छोड़कर जानेवालो की जगह भरने व व्यवसाय विकास की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से भारी संख्या में विशेषज्ञ अधिकारियों, परिवीक्षाधीन अधिकारियों, प्रतिष्ठित व्यावसायिक स्कूलों से सीधे कैम्पस भर्ती के माध्यम से युवा एमबीए अधिकारियों की भर्ती की शुरूआत की. आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों / वेतनमानों में 1726 अधिकारी (सामान्य और विशेषज्ञ श्रेणी दोनों) 1395 लिपिक और 629 अधीनस्थ संवर्ग के स्टाफ सदस्यों की भर्ती की. अन्य 125 नए कार्मिक कार्यग्रहण की प्रक्रिया में हैं. इस तरह से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान कुल 3875 नए कर्मचारी भर्ती किए. भर्ती की यह प्रक्रिया वर्ष 2012-13 के दौरान भी जारी है, और साथ ही अधिकारियों ने लगभग 1000 पदों और लिपिकों के 2000 पदों को भरने की भर्ती प्रक्रिया चल रही है.

कैरियर विकास हेतु रूप-रेखा

तीव्र कैरियर विकास हेतु कर्मचारियों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विशेष प्रयास किए गए जिनके द्वारा कर्मचारियों को उच्च उत्पादकता हेतु प्रोत्साहित किया गया. अपने श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन करनेवाले कर्मियों को पुरस्कृत करने और बड़ी जिम्मेदारियों के प्रति आकर्षित करने हेतु आपका बैंक प्रतिवर्ष बिना किसी रुकावट के सभी श्रेणियों/वेतनमानों में लोगों को नियमित रूप से पदोन्नत कर रहा है. इस प्रवृत्ति को बनाये रखते हुए वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान भी बड़े पैमाने पर पदोन्नति प्रक्रिया शुरु की गई जिनके परिणाम नीचे दिये गये हैं.

सब स्टाफ से लिपिक	207
लिपिक से अधिकारी	450
क.प्र.श्रे - I से म.प्र.श्रे - II (अधिकारी से प्रबंधक)	600 रिक्तियां भरने का कार्य प्रगति पर हैं.
म.प्र.श्रे - II से म.प्र.श्रे - III (प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक)	500 रिक्तियां भरने का कार्य प्रगति पर हैं.
म.प्र.श्रे. - III से व.प्र.श्रे - IV (वरिष्ठ प्रबंधक से मुख्य प्रबंधक)	275 रिक्तियां भरने का कार्य प्रगति पर हैं.
व.प्र.श्रे - IV से व.प्र.श्रे - V (मुख्य प्रबंधक से स. महाप्रबंधक)	85
व.प्र.श्रे - V से सर्वोच्च का. प्र. श्रे - VI (स. महाप्रबंधक से उप महाप्रबंधक)	28
सर्वोच्च का. प्र. श्रे - VI से सर्वोच्च व. प्र. श्रे - VII (उप महाप्रबंधक से महाप्रबंधक)	11

अनु. जाति./ अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया.

आपका बैंक अनु. जाति./ अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगो के विकास और कल्याण के लिए संवैधानिक हितों और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है. आपका बैंक संपूर्ण बैंकिंग उद्योग में उन बैंकों में से एक है, जिसमें सबसे अधिक संख्या में अनु. जाति./ अनु. जनजाति के लोग कार्यरत हैं, जो इनके विकास एवं कल्याण के प्रति बैंक की वचनबद्धता प्रदर्शित करता है. अनु. जाति./ अनु. जनजाति के लोगों के विकास और उनके कल्याण के लिए बैंक द्वारा किए गए कुछेक प्रयासों की जानकारी नीचे दी गई है:-

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों के विकास पर विशेष बल

बैंक समाज के एससी/एसटी एवं अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े व्यक्तियों के विकास एवं कल्याण संबंधी संवैधानिक उपबंधों एवं सामाजिक उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है. हमारा बैंक पूरे बैंकिंग उद्योग में उन चुनिंदा बैंकों में से एक है जिसके पास एससी एवं एसटी संवर्ग से जुड़े अधिकतम कर्मचारी हैं, जिससे बैंक की इस वर्ग के विकास एवं उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है. बैंक द्वारा एससी एवं एसटी लोगों के विकास एवं कल्याण के संबंध में किए गए प्रयासों का संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया गया है.

नौकरियों में आरक्षण

बैंक अपनी अखिल भारतीय एवं स्थानीय भर्ती योजनाओं में भारत सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण के संबंध में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. अखिल भारतीय नियुक्तियों में 15% पद अनुसूचित जातियों के लिए तथा 7.5% पद अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित किए जाते हैं. क्षेत्रीय आधार पर की गई अन्य भर्तियों में विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित उपयुक्त प्रतिशत का अनुपालन किया जा रहा है.

बैंक में भर्ती के संबंध में एससी/एसटी आवेदकों के लिए भर्ती पूर्व ओरिएंटेशन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं. आयु सीमा एवं योग्यता में उपयुक्त रियायत प्रदान की जाती है. एससी/एसटी अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में भी रियायत बरती जाती है ताकि आरक्षित पदों पर नियुक्ति हो सके. भर्ती हेतु समीक्षा पैनल में अनिवार्य रूप से एक एससी/एसटी सदस्य शामिल किया जाता है. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए एससी/एसटी अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है. नौकरी में आरक्षण देने के अलावा बैंक विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुरूप एससी/एसटी कर्मचारियों के कैरियर विकास एवं पदोन्नति के संबंध में आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करता है. पदोन्नति प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं. बैंक के उपलब्ध आवासों में एससी/एसटी के लिए 10% का आरक्षण किया गया है.

31 मार्च 2012 को स्टाफ शक्ति एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार रहा:

कैडर	कुल	एससी	एससी %	एसटी	एसटी %
अधिकारी	16,953	2,936	14.76	1,159	6.84
लिपिक	16,448	2,428	17.32	1,070	6.51
सब स्टाफ	8,046	2,845	35.36	733	9.11
कुल	41,447	8,209	19.81	2,962	7.15

अनुसूचित जाति/जनजाति कक्ष

बैंक में आरक्षण तथा एससी/एसटी कर्मचारियों के लिए अन्य सम्बद्ध प्रावधानों की निगरानी के लिए एक विशेष एससी/एसटी कक्ष कार्यरत है. महाप्रबंधक स्तर का एक कार्यपालक एससी/एसटी के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी है जो एससी/एसटी कर्मचारियो से संबंधित विविध दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं. बैंक के प्रत्येक अंचल में एससी/एसटी हेतु एक संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अंचल के एससी/एसटी कर्मचारियों के सभी मामलों एवं शिकायतों के निपटारे की स्थिति की देखरेख करता है.

